RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 258
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



चाय पेय पदार्थ मात्र ही नहीं

पेज - 11

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,143 | 207 | |
| निफ्टी | 18,210 | 57 | |
| सोना | 46,747 | 244 | /10 gm |
| चांदी | 63,489 | 654 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.01°C
न्यूनतम 16.01°C

## क्विक न्यूज

### अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**भुवनेश्वर।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने बुधवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली अपनी अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक, यह टेस्ट ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप पर हुआ। इस मिसाइल में तीन स्टेज में संचालित होने वाला सॉलिड फ्यूल इंजन लगाया गया है। अग्नि-5 पांच हजार किलोमीटर तक सटीक मार करने की क्षमता रखती है।

### 6000 करोड़ के भुगतान घोटाले में छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा में 2015 में पकड़े गए 6000 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा भुगतान घोटाले (REMITTANCE SCAM) में सीबीआई ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच एजेंसी ने आज 14 ठिकानों पर छापे भी मारे। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी ने बताया कि इस मामले में 12 दिसंबर 2015 को बैंक आफ बड़ौदा के तत्कालीन एजीएम और विदेशी मुद्रा अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुधवार को तनुज गुलाटी, ईश भूटानी, उज्जवल सूरी, हनी गोयल, साहिल वाधवा व राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। केस की चल रही जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए इन्हें पकड़ा गया है।

### दिल्ली के छठे सीरो सर्वे में 90 फीसद में एंटीबॉडी मिली



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कराए गए छठे सीरो सर्वेक्षण में शामिल 90 फीसदी से अधिक लोगों में कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी पाई गई है। सरकार को बुधवार को सौंपी गई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, इसका मतलब यह है कि दिल्ली को महामारी की दूसरी लहर जैसी तबाही मचाने वाली किसी अन्य लहर का सामना तब तक नहीं करना पड़ेगा, जब तक कि वायरस का कोई अन्य गंभीर स्वरूप सामने नहीं आता।

### आर्यन खान को नहीं मिली जमानत, आज फिर सुनवाई

**मुंबई।** ड्रग्स केस में करीब तीन घंटे की सुनवाई के बाद भी बुधवार को फैसला नहीं हो सका। बॉम्बे हाई कोर्ट ने आर्यन खान की जमानत याचिका पर सुनवाई 28 अक्टूबर तक के लिए टाल दी है। आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा की तरफ से दलीलें रखी जा चुकी हैं। अब गुरुवार को एनसीबी की तरफ से एएसजी अनिल सिंह जिरह करेंगे। एनसीबी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में दिए गए अपने हलफनामे में आर्यन का संबंध अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडीकेट से बताते हुए उनकी जमानत का विरोध किया है।

### लाहौल में बर्फबारी, शिमला में बारिश के साथ गिरे ओले

**शिमला।** हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बुधवार को ताजा बर्फबारी हुई। राजधानी शिमला में दोपहर बाद करीब आधा घंटा बादलों की गड़गड़ाहट के बीच झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। लाहौल सहित कई क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम मिलाजुला बना रहा। कई जिलों में हल्के बादल छाए रहने के साथ धूप खिली। प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी दर्ज हुई। प्रदेश में 31 अक्टूबर तक मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में दो नेशनल हाईवे सहित 21 सड़कों पर यातायात ठप रहा।

# दो दिवसीय हरियाणा-अफ्रीका कनक्लेव आज से

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में औद्योगिक पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पहली बार दो दिवसीय हरियाणा-अफ्रीका कनक्लेव आयोजन कर रही है। बृहस्पतिवार से चंडीगढ़ में होने वाले इस आयोजन के माध्यम से सरकार अफ्रीकन देशों को पूंजी निवेश के लिए हरियाणा में आने के लिए तैयार करेगी। वर्तमान में भी कई अफ्रीकन देश ऐसे हैं, जिनके द्वारा हरियाणा में अपना कारोबार किया जा रहा है। हरियाणा की मनोहर सरकार द्वारा गठित किए गए विदेश सहयोग विभाग द्वारा यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया जा रहा है।

**विश्व के 18 देशों के राजदूत होंगे शामिल**

**चार सत्रों में होगा कनक्लेव का आयोजन**

### शिक्षा, प्रौद्योगिकी और उद्योग में अपार संभावनाएं

अफ्रीकी देशों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के लिए आते हैं। इनमें प्रमुख रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, गुरु जंभेश्वर, एमडीयू व अशोका विश्वविद्यालय शामिल हैं। इस स्थिति को देखते हुए अफ्रीकी देशों से विद्यार्थियों के दाखिले का ग्राफ बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आईटी हब गुरुग्राम सहित अन्य जिलों में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं।


**इन देशों को दिया गया है न्योता:** हरियाणा-अफ्रीका कनक्लेव सीरीज के लिए मध्य-पूर्व अफ्रीका के 18 देशों को न्योता दिया गया है। इनमें युगांडा, मॉरीशस, यूथोपिया, मिस्र, कीनिया, कांगो, घाना, मोलाबी, नाइजीरिया व दक्षिणी अफ्रीका इत्यादि देशों को न्योता दिया गया है। विदेशी राजदूतों को हरियाणा के उत्पादों व उपलब्धियों के बारे में प्रदर्शनी के जरिये भी बताया जाएगा। प्रमुख रूप से हारट्रोन, खेल, हैफेड, कृषि, उद्योग विभाग के स्टाल लगाए जाएंगे।

सरकार ने इस दो दिवसीय कनक्लेव में शामिल होने के लिए कई अफ्रीकन देशों के राजदूतों को न्योता दिया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अफ्रीकी राजदूतों के साथ सीधा संवाद करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में रोड मैप पेश करेंगे। हरियाणा में व्यापार बढ़ाने में सिंगल विंडो सिस्टम कारगर साबित हो रही है। विदेशी निवेशक सरकार के इस सिस्टम के मुफीद हैं। लिहाजा सरकार ने यूरोपीय देशों के साथ अब अफ्रीकी देशों के साथ व्यापारिक समझौते की ओर कदम बढ़ाया है। पहली बार हरियाणा सरकार विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों की सरकारों के साथ सीधा संबंध स्थापित कर रही है। सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, उद्योग, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

इसका उद्घाटन राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित केंद्रीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। समापन सत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और विदेशों से आए हुए प्रतिनिधियों के समक्ष हरियाणा की औद्योगिक नीति पर चर्चा करेंगे। बताएंगे और व्यापार को बढ़ाने के लिए राजदूतों के साथ मंथन किया जाएगा। पर्यटन, उद्योग, हैफेड, कृषि विभाग के अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र की प्रस्तुति देंगे।

# नीरज समेत 11 खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**नेशनल** स्पोर्ट्स अवॉर्ड कमेटी ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा सहित 11 खिलाड़ियों का नाम साल 2021 के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के लिए प्रस्तावित किया है। इनमें पांच पैराएथलीट्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाते हैं

नीरज के अलावा इस लिस्ट में रवि दहिया (कुश्ती), पीआर श्रीजेश (हॉकी), लवलिना बोरगोहेन (बॉक्सिंग), सुनील क्षेत्री (फुटबॉल), मिताली राज (क्रिकेट), प्रमोद भगत (बैडमिंटन), सुमित अंटिल (बैडमिंटन), अवनि लेखरा (शूटिंग), कृष्णा नागर (बैडमिंटन) और एम नरवाल के नाम मौजूद हैं। कमेटी ने 35 खिलाड़ियों के नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया है। इन 35 खिलाड़ियों में क्रिकेटर शिखर धवन का नाम भी शामिल है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई, कहा

# राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती सरकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी मामले की जांच करवाने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुना दिया है। अदालत ने जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया है, जो सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आर वी रवींद्रन की अध्यक्षता में काम करेगी। इस कमेटी से कहा गया है कि पेगासस से जुड़े आरोपों की तेजी से जांच कर रिपोर्ट सौंपे। अब आठ हफ्ते बाद फिर इस मामले में सुनवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें सरकार ने अपना एक्सपर्ट पैनल बनाने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा है कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की सिर्फ बात करने से अदालत मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाने पर सरकार को हर बार छूट नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह कमेंट इसलिए किया, क्योंकि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर एफिडेविट में ज्यादा डिटेल देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती और इसे हौवा नहीं बनाया जा सकता, जिसका जिक्र होने मात्र से न्यायालय खुद को मामले से दूर कर ले।'

कोर्ट ने ये भी कहा है कि देश के हर नागरिक की निजता की रक्षा होनी चाहिए। इस मामले में केंद्र ने जो सीमित एफिडेविट दिया है, वह साफ नहीं है और पर्याप्त नहीं हो सकता। हमने सरकार को डिटेल देने का पर्याप्त मौका दिया, लेकिन बार-बार कहने के बावजूद उन्होंने एफिडेविट में स्थिति साफ नहीं कि अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई है। अगर वे स्पष्ट कर देते तो हमारा बोझ कम हो जाता। पेगासस मामले की तीन सदस्यीय जांच कमेटी में पूर्व आईपीएस अफसर आलोक जोशी और इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टैंडर्डाइजेशन सब-कमेटी के चेयरमैन डॉ. संदीप ओबेरॉय भी शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही तीन सदस्यीय टेक्निकल कमेटी भी बनाई गई है। इसमें साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल फोरेंसिंक के प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार चौधरी, इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. प्रभाकरन पी और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अश्विन अनिल गुमस्ते के नाम हैं।

बता दें कि पेगासस मामले में कई पत्रकारों और एक्टिविस्ट ने अर्जियां दायर की थीं। इनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में जांच करवाई जाए। पिटीशनर्स ने ये भी कहा था कि मिलिट्री ग्रेड के स्पाइवेयर से जासूसी करना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। पत्रकारों, डॉक्टर्स, वकील, एक्टिविस्ट, मंत्रियों और विपक्षी दलों के नेताओं के फोन हैक करना बोलने की आजादी के अधिकार से समझौता करना है।



### क्या है पेगासस विवाद

**खोजी** पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय ग्रुप का दावा है कि इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस से 10 देशों में 50 हजार लोगों की जासूसी हुई। भारत में भी 300 नाम सामने आए हैं, जिनके फोन की निगरानी की गई। इनमें सरकार में शामिल मंत्री, विपक्ष के नेता, पत्रकार, वकील, जज, कारोबारी, अफसर, वैज्ञानिक और एक्टिविस्ट शामिल हैं।

**कैसे काम करता है पेगासस:** साइबर सिक्योरिटी रिसर्च ग्रुप सिटीजन लैब के मुताबिक, किसी डिवाइस में पेगासस को इंस्टॉल करने के लिए हैकर अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। एक तरीका ये है कि टारगेट डिवाइस पर मैसेज के जरिए एक 'एक्सप्लॉइट लिंक' भेजी जाती है। जैसे ही यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, पेगासस अपने आप फोन में इंस्टॉल हो जाता है। 2019 में जब वॉट्सऐप के जरिए डिवाइसेस में पेगासस इंस्टॉल किया गया था, तब हैकर्स ने अलग तरीका अपनाया था। उस समय हैकर्स ने वॉट्सऐप के वीडियो कॉल फीचर में एक कमी (बग) का फायदा उठाया था। हैकर्स ने फर्जी वॉट्सऐप अकाउंट के जरिए टारगेट फोन पर वीडियो कॉल किए थे। इसी दौरान एक कोड के जरिए पेगासस को फोन में इंस्टॉल कर दिया गया था।

### किस-किस पर हुआ पेगासस का इस्तेमाल, जवाब दे सरकार: राहुल

पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। राहुल ने केंद्र से सवाल पूछा कि वो बताए कि इसका डेटा किस-किस के पास गया है। राहुल ने कहा, हमने पिछले संसद सत्र में भी ये मामला उठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले पर टिप्पणी की है, जिसके बाद हमें उम्मीद है कि सच जल्द सामने आएगा। राहुल ने कहा, पेगासस का मामला देश के लोकतंत्र पर एक आक्रमण है। संसद में हमने तीन सवाल उठाए थे। हमने पूछा था कि इसे किसने खरीदा था, किस-किस के फोन टैप किए गए थे और किन-किन पर इसका इस्तेमाल हुआ? क्या इसका डाटा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को मिल रहा था? एक सूची आई थी जिसमें चीफ जस्टिस, पूर्व प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, भाजपा नेताओं व कई विपक्षी नेताओं के नाम थे।

### भ्रम और राहुल का गहरा रिश्ता, झूठ बोलना उनकी पुरानी आदत: पात्रा

पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद कांग्रेस और भाजपा में घमासान छिड़ गया है। पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे लेकर सरकार और भाजपा को घेरा, फिर भाजपा की तरफ से संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने राहुल को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह बार-बार झूठ दोहराते हैं। पात्रा ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय को लेकर राहुल गांधी ने फिर उन्हीं शब्दों का उच्चारण किया, जो वो हमेशा करते हैं। भ्रम और राहुल का गहरा रिश्ता रहा है। झूठ बोलना, भ्रम फैलाना ये राहुल गांधी की आदत रही है। पात्रा ने कहा कि सरकार के हलफनामे के मुताबिक, विशेषज्ञ कमेटी इस मामले की जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बुधवार को ये कमेटी बनी है और मामले की जांच करेगी। भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूरी तरह विश्वास रखती है।

# बाजार में आठ नवंबर को खुलेगा पेटीएम का आईपीओ

**18 को हो सकती है एक्सजेंज में शेयर्स की लिस्टिंग**

**एजेंसी।** मुंबई

**मर्चेंट** पेमेंट कंपनी पेटीएम के आईपीओ की तारीख तय हो गई है। सब्सक्रिप्शन के लिए पेटीएम का आईपीओ आठ नवंबर को खुलेगा और 10 को बंद हो जाएगा। इसके बाद 18 नवंबर को शेयर्स स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हो सकते हैं। यह देश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होने जा रहा है।

स्टॉक एक्सचेंज पर पेटीएम के शेयर वन97 कम्युनिकेशन के नाम से लिस्ट होंगे। वन97 कम्युनिकेशन पेटीएम की ही पैरेंट कंपनी है। वहीं पेटीएम ने अपना आईपीओ साइज भी 16,600 करोड़ से बढ़ाकर 18,300 करोड़ रुपये कर दिया है। पेटीएम की ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए 10 हजार करोड़ रुपये, जबकि नए शेयर (आईपीओ) के जरिए 8300 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। पेटीएम का पहले नए शेयर और ऑफर फॉर सेल के जरिए बराबर रकम जुटाने का प्लान था, लेकिन कंपनी ने आईपीओ बाजार में दिख रहे उत्साह के कारण ऑफर फॉर सेल से जुटाई जाने वाली रकम को 2 हजार करोड़ रुपये और बढ़ा दिया है। ऑफर फॉर सेल का मतलब होता है कि कंपनी के मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी आईपीओ में बेचेंगे।

ओएफएस में कंपनी के शीर्ष अधिकारी शेखर शर्मा 402 करोड़ के शेयर बचेंगे। एंटफिन अपने पास मौजूद 4,704 करोड़ रुपये के शेयर खुले बाजार में बेचेगी। चीन का अलीबाबा ग्रुप अपनी हिस्सेदारी में से 784 करोड़ रुपये के शेयर निकालेगा। वहीं इसके अलावा कई और कंपनियां भी आईपीओ में पेटीएम में से अपनी हिस्सेदारी बेचेंगी।



**18,3000 करोड़ रुपये जुटाएगी पेटीएम इश्यू से**

### 2010 में कोल इंडिया ने जुटाए थे 15,299

पेटीएम से पहले कोल इंडिया सबसे बड़ा आईपीओ लाई थी। कोल इंडिया ने 2010 में आईपीओ के जरिए 15,299 करोड़ जुटाए थे। हालांकि पेटीएम का रिकॉर्ड बहुत ज्यादा दिन तक नहीं रहने वाला है, क्योंकि इसी वित्त वर्ष में एलआईसी अपना आईपीओ लेकर आने वाली है। इसके जरिए एलआईसी 80 हजार करोड़ से 1 लाख करोड़ रुपये की रकम जुटा सकती है। नवंबर महीना भारतीय आईपीओ बाजार के लिहाज से अब तक सबसे ज्यादा रकम जुटाने के मामले में टॉप पर होगा। नवंबर की शुरुआत 3 आईपीओ से हो रही है। एक नवंबर को पॉलिसी बाजार के साथ दो और कंपनियां करीब 6,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। वहीं, पेटीएम इसी महीने में 18,300 करोड़ रुपये जुटाएगी। ऐसे में इन चार आईपीओ से ही नवंबर में करीब 25 हजार करोड़ रुपये की रकम जुटाई जाएगी।

### एनसीबी टीम ने वानखेड़े से की 4 घंटे तक पूछताछ

**मुंबई।** आर्यन खान गिरफ्तारी मामले में चर्चा में आए एनसीबी के जोनल डॉयरेक्टर समीर वानखेड़े से बुधवार को एनसीबी अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की। एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने जानकारी दी कि इस दौरान वानखेड़े ने अधिकारियों को दस्तावेज भी सौंपे। जरूरत पड़ने पर उनसे आगे की पूछताछ भी की जाएगी। जब तक कि उनके खिलाफ लगे आरोपों का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिलता वह क्रूज शिप ड्रग्स मामले में जांच अधिकारी बने रहेंगे। ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि बुधवार को हमने करीब चार घंटे तक समीर वानखेड़े का बयान दर्ज किया। उन्होंने टीम के सामने कई बातें रखीं। अगर जरूरी हुआ तो उनसे और दस्तावेज व सबूत मांगे जाएंगे।

# नई पार्टी बनाएंगे कैप्टन अमरिंदर, जल्द करेंगे घोषणा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को अपनी नई पार्टी बनाने का एलान किया है। वे अपनी पार्टी के नाम की घोषणा जल्द करेंगे। कैप्टन ने कहा कि उनकी पार्टी 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए दूसरे दलों के साथ गठबंधन करेंगे या खुद अपनी पार्टी की बदौलत लड़ेंगे।

कैप्टन के कांग्रेस छोड़ने से पहले कई बार पार्टी में टूट हो चुकी है। पहले भी कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी छोड़कर अपनी अलग राह पकड़ी है। कुछ किसी दूसरे दल में शामिल हो गए तो कुछ ने नई पार्टी बना लीं।



आजादी के बाद कांग्रेस से टूटकर 50 पार्टियां बन चुकी हैं। इनमें से कई खत्म हो चुकी हैं, जबकि कुछ आज भी अस्तित्व में हैं। जिन नेताओं ने कांग्रेस से अलग होकर अपनी नई पार्टी बना ली, जरुरी नहीं कि सबकी राह आसान रही हो। लेकिन कुछ नाम ऐसे हैं, जिन्होंने न केवल अलग पार्टी बनाने का जोखिम उठाया बल्कि हर चुनौती भी स्वीकार की।

# ऐलनाबाद में चुनावी प्रचार बंद

**कांग्रेस प्रत्याशी को केवल कुमारी सेलजा का सहारा**
**गठबंधन प्रत्याशी को सीएम के दौरों ने दिलाई मजबूती**
**चौटाला के दम पर इनेलो को फिर से जीत की उम्मीद**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**ऐलनाबाद** विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए बुधवार को चुनाव प्रचार बंद हो गया। अब प्रत्याशी दो दिन तक मतदाताओं के साथ सीधा संपर्क करते हुए उनके घरों में दस्तक देंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस, भाजपा और इनेलो के तमाम नेताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। ऐलनबाद में 30 अक्टूबर को मतदान होना है।

यह पहला मौका है, जब चुनाव आयोग ने प्रचार के लिए एक दिन का समय कम कर दिया है। अब यहां के प्रत्याशी बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार को किसी तरह की रैली और जलसा आदि नहीं करेंगे। ऐलनाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए एक बार फिर से तिकोणा मुकाबला बन गया है। यहां इनेलो की सीट पर अभय चौटाला, कांग्रेस से पवन बैनीवाल तथा भाजपा-जजपा गठबंधन की तरफ से गोविंद कांडा चुनाव मैदान में हैं। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी भाजपा तथा कांग्रेस के कई स्टार प्रचारक ऐसे हैं, जिन्होंने यहां के प्रचार में हिस्सा नहीं लिया।

### बैनीवाल को टिकट दिलाने में सेलजा की अहम भूमिका

ऐलनाबाद के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को केवल प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सेलजा का ही सहारा है। पवन बैनीवाल को भाजपा से कांग्रेस में शामिल करवाने और उन्हें टिकट दिलवाने में सेलजा की भूमिका अहम रही है। सेलजा सिरसा से पहले सांसद रह चुकी हैं। चुनाव प्रचार शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक सेलजा ने इस चुनाव को अपने कंधों पर खींचा है।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा से अधिक समय हिमाचल के उपचुनाव को दिया है। भूपेंद्र सिंह और उनके सांसद बेटे दीपेंद्र हुड्डा ने यहां पार्टी प्रत्याशी के प्रचार के माध्यम से अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। हुड्डा गुट के विधायक भी ऐलनाबाद में केवल औपचारिकता पूर्ण करते नजर आए। हुड्डा की अनुपस्थिति में दीपेंद्र प्रचार के लिए गए तो अपने गुट के विधायकों और पूर्व विधायकों का शक्ति प्रदर्शन ही किया।





### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के एंट्री से भाजपा को मिली मजबूती

सत्तारूढ़ भाजपा ऐलनाबाद में प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार तक विवादों में घिरी रही है। भाजपा प्रत्याशी को शुरुआती दौर में कई जगह विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और पूर्व अध्यक्ष सुभाष बराला के मोर्चा संभालते ही स्थितियां सामान्य हुई। प्रचार के अंतिम दो दिनों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चुनावी जनसभाओं के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी को मजबूती दिलवाई। विपक्ष के विरोध के बावजूद भाजपा ऐलनाबाद के 76 गांवों में सौ के करीब जनसभाएं करने में कामयाब हो गई। शुरुआती दौर में जिस तरह से भाजपा का गांवों में विरोध था वह अंत तक समाप्त हो गया। जिसने भाजपा को यहां मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### इनेलो का गढ़ रहा है ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र

ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र शुरू से इनेलो का गढ़ रहा है। ओम प्रकाश चौटाला ने भी अपना पहला चुनाव ऐलनाबाद से ही जीता था। उस समय भी यहां उपचुनाव था। इससे पहले भी अभय चौटाला ही यहां के विधायक थे। ऐलनाबाद में इनेलो को ओम प्रकाश चौटाला का ही सहारा रहा है। इनेलो की तरफ से चौटाला ने ही स्टार प्रचारक की भूमिका निभाई है। 86 साल की उम्र में भी ओम प्रकाश ने पार्टी को खड़ा करने और बेटे को दोबारा विधानसभा में भेजने के लिए रोजाना यहां के एक दर्जन गांव में जनसभाएं की हैं। इनेलो को प्रदेश में दोबारा खड़ा करने और ऐलनाबाद में फिर से सत्ता तक पहुंचाने में अभय से अधिक चौटाला की भूमिका अहम रहेगी।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

## शहर का तापमान

- अधिकतम 29.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 16.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- एनएच-पांच एल स्थित गुरूद्वारे में वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9.30 बजे
- कार्तिक माह को लेकर मंदिरों में प्रभात फैरी: सुबह 5 बजे
- बाल भवन में एकल ज्ञान व समुह गान प्रतियोगिता : सुबह 11 बजे

## निवेश गुरु

**एनपीएस** में निवेश का लचीलापन इसके आकर्षण में से एक है। इसमें निवेश की कोई उच्चतम सीमा तय नहीं है यानी आप अपनी सुविधा के साथ इसमें निवेश कर सकते हैं। जबकि टैक्स छूट के अन्य विकल्पों में अधिकतम निवेश की सीमा तय होती है। यह इकलौती ऐसी निवेश योजना है जिसमें स्वरोजगार करने वाले पति-पत्नी दोनों निवेश कर सकते हैं और इसमें अलग-अलग टैक्स छूट ले सकते हैं। इसमें निवेश से उन्हें अधिक से अधिक राशि जमा करने और ऊंचे ब्याज का लाभ मिलता है। जब वह काम करना बंद करना चाहेंगे तब उनके पास बडी राशि होगी।

## यूटीलिटी न्यूज

### वार्डों में चलाया सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव के निर्देशानुसार नगर निगम अधिकारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के मद्देनजर अनेक वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार डिवीजन-1 वार्ड-6 के अटल चौक में बंद सीवरेज की सफाई करके उसे खोला गया, वार्ड-7 में संजोग गार्डन तथा राजीव कालोनी, समयपुर रोड पर बने नाले की सफाई की गई। वार्ड-8 के सब्जी मण्डी के पास बना नाला, 60 फुट रोड, कपड़ा कालोनी, दुर्गा मंदिर, गली नंबर-1, वार्ड-9 में भडाना चौक, सुभाष चौक, नंगला इंक्लेव पार्ट-2 में पड़ने वाले नालों की जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली की सहायता से निगम अधिकारियों ने साफ करवाया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सेक्टर-55 में मकान नंबर-800 और 100 वाली लाईनों में पानी की लीकेज को दुरूस्त करने के साथ साथ अन्य कई स्थानों सीवर लाइनों को साफ किया गया।

## क्विक न्यूज

### सांस्कृतिक संध्या 31 को

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्थानीय सेक्टर-12 के सभागार में 31 अक्टूबर की शाम को हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में हरियाणवी सांस्कृतिक विधा के साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने दी। उपायुक्त ने आजादी अमृत तहोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों के मद्देनजर हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन की वीसी के बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद वीर योद्धाओं की भूमि है और ऐसे वीर योद्धाओं को स्मरण करते हुए आगामी 31 अक्टूबर को आजादी अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शुभ्र ज्योत्सना के लाभपात्रों सहित जिलाभर के उन शहीदों के परिजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी : निगम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही है जनता

### भूमिगत लाइन डालने के दौरान हादसे होने पर भी सबक नहीं लेते अधिकारी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**विदेशों** की तर्ज पर शहर को स्मार्ट बनाने के लिए एक तरफ प्रदेश और केंद्र सरकार पैसा पानी की तरह बहा रही है। लेकिन शहर को स्मार्ट बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास जमीनी स्तर पर कोई योजना नहीं है। स्मार्ट बनाने की दिशा में शहर में ज्यादातर लाइनों को भूमिगत किया जा रहा है। वहीं कई निजी कंपनियों द्वारा भी भूमिगत लाइनें डाली जा रही है। लेकिन इन लाइनों को डालने के दौरान किसी के पास भी पहले से डाली गई लाइनों का नक्शा नहीं होता। ऐसे में अंदाजे से लाइनों की खुदाई करते समय अक्सर वहां से गुजर रही पानी अथवा पीएनजी गैस की पाइप लाइनें आए दिन फटती रहती हैं। जिसके कारण शहर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस लापरवाही का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। हाल ही में गत शनिवार को आयशर कंपनी के सामने सीवर लाइन डालने के लिए जेसीवी से अवैध रूप से खुदाई करते समय पीएनजी पाइप लाइन फट गई। गनीमत यह रहा कि आग नहीं लगी, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन घटना का खामियाजा आसपास स्थित कई कालोनियों के लोगों को उठाना पड़ रहा है। इस दौरान पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पिछले पांच दिनों से पानी की सप्लाई ठप है।



सीवर लाइन डालने के लिए आयशर कंपनी के सामने की गई थी खुदाई।



इन गलियों में सीवर लाइन ओवरफ्लो होने पर करवाई जा रही थी खुदाई।

### नहीं सुनते निगम अधिकारी

**निगम** की तरफ से आज तक ऐसा कोई नंबर जारी नहीं किया गया, जिस पर कॉल करने पर तुरंत समस्या का समाधान अथवा कार्रवाई हो सके। निगम द्वारा बनाए गए ऐप 311 पर शिकायत करने पर समाधान की बजाए सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति ही हो रही है। संबंधित अधिकारी आम जनता के फोन इतनी आसानी से उठाते नहीं हैं। ऐसे में आम लोग खुद ही समस्या का समाधान करने में जुट जाते हैं। हाल ही आयशर कंपनी के सामने हुआ हादसा इसी का परिणाम था। आयशर कंपनी ठीक सामने गलियों में छोटे छोटे कारखाने चल रहे हैं। पिछले दिनों इस इलाके में सीवर लाइन जाम हो गई थी। जिसके कारण सीवर का गंदा पानी बाहर बह रहा था। समस्या से परेशान होकर इन कारखानों के संचालक ने मिलकर लाइन की खुदाई करवाने का निर्णय लिया था। जिसके तहत निजी प्लंबर द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई करवाई जा रही थी। तभी जेसीबी के पंजे से पीएनजी पाइप लाइन फट गई और गैस लीक होने लगी। अनुमति न होने के कारण घटना के बाद बचने के लिए सभी लोग मौके से फरार हो गए।

### जनता भुगत रही खामियाजा

**आयशर** कंपनी के सामने सीवर लाइन खुदाई के दौरान पीएनजी पाइप लाइन फटने के बाद गैस बड़ी तेजी के साथ लीक हो रही थी। गनीमत यह रहा कि गैस में आग नहीं लगा। वर्ना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। क्योंकि आसपास घनी आबादी होने के साथ साथ बिजली के ट्रांसफार्मर भी लगे हुए है। लेकिन इस घटना के बाद आसपास के कई इलाकों के लोगों को इसका खामियाजा भुगतने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस घटना के दौरान पानी की पाइप लाइट फटने की बात भी सामने आ रही है। जिसके कारण जवाहर कालोनी और आसपास के कई इलाकों में उसी दिन से पानी की सप्लाई बंद पड़ी हुई है। लगातार पांच दिन से पानी न आने से इलाके के लोग सर्दी में भी पानी की एक एक बूंद के लिए तरसने को मजबूर हो रहे हैं। जिसका फायदा टैंकरों चालकों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है। इलाके के लोग फिलहाल टैंकर चालकों से पानी खरीद कर गुजारा चला रहे हैं। लेकिन नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को आम जनता की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है।



नगर निगम मुख्यालय का गेट।

### प्रशासन नाम की चीज नहीं रही



विष्णु गोयल

**समाजसेवी** विष्णु गोयल का कहना है कि निजी कंपनियां अपने फायदे के लिए लापरवाही से अंडरग्राउंड लाइनें डाल कर लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। जिले में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। बिना योजना और लापरवाही से किए जाने वाले काम कभी भी आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। नगर निगम की लापरवाही से कंपनियों द्वारा डाली जा रही अंडरग्राउंड लाइनों के कारण शहर में कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### अनुमति लेने की जरूरत नहीं

**नगर** निगम अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में जिसको जहां जरूरत पड़ती है, वहीं खुदाई शुरू करवा देता है। खुदाई करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों द्वारा नगर निगम से अनुमति लेने की जरूरत भी महसूस नहीं की जाती। नगर निगम के संबंधित अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा निजी स्वार्थ के कारण न तो खुदाई करने के दौरान उन्हें रोका जाता है और न ही कोई कार्रवाई की जाती है। जिसके कारण लोग बेखौफ होकर सरकारी पानी अथवा सीवर की लाइनों को खोद कर उनमें छेड़छाड़ करने में जरा भी नहीं हिचकिचाते। निगम कर्मचारियों की इसी लापरवाही के कारण प्राइवेट प्लम्बरों को शहर में कहीं भी सीवर अथवा पानी की पाइप लाइनों को खोदते हुए आम देखा जा सकता है। इस दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा निगम के संबंधित अधिकारी से शिकायत की जाती है तो कार्रवाई नहीं होती। इसी वजह शहर भर में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शनों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। हालांकि निगमायुक्त ने हाल ही में अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिये थे। लेकिन अभी तक ठोस कदम नहीं उठाए गए।

# बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखार रहा बाल महोत्सव

### बच्चों के अग्रिम विकास के लिए हमेशा अग्रसर रही है भाजपा सरकारः नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मंडल** स्तरीय बाल महोत्सव 2021 के दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी व शोलो डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद, पलवल व नूंह से आए सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों ने शोलो डांस में पधारो म्हारे देश, नगाड़ा संग ढोल बाजे, निमूडा-निमूडा, पंजाबी गीत रेशमी गरारे वालिए, आयो रे म्हारो ढोलना व मत छेड़ बलम मेरे चूंदड़ न्य आदि जैसे लोकप्रिय गीतों से अपनी कला को प्रस्तुत करने का का कार्य किया। आज के कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रतियोगिता के सायंकालीन सत्र में गांव से विधायक राजेश नागर ने मुख अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा (बबली), समाज शास्त्री व शिक्षाविद डॉक्टर एमपी सिंह, रेडक्रॉस से पुरुषोत्तम व विजेंद्र सौरोत ने कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया।



मंडल स्तरीय बाल महोत्सव में तिगांव विधायक का स्वागत करते हुए।

उपमंडल अधिकारी त्रिलोकचंद ने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद के द्वारा बच्चों में प्राकृतिक गुणों को निखारने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने और पढ़ने में बहुत अंतर है। पढ़ना जितना आसान है उतना सीखना नहीं। सीखे हुए व्यवहार को ही जीवन में अपनाना सभी का मुख्य कार्य होना चाहिए। जीवन में बहुत कुछ बदला जा सकता है। परंतु प्राकृतिक व्यवहार में बदलाव लाना मुश्किल होता है। बच्चों को चाहिए कि वो प्राकृतिक व्यवहार को निखार कर अपनी सफलताओं की ओर अग्रसर हो। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद का धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों की अनूठी प्रतिभा को निखारने का बाती में एक अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। इसी बीच उन्होंने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के मंच का भी दौरा किया।

# पुलिस आयुक्त ने की बच्चों से मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास अरोड़ा ने पुलिस झंडा दिवस पर फरीदाबाद पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल का दौरा किया जिसके उनके साथ पुलिस उपायुक्त डॉ अंशु सिंगला व सहायक पुलिस आयुक्त मुनीश सहगल भी मौजूद रहे। उनका स्वागत करने के लिए डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की तरफ से एसएस चौधरी, स्कूल प्रबंधक बीके दास व प्रधानाचार्य हेमा अरोड़ा मौजूद थे।

प्रधानाचार्य ने पौधे पेंट करके पुलिस आयुक्त का स्वागत किया। पुलिस आयुक्त ने स्कूल से संबंधित विषयों में स्कूल के बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की। विद्यालय में चल रही खेल गतिविधियों जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी व कराटे की प्रशंसा करते हुए खेल गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने स्कूल में एनसीसी की शुरुआत करने का आश्वासन दिया और विद्यालय में अतिरिक्त भाषा के तौर पर फ्रेंच भाषा की शुरुआत करने के लिए स्कूल प्रबंधन से चर्चा की। इसके पश्चात पुलिस आयुक्त ने छात्रों से संवाद किया और उनके अनुभवों के बारे में अवगत कराते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय की गतिविधियों व उपलब्धियों के विषय में जानकारी प्राप्त कर इसे और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रांगण में छात्रों को हवन करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की।



पुलिस लाइन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देते पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा।

# स्लेजहैमर अकादमी ने 261 रन से जीता मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सातवें** ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट में स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी और एलबी शास्त्री कोचिंग के बीच खेला गया। मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेला गया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। मैच में स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर को 261 रन से हराया। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में पांच विकेट पर 383 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अनुभव आहूजा ने 186 रन, राहुल यादव ने 70 रन, विपुल ने 49 रन, कुणाल ने 30 रन, आदर्श ने 27 रन बनाए। एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर की और से गेंदबाजी करते हुए अंकित और भारत, दीपक ने एक-एक विकेट ली।



रविन्द्र फागना क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन आफ दी मैच का पुरस्कार प्राप्त अनुभव अहुजा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर ने 24.3 ओवर में 10 विकेट में 122 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए जतिन ने 61 रन, दीपक ने 17 रन, राहुल ने 11 रन बनाए। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम ने छह विकेट, रोहित दुआ ने दो विकेट, बदल और तुषार ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के अनुभव आहूजा को दिया गया।

# कामयाबी के लिए मेहनत व आत्मविश्वास जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर 16-ए फरीदाबाद के कामर्स विभाग एवं प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में इंक्यूबेशन सेंटर फरीदाबाद के सहयोग से न्यू आइडिया फॉर स्टार्ट अप विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद एवं जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इसमें महाविद्यालय के गृहविज्ञान की छात्राओं ने भी माटी एवं कपड़े से निर्मित कुछ उत्पादों से छात्राओं को अवगत करवाया।

कार्यवाहक प्राचार्य रीतिका गुप्ता ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कहा कि जीवन में किसी भी मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत एवं आत्मविश्वास जरूरी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को अपने नये आइडिया को बिजनेस में परिवर्तित करने की बात कही। प्लेसमेंट सैल एवं कामर्स विभाग की इंचार्ज डा. प्रीती अरोड़ा ने छात्राओं को नए आइडिया को बिजनेस का रूप देने एवं उसके लिए प्रयोग होने वाले संसाधनों को जुटाने के गुर बताए। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकों एवं इंक्यूबेशन सेंटर के सदस्यों के बीच एक पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ। जिसमें लघु उद्योगों की राह में आने वाली चुनौतियों एवं नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया।



सेक्टर 16ए स्थित महिला कालेज में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते अथिति।

इस अवसर पर इंक्यूबेशन सेंटर के इको सिस्टम मैनेजर अनुराग पांडेय एवं आउटरीच कॉर्डिनेटर आकाश तोमर ने छात्राओं द्वारा स्टॉर्ट-अप से संबंधित पूछे गए सवलों का जवाब दिया। वहीं छात्राओं द्वारा भी अपने बिजनेस आइडिया साझा किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका अर्चना वर्मा, सतविंद्र कौर, सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**नहीं दिखती हैं उनको लाठियाँ बेरोज़गारों पर**
**नहीं जाती निगाहें भूख से लगती कतारों पर**
**चुनावों की बिसातें सज गईं और मीडिया सारा**
**परोसे जा रहा है भ्रम किसी के तो इशारों पर**

# जीवा में नए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में इंट्रैक्ट क्लब के इंस्टॉलेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंट्रैक्ट क्लब रोटरी क्लब का ही एक भाग है जिसमें विद्यालय के छात्रों को सदस्य के रूप में चुना जाता है। चुने गए छात्रों में 11वीं कक्षा की आकांक्षा चौधरी अध्यक्षा चुनी गई। वास्वी उप-प्रधान तथा लतीशा सेक्रेटरी, अनमोल सार्जेंट एट आर्मस, नवदिशा जॉइंट सेक्रेटरी एवं यलिना कोषाध्यक्ष चुनी गई और इन्हें इंट्रैक्ट पिन देकर सम्मानित किया गया। चुने गए छात्रों ने रोटरी क्लब के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब एक सामाजिक संस्था है जो केवल अपने देश तक सीमित नहीं है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक समाज सेवा के कार्य करते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। छात्राओं ने एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। संस्थान के अध्यक्ष मधुसुदन चौहान ने सभी रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को भूतपूर्व उपाध्यक्षा तान्या मित्तल ने शपथ दिलाई। भूतपूर्व जेडआईआर व उपाध्यक्षा तान्या मित्तल ने विगत वर्ष की सभी गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में इंट्रैक्ट क्लब की अध्यक्षा आकांक्षा चौधरी के अभिभावक भी सम्मिलित हुए एवं उन्हें भी सम्मानित किया गया।



जीवा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते अथिति।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटेरियन विजय जिंदल और आस्था क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन सुशांत गुप्ता। इसके अलावा रोटेरियन दीपक प्रशाद, रोटेरियन मनीष अग्रवाल, रोटेरियन राज भाटिया, रोटेरियन नीरज भूटानी, विद्यालय के निदेशक ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव, प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा और इंट्रैक्ट क्लब की संयोजक दीपा गाबा भी उपस्थित थी।


मुख्य अतिथि विजय जिंदल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवा स्कूल के वातावरण में एक साकारात्मक भाव है एवं यहां मंदिर जैसे वातावरण के दर्शन होते हैं। उन्होंने विद्यालय एवं बच्चों की भी प्रशंसा की। साथ ही बच्चों से कहा कि वे शिक्षा ग्रहण के साथ-साथ समाज सेवा की शिक्षा को ग्रहण करें। रोटरी क्लब यही सिखाता है कि हम समाज के लिए कुछ करें। अत: हमें किसी भी प्रकार की सेवा भाव से पीछे नहीं हटना चाहिए। जैसे भी हो और जिस तरह से भी हो समाज की सेवा करनी चाहिए एवं पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।

आस्था क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन सुशांत गुप्ता ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए एक कुशल नेतृत्व की आवश्यकता होती है। कुशल नेतृत्व को पाने के लिए अपने कार्यों में सफल होना ज़रूरी है साथ ही यह याद रखें कि असफलता ही सफलता की प्रमुख सीढ़ी है। मनुष्य कई असफलताओं के बाद सफलता प्राप्त करता है, अत: असफलता से न घबराएं, धैर्य रखें और असफलता से सीखें कि आप में कहां कमी है। यही गुण नेतृत्व के लिए आवश्यक होंगे।

# शिक्षा मंत्री के चंडीगढ़ आवास पर सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र सेन शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से उनके निवास चंडीगढ़ में जाकर मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया। जिसमें एसोसिएशन की तरफ से शिक्षा मंत्री से मांग की गई कि हरियाणा प्रदेश के अंदर जो पिछले 2020 -22 वर्षों से अस्थाई वर्ष मान्यता के जो स्कूल चले आ रहे हैं। उन्हें अभी तक सरकार की तरफ से वर्ष 2021-22 का एक्सटेंशन जारी नहीं किया गया है। जिस पर शिक्षा मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्दी ही इस वर्ष का एक्सटेंशन जारी कर दिया जाएगा। अध्यक्ष चंद्र सेन शर्मा, भरत शर्मा, वीपी गोयल, आरएस मावी, टीकाराम शर्मा व सुरेश शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


## गुमशुदा की तलाश



सेक्टर-65 मकान नम्बर 453 निवासी राजेन्द्र कुमार उम्र 63 वर्ष पुत्र लखमी राम 10 अगस्त 2021 को घर से कही निकल गए थे। इनके लापता होने पर 11 अक्टुबर 2021 को परिजनों ने थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में मुकदमा नंबर 443 दर्ज करवाया है। लापता राजेन्द्र कुमार का रंग सांवला, गोल चेहरा, दाड़ी बढ़ी हुई, पतला शरीर, कद 5 फुट, 5 इंच, उम्र 63 साल, शर्ट व पैंट व स्पोर्ट्स के जूते पहने हुए है। इनके बारे में सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़: 01292211033, 9582200169, 9899555719**

## गुमशुदा की तलाश



आदर्श नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद की गली नम्बर आठ, पुरानी पुलिस चौकी के निकट रहने वाले नवीन की पत्नी देवकी उम्र 20 साल 18 अक्टूबर 2021 से लापता है। जिसका उसने थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में 21 अक्टूबर 2021 को मुकदमा नंबर 467 दर्ज करवाया है। लापता महिला का रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, माथे पर पुरानी चोट का निशान, कद 5 फुट, लाल रंग का सुट- सलवार, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है। वह अपनी मर्जी से कही चली गई है। यदि इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई पता चले तो पुलिस को सुचित करें।

**थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़: 01292211033, 9582200169, 8860705443**

# कार फ्री डे : साइकिल से कार्यालय पहुंचे अधिकारी

## हर बुधवार को उपायुक्त जितेन्द्र यादव के निर्देशों का हो रहा है पूरी तरह पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



कार फ्री डे के अवसर पर साइकिल से कार्यालय जाते अधिकारी।

**उपायुक्त** जितेंद यादव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा हर बुधवार को कार फ्री डे मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन कार फ्री डे को गंभीरता से लागू करने एक दिन के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण में गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के भागीदार बन रहे हैं। इसकी शुरुआत हमने खुद जिला प्रशासन से करके प्रत्येक बुधवार को कार फ्री डे शुरू कर दिया गया है।

आपको बता दें प्रत्येक बुधवार को उपायुक्त जितेंद्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, सीटीएम पुलकित मल्होत्रा सहित तमाम अधिकारी और सभी विभागों के जिला अधिकारी और कर्मचारी बुधवार को विश्व कार फ्री डे पर साइकिलों से और पैदल या पब्लिक वाहनों से कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि हमने यह प्रेरणा बुजुर्गों से मिली है। इस प्रेरणा के स्रोत हैं वे कहते थे कि सप्ताह में एक दिन पैदल चलना चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण को भी शुद्धता मिलती है। इसलिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार के दिन यह मुहिम फरीदाबाद को ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है और कम से कम सप्ताह में एक दिन सरकारी वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा और पर्यावरण में भी शुद्धता आ रही है। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि यह कार फ्री डे फरीदाबाद में एक जन आंदोलन के रूप में बनाया जाएगा इसके लिए फरीदाबाद के हर एक नागरिक को प्रेरित करके इस आंदोलन का भागीदार बनाया जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भी कार फ्रीडे में प्रशासन का अपना सहयोग दें और सप्ताह में प्रत्येक बुधवार एक दिन कार फ्री डे जरूर मनाएं। इसका उद्देश्य क्लीन फरीदाबाद ग्रीन फरीदाबाद बनने के सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि कार्यालय में सिर्फ दिव्यांगों को इसके लिए छूट दी गई थी। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा अक्टूबर से हर बुधवार को कार फ्री डे मनाया जा रहा है।

## वरदान बना 'राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन': डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। महिलाएं ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत घर से बाहर निकलकर अपना व्यवसाय चला कर स्वावलंबी के तौर पर कार्य कर रही हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। यह मिशन महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कौर कसर नही छोड़ रहा है।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि योजना की विशेष बात ये है कि उन महिलाओं को शामिल किया जा रहा है, जिनकी आर्थिक स्थित बहुत ही कमजोर होती है। स्वयं सहायता योजना के तहत समूह बनाकर व्यवसाय शुरू करवाया जाता है।

# डिसेबल प्रमाणपत्र के लिए दिव्यांगों को कटवाए जा रहे हैं चक्कर

## बिना फोन किए ही फार्म पर लिख दिया जा रहा है कि नहीं उठाई कॉल

**कविता।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल में डिसेबल प्रमाण पत्र को आए दिव्यांग।

**डिजिटल** इंडिया के तहत दिव्यांगों के डिसेबल प्रमाण पत्र भी ऑनलाईन कर दिए गए हैं, लेकिन बीके सिविल अस्पताल में मौजूद सेंटर से दिव्यांगों को कॉल ही नहीं की जा रही हैं। यहां किसी को तीन माह तो किसी को आठ से नौ माह बाद भी कॉल नहीं आ रही है। ऐसे में मजबूर होकर दिव्यांग और उनके परिजन अस्पताल में पहुंच कर स्वयं ही अपने फार्म के बारे में पूछताछ रहे हैं। यहां आकर उन्हें पता चलता है कि उनके फार्म पर दिए नम्बर पर कॉल की गई है। जबकि वास्तव उनके नम्बरों कॉल ही नहीं की गई। ऐसे में वह हैरान होकर चिकित्सकों को अपनी परेशानी बताते हैं। जिस कारण यहां ऑनलाईन व्यवस्था के बावजूद भीड़ लग रही है।

बुधवार को भी बीके अस्पताल में डिसेबल प्रमाण पत्र के लिए लम्बी लाइने लग रही है। जबकि डिसेबल प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाये जाते हैं। ऑनलाइन प्रणाली को यहां पलीता लगाया जा रहा है। यहां पहुंचे लोगों ने पायनियर को अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उनके पास कॉल किये बिना फार्म पर रिसीव न होने की बात लिख दी गई है।

### आठ माह से इंतजार

दौलताबाद निवासी प्रकाश ने बताया कि उन्होंने गत 30 मार्च 2021 को ऑनलाईन फार्म भरा था। लगातार चक्कर काटने पर उन्हें बताया गया कि फोन करके बुलाएंगे, लेकिन आज वह यहां पहुंचा तो फार्म देखकर हैरान रह गया। क्योंकि फार्म में लिखा था कि उसे 13 जुलाई को कॉल की गई, लेकिन उसने बताया कि उसे यहां से कोई फोन नहीं आया। जबकि वह यहां तीन बार पहले चक्कर लगा चुका है। बुधवार को सुबह यहां पहुंच कर शिकायत करने पर उसे इंतजार करने को कहा गया।

### कॉल पर आए

डबुआ कालोनी निवासी रोहन ने बताया कि उसके पैर में चोट लग गई थी। उसने 14 जुलाई को फार्म भरा था, लेकिन डिसेबल प्रमाण पत्र के लिए कई चक्कर काटे। उसे हर बार फोन आने की बात कही गई। मंगलवार को कॉल आने पर वह यहां पहुंचा है।

### तीन माह से कॉल नही

गाजीपुर निवासी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि उसने 27 जुलाई को भरा था, लेकिन चार बार यहां आने पर उसे हर बार लौटा दिया गया। आज यहां पहुंचने पर पता चला कि उसके 11 वर्षीय बेटे चंदन कुमार के फार्म पर लिखा है कि 13 अक्टूबर को की गई कॉल रिसीव नहीं हुई। डॉक्टर से शिकायत करने पर उसे इंतजार करने के लिए कहा गया है।

# 100 करोड़ डोज का इतिहास रचने की खुशी में कार्यक्रम



सेक्टर 11 ई ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति विधायक नरेन्द्र गुप्ता का स्वागत करते निवासी।

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कोरोना वायरस की 100 करोड़ डोज का इतिहास रचने की खुशी में सेक्टर-11 के ई ब्लॉक में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेन्द्र गुप्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने और मंच संचालन हरीश मंगला ने किया। भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल ने आरडब्लूए पदाधिकारियों के साथ मिलकर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा और विधायक नरेन्द्र गुप्ता को पुष्प गुच्छा भेंट कर ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर गोपाल शर्मा ने कहा कि यह महान उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन से पूरे देश के लोगों की मेहनत और एकजुटता से ही सफल हो पाई है। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वास्थकर्मियों ने बिना अपनी जान की परवाह किए जिस तरह लोगों को टीका लगाया उसके लिए वो भी तारीफ के काबिल है। उन्होंनें कहा कि हमें आगे भी एहितयात बरतनी है ताकि कोरोना दोबारा पैर ना पसार सके और केन्द्र सरकार की गाइडलाइन का पूरी तरह अमल करना है। मौके पर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि 100 करोड़ लोगों को टीकाकरण होना एक बड़ी उपलब्धि है।

इस मौके पर बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के महेश चंद अग्रवाल, एम सी अग्रवाल, सह संयोजक हरीश मंगला, के एल शर्मा, कहर सिंह सैनी, आशुतोष गर्ग, रामरत्तान गुप्ता, तेज सिंह सैनी, राकेश खेरा, सुरेंद्र नागर, बीडी गिरधर, बनवारी लाल गुप्ता,अनिल मालिक आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं ने रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान



रेलवे स्टेशन पर सफाई करतीं सेक्टर 16ए महिला कॉलेज की एनएसएस छात्राएं।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशालय दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय फरीदाबाद एवं जेसी बोस विश्वविद्यालय फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर फरीदाबाद ओल्ड रेलवे स्टेशन के बाहर सफाई कार्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा करीब 500 किलो पॉलिथीन समेट कर कूड़ादानों में डाला गया। अभियान का शुभारंभ करते हुए इंदिरा गांधी अवार्ड से सम्मानित हरीश एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय दिल्ली के रीजनल डायरेक्टर मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यवाहक प्राचार्य रीतिका गुप्ता ने स्वंयसेवकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित कर उनके द्वारा किए कार्य की सराहना की। महाविद्यालय की एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रचना सैनी ने छात्राओं को अपने आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखने एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की बात की। डॉ. रमन कुमार, प्रिया सैनी, चंचल शर्मा, पूनम शर्मा, नेहा विज औरा सविता नागर मौजूद रहे।

# दुष्कर्म करने वाले भगोड़ा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल की टीम ने पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज एक मुकदमे में भगोड़े चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शिवम है जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले का रहने वाला है जो फरीदाबाद के थाना सेक्टर 31 एरिया में किराए के मकान पर रह रहा था। जून 2021 को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जिसमें आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया और पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपनी लोकेशन और सिम कार्ड बार-बार चेंज कर रहा था। आरोपी को भगोड़ा घोषित किया हुआ था जिसके खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी था। आरोपी को पकड़ने के लिए महिला थाना सेंट्रल फरीदाबाद की प्रबंधक थाना गीता के दिशा निर्देश अनुसार टीम गठित की गई। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

# डालसा ने ग्रामीणों को किया कानूनी जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 कोर्ट परिसर में आयोजित बैठक में को संबोधित करते और जानकारी लेते मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंगलेश कुमार चौबे।

**हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ राजन गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा राज्य के प्रत्येक जिले के अंदर व सब डिविजन लेवल पर आजादी का अमृत महोत्सव दो अक्टूबर 2021 से लेकर 14 नवंबर 2021 तक मनाया जा रहा है। अमृत महोत्सव के तहत पैनल एडवोकेट पैरा लीगल वालंटियर स्टूडेंट लीगल लिटरेसी क्लब एनजीओ अन्य संस्थाएं भाग ले रही है।

इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के चेयरमैन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में 10 लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों बारे कानूनी तौर गांव लडोली और बुढेणा में मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर जागरूक करने के लिए लोगों के साथ पैनल अधिवक्ताओं द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। पैनल अधिवक्ताओं ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने जीवन का अधिकार, भाषण की स्वतंत्रता और ऐसे अधिकारों के साथ समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए एक नागरिक के रूप में कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिनमें 3 घर- घर जाकर जागरुकता कार्यक्रम डबुआ बुडेना व अरवा फरीदाबाद में आयोजित किया गया। एक कार्यक्रम फंडामेंटल राइट्स के ऊपर गांव लडोली इसके अलावा एक कैंप कोविड-19 के ऊपर लगाया। कानूनी जागरुकता शिविर विक्टिम कंपनसेशन स्कीम जेजे एक्ट लेकर गांव बुखार पुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी नंबर 5 फरीदाबाद आयोजित किए गए। लोगों को लीगल लिटरेसी बुक्सबांटकर लोगों को जागरूक किया। एक कार्यक्रम महिलाओं को लीगल लिटरेसी की बुक्स बांटकर व जागरुकता शिविर लगाकर जागरूक किया। इसके अतिरिक्त एक ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रॉसीक्यूशन काउंसल के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट सेक्टर 12 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऑफिस फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

# घर-घर जाकर बनाएंगे परिवार पहचान पत्र : मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते एडीसी सतबीर मान।

**अतिरिक्त** उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि जिला में सक्षम युवाओं द्वारा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सक्षम युवाओं द्वारा जिला में घर-घर जाकर एंट्रेस परिवारों की पहचान करके उनके परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसके अलावा जिन परिवारों के पहचान पत्र किसी कारण वंश बाकी रह गए हैं उन परिवारों के पहचान पत्र भी सक्षम युवाओं द्वारा बनाए जाएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सक्षम युवाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला में लगभग 13500 एंट्रेस परिवार है जिनकी पूरी पहचान करके उनकी वार्षिक आय सहित उनकी जांच करके उनके परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसके अलावा ऐसे परिवार जिन परिवारों के परिवार पहचान पत्र नहीं बने हैं, उन परिवारों के भी परिवार पहचान पत्र सक्षम युवाओं द्वारा बनाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सक्षम युवा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार घर- घर जाकर परिवार मुखिया के सहयोग से परिवार की पूरी डिटेल अपडेट ऑनलाइन करेंगे और उनके सिग्नेचर करवा कर उनका प्रिंट भी परिवार के मुखिया को दिखाकर ऑनलाइन करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिन परिवारों में नए सदस्य आ गए हैं, उनके मैरिज सर्टिफिकेट तथा अन्य जरूरी कागजात पूरे करके भी उन परिवारों को भी परिवार पहचान पत्र में शामिल करने का काम युवा सक्षम सक्षम युवाओं द्वारा किया जाएगा। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि जिला में लगभग 190000 परिवार हैं, जिनके परिवार पहचान पत्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बनाए जा रहे हैं। यह काम अधिकतर पूरा कर लिया गया है। अब जिला में केवल दो किस्म के परिवार बचे हैं। उन परिवारों की पहचान करके उनके सर्टिफिकेट सत्यापित, अनुसरण करके उनके परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसके लिए सक्षम युवाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। उनमें परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए जो भी जरूरी सुविधाएं है पर अपलोड करने हैं। इस बारे उन्हें जानकारी प्रशिक्षण में दी गई है। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरकार की लगभग 582 सेवाएं ऑनलाइन की गई है। अब सरकार की सभी जनकल्याणकारी नीतियों का सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार इन जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ ऑनलाइन ही लाभार्थियों को दिया जाएगा। इसके लिए परिवार परिवार पहचान पत्र बनाना अनिवार्य हो गया है। एनआईसी के जिला निदेशक मुनेश बाबू अग्रवाल व उनकी ने सक्षम युवाओं को एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया है। तकनीकी प्रशिक्षण के दौरान सक्षम युवाओं को परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एप के बारे में भी विस्तार पूर्वक तकनीकी जानकारी दी गई।

# छात्राओं ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण की ली शपथ



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेती छात्राएं।

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित जिला शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करने का आह्वान किया।

सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह का उद्देश्य जन जागरुकता बढ़ाना और लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक साथ लड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह दिन भ्रष्टाचार के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालता है। सतर्कता जागरुकता सप्ताह का वर्तमान वर्ष 2021 का विषय है- स्वतंत्र भारत @ 75 ईमानदारी के साथ आत्मनिर्भरता। केंद्रीय सतर्कता आयोग भ्रष्टाचार से लड़ने और लोक प्रशासन में ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम 2003 के अंतर्गत देश मे आया। छात्रा सृष्टि मेघवाल ने सभी बालिकाओं को भ्रष्टाचार मुक्त रहने की शपथ भी दिलवाई।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला बार एसोसिएशन में अब कोई पदाधिकारी नहीं



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में ज्ञापन देने जाते वकील।

**फरीदाबाद।** जिला बार ऐसोसिशन का चुनाव 10 नवम्बर 2020 को सम्पन्न हुए थे। इसमें कुल 2222 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था। जब गिनती हुई तो ईवीएम में कुल 1841 वोट आये थे। कुल 381 मतों को लेकर दूसरे पक्ष ने बार काउंसिल की एलेक्शन ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की थी। इसमें चुनाव को 22 अप्रैल को रद्द कर चुनाव को 15 दिन के अन्दर दोबारा कराने का आदेश दिया था। करोना काल आने पर एक पक्ष ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया दिल्ली में एक मई को अपील दायर कर चुनाव पर स्टे लगा दिया। अब दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद 23 अक्टूबर 2021 के फैसले में कहा कि बार के सदस्यों के कल्याण के लिए कार्य करने का अवसर है। जिससे पदाधिकारियों के रूप में निर्वाचित अधिवक्ता द्वारा अपने व्यवसाय की कीमत पर करने की अपेक्षा की जाती है और बार काउसिल ऑफ इण्डिया ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद जो स्टे चल रहा था। वह डिस्पोज ऑफ हो गया। राजेश बैंसला ने कहा कि अब बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा का 22 अप्रैल का आदेश फिर से लागू हो गया। आदेश के बाद अब जिला बार ऐसोसिएशन का कोई भी पदाधिकारी ना रहा है। मौके पर पूर्व प्रधान जेपी अधाना, वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर दलपत सिंह, बार काउंसिल के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ, एडवोकेट, ललित बैंसला, प्रदीप परमार, ब्रिजेश गोस्वामी, पूर्व चेयरमैन ब्लाक समिति जग्गी अधाना एडवोकेट, विजय यादव, मुवीन खान, दिनेश भाटी, प्रेम भारद्वाज, कुलदीप जोशी आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

## जिले में बढ़ रहे डेंगू और कोरोना के मरीज

**फरीदाबाद।** जिले में डेंगू के साथ ही अब कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई है। डेंगू के तीन मामले नए सामने आने से मरीजों की संख्या का आंकड़ा 208 पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ जिले में तीन नए कोरोना के मरीज सामने आए हैं। सभी मरीज सेक्टर-15 के हैं। जिले में एक पॉजिटिव मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिले में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 25 पर पहुंच गया है। जिले में रिकवरी रेट भी 99.26 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में सभी एक्टिव केस होम आईसोलेशन पर हैं। पिछले 24 घंटे में 2126 लोगों के टेस्ट किए गए। जिले में 1758 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में कोरोना से बचाव के लिए बुधवार को 6959 मरीजों को कोरोना से बचाव की डोज लगाई गई।

## कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन, आज भी करेंगे विरोध

**फरीदाबाद।** नगर निगम के कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर वेतन देने, फेस्टिवल एडवांस एवं कर्मचारियों के बकाया एरियर्स, पेंशन और सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के बकाया जात का भुगतान करने आदि मांग को लेकर कर्मचारियों ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय पर जिला सचिव नानक चंद खेरालिया की अध्यक्षता में एक मीटिंग कर रोष प्रकट किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर बालगुहेर उपस्थित रहे। कर्मचारी वीरवार को भी निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रोष प्रकट करेंगे। गौरतलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा विगत 21 अक्टूबर को निगम आयुक्त को वेतन एवं कर्मचारियों के अन्य भुगतान करने के लिए आंदोलन का नोटिस दे दिया लेकिन निगमायुक्त ने आज तक यूनियन के साथ बैठकर न तो बातचीत की है और नहीं दीपावली के अवसर पर कर्मचारियों को वेतन एवं उनके एरियर तथा फेस्टिवल एडवांस देने का कोई इंतजाम किया है निगम आयुक्त के इस उपेक्षा पूर्ण रवैया से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। मीटिंग में अन्य के अलावा कर्मचारी नेता अनूप चिंडालिया, परशुराम अधाना, वेद भड़ाना, राकेश चिंडालिया, सुदेश कुमार, दर्शन सोया, राजकुमार, कृष्ण चिंडालिया, प्रेमपाल, शक्ति सिंह, श्रीपाल मौर्य, राजीव मंढोतिया, सुरेश मलांदा, महिला नेता ललित, शकुंतला, माया, राजवती, मुनेश, कमलेश आदि नेता भी शामिल थे।

## निगम ने 15 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव के निर्देश पर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लगातार चलाई जा रही सीलिंग ड्राइव के तहत 27 अक्टूबर को ओल्ड फरीदाबाद जोन-1 तथा 2 में 15 इकाइयों को सील किया और फरीदाबाद एनआईटी जोन-2 में 5 इकाइयों को सील किया। जिन पर करीब 28 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। जिनमें से दो इकाइयों ने 4,44,049.58 लाख रूपये प्रोपर्टी टैक्स जमा करा दिया है। निगमायुक्त ने बताया कि अगस्त, 2021 से आज तक की अवधि के दौरान, नगर निगम द्वारा 266 इकाइयों को सील किया जा चुका है। जिन पर 3.48 करोड़ रुपये बकाया था। इन 266 इकाइयों में से 72 इकाइयों ने लगभग 64.45 लाख रुपये जमा कराये और उनकी इकाइयों को डी-सील कर दिया बाकी के 194 बकायादारों के बारे निगमायुक्त ने सम्बधित अधिकारियों को वसूली के लिए इकाईयों को नीलाम करने की लिए नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं। कहा कि सभी बकायादारों से सम्पत्ति कर 31 मार्च 2022 तक वसूल किया जाए।

## छह साल की बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला पुलिस थाना एनआईटी की टीम में एक आरोपी को छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अशरफ उर्फ अज्जू है जो फरीदाबाद के कुरेशीपुर गांव में किराए के मकान पर रह रहा था। आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमा में आरोपी ने अपने पड़ोस में रह रही छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ की थी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि वह कुरेशीपुर में किराए के मकान पर रहती है उसके तीन बच्चे हैं। शाम करीब 07 बजे जब वह अपने बेटे को ढूंढते हुए अपने पड़ोसी आरोपी अशरफ के कमरे में गई तो वह उसकी बेटी के साथ गलत हरकत कर रहा था। पीड़ित बच्ची की मां ने तुरंत अपनी बेटी को उसके चंगुल से छुड़ाया। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आरोपी की धरपकड़ के निर्देश दिए जिसके तहत कार्य करते हुए महिला थाना की टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने बच्ची के साथ की गई छेड़छाड़ की वारदात को कबूल किया जिसके बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी की टीम ने एक आरोपी द्वारा एक युवती को प्यार के जाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। आरोपी अश्वनी उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला है। चार सितंबर को आरोपी के खिलाफ महिला थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज है। पीड़िता ने बताया कि वह फरीदाबाद की रहने वाली है और नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। दो साल पहले उसकी दोस्ती आरोपी अश्विनी के साथ उसी कंपनी में हुई थी। जिसमें आरोपी ने उसे प्यार के जाल में फंसाकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए और उसकी अश्लील फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर ली। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की। थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर माया ने टीम गठित कर आरोपी को 25 अक्टूबर को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फोन बरामद किया जिसमें उसने युवती की फोटो व वीडियो रिकॉर्ड की थी। आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## कैदियों के लिए जेल में लगा नेत्र जांच शिविर

**फरीदाबाद।** जिला जेल फरीदाबाद में बुधवार को एस्कार्ट अस्पताल फरीदाबाद व जेल प्रशासन फरीदाबाद के सौजन्य से मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक जयकृष्ण छिल्लर ने एस्कार्ट अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों का स्वागत किय। कैम्प में एक्सरे व आखों के चेकअप के लिये मोबाइल वैन व विषेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। जरूरत मंद बन्दियों का एक्सरे और आंखों के चेकअप करने के साथ ही अन्य सामान्य बीमारियों का भी इलाज किया गया। एस्कार्ट अस्पताल द्वारा महिला बन्दियों के इलाज के लिए महिला गायकोनोलोजिस्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। ये इस मेडिकल कैम्प में बन्दियों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेडिकल कैम्प में आंखों की समस्याओं से ग्रसित 61 बन्दियों की आंखें चेक की गई।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:-

## ...तब बड़े भूखे रहे और बच्चों ने दो समय में आधी रोटी खाकर किया गुजारा


संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**बंटवारे** के समय व पहले की दास्तां कहते हुए विजय कुमार मेहता बताते हैं कि क्वेटा में जहां वे रहते थे, लगभग 25 मकानों का एक सेक्टर था। उनका मकान मेन सड़क पर था। 14 अगस्त 1947 रात को आतंकी बलूचों ने उनके घर के सामने दंगा करना शुरू कर दिया। सेक्टर के लोगों ने मिलकर उनका डटकर मुकाबला किया।

विजय कुमार मेहता का विभाजन से पूर्व निवास स्थान गांव मंगरोठा तहसील तौंसा शरीफजिला डेरा गाजी खान पाकिस्तान था। विभाजन से पूर्व उनके बड़े भाई मिलिट्री में अकाउंटेंट पद क्वेटा बलूचिस्तान में कार्यरत थे।

### बंटवारे के समय की दास्तां बता रहे हैं विजय कुमार मेहता

उनके बड़े भाई जून 1947 में हमें क्वेटा बलूचिस्तान ले गये। पिताजी और दादा जी तथा परिवार मंगरोठा में रह रहे थे। 15 अगस्त 1947 की सुबह काल सभी सो रहे थे। लगभग 25-30 पठान बंदूकों, कुल्हाड़ियों तथा पेट्रोल की बोतलों के साथ आये। सबसे पहले हमारे मुख्य द्वार पर पेट्रोल छिड़का फिर कुल्हाड़ियों से तोड़ा और बंदूकों से फायर करना शुरू कर दिया। विजय कुमार मेहता के मुताबिक वे जिस हालत में थे, उठकर छत की ओर भागे।



विजय कुमार मेहता।

पीछे से गोलियां मकान के पिछवाड़े वाले पड़ोसियों ने अपने घरों की चारपाइयां को सहन में डालकर उस पर घर के बिस्तर डाल दिए। छत से कूद कर सब ने जान बचाई। वहां से गोलियों की बौछार से बचते हुए सड़क पर एक सेठ के तहखाने में पहुंचे। वहां पर 50-70 लोग थे। वहां पर 10 दिन रहना पड़ा। राशन समाप्त होने पर बड़ों ने भूखा रह कर बच्चों को दिन में दो बार आधी-2 रोटी का टुकड़ा दिया। बाद में हिन्दू मिलिट्री उन सबको रेलवे स्टेशन पर ले गयी। गाड़ी की खिड़कियां बंद करके फट्टों के नीचे छुप कर जान बचाई। जब गाड़ी हैदराबाद स्टेशन पर पहुंची तो स्टेशन पर मुसलमानों ने कत्लेआम शुरू कर दिया।

### दिल्ली पहुंचे तो ट्रेन में बम फट गया

**ट्रेन** दिल्ली पहुंची तो वहां बम फट गया। बचते-बचाते कर्फ्यू में लाजपत राय मार्किट (लाल किले के सामने) एक कैंप में पहुंचे। वहां से 5 दिन बाद हमें पटना की गाड़ी में भेज दिया गया। पटना में उन्हें फुलवारी कैंप जेल की बैरकों में रखा गया, जहां नेहरू, गांधी आदि नेताओं को भी रखा गया था। विजय कुमार मेहता बताते हैं कि उनके दादाजी और बाकी परिवार 2-3 महीने बाद मिल पाए। अनेक प्रयासों के बाद उनके भाई को दानापुर के मिलिट्री कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर नौकरी मिली। उनको हैदराबाद जाने के आदेश हुए। हैदराबाद की त्रासदी को हम अभी तक नहीं भूले थे। इसलिए उनके भाई ने हैदराबाद जाने से इंकार कर दिया। फुलवारी से सीधे गुरुग्राम आ गये। कठिनाइयां यहां भी कम नहीं थी। जीवन की जद्दोजहद बहुत ज्यादा थी। फिर भी मेहनत के दम पर सब कुछ किया और आज सुखी जीवन यापन कर रहे हैं।

## वृद्ध महिला को बेटे, बहु और पौतों ने पीटा

**सोहना।** भोंडसी थाना का गांव गढ़ी बाजीदपुर में 62 वर्षीय वृद्ध महिला को बेटे समेत दो पुत्र वधु और दो पौतों ने सरेआम बीच रास्ता में लात-घूसे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पिटाई के दौरान महिला का एक दांत टूट गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ़ी बाजीदपुर निवासी 62 वर्षीय महिला रामकला पत्नी कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे वह अपने घर से निकलकर पड़ोस में जा रही थी। उसके बेटे नरेन्द्र, नरेन्द्र की पत्नी रोशनी, पौता विशु, सोनु पुत्रान राजेन्द्र और राजेन्द्र की पत्नी मुन्नी ने मार-पीट कर दिया। पड़ोसियों को देख जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए।


## संक्षिप्त-समाचार

### योग और फैशन शो होंगे सीता उत्सव के पहले दिन के आकर्षण



**गुरुग्राम।** एनसीआर मीडिया क्लब, ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स, इंडियन प्रेस वेलफेयर ट्रस्ट और इंडियन टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वाधान में 29, 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सीता उत्सव में पहले दिन योग, फैशन शो और टेलेंट हंट आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सीता उत्सव गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक के पास बहरामपुर रोड के कट पर स्थित ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स में रोजाना सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक तीन दिन तक चलेगा। यह जानकारी एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा और ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स के डायरेक्टर सारथी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी। आयोजन के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी सृष्टि दहिया के हैरतअंगेज योगासन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग परफोर्मेंस देने आने वाली सृष्टि की इस समय उम्र अभी मात्र 14 साल ही है। उसने वर्ष 2018 में आठवीं एशियन योग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। इस साल 2021 में उसने 45वीं नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा सत्यम ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस नोएडा के विद्यार्थी प्रोग्राम हेड प्रियंका सरकार के नेतृत्व में फैशन शो और टेलेंट हंट में अपने जोहर दिखाएंगे। वहीं सरिता चौधरी के नेतृत्व में एडुब्रेन एकेडमी का फैशन शो माया भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। दिल्ली डायस क्लब द्वारा टेलेंट हंट शो और स्टैंड अप कॉमेडी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। अंधेरा घिरते ही डीजे नाईट शुरू हो जायेगी। सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि इन सभी कार्यक्रमों में केवल लडकियां और महिलाएं ही हिस्सा ले सकती हैं। पुरुष केवल दर्शक के रूप में ही भाग ले सकते हैं।

### सरकार ने सात साल में किए ऐतिहासिक काम : सुधीर



**गुरुग्राम।** देश-दुनिया में पिछले दो साल से भले ही कोरोना महामारी रही हो, इसके बावजूद हरियाणा में विकास की कई परियोजनाएं शुरू की गई और कई योजनाएं जनता को समर्पित की गई। हर क्षेत्र में सरकार ने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। यह जानकारी गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने हरियाणा में मनोहर सरकार के दो साल पूरे होने पर दी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि चाहे किसानों के कल्याण की बात हो या महिला एवं बाल विकास की, चाहे स्वास्थ्य की बात हो या फिर परिवहन सुविधाओं की, चाहे पुलिस सुरक्षा की बात हो या फिर उद्योगों की, चाहे गरीबों के कल्याण की बात हो या फिर जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की। गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश में सरकार ने हर विषय पर काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में गरीबों को 1200 करोड़ का पैकेज, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना में 6 लाख 23 हजार 108 परिवारों को 4000 रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके तहत 211.62 करोड़ रुपये खर्च किये गये। वहीं 69 हजार असंगठित मजदूरों को 1000 रुपये सप्ताह के हिसाब से 34.74 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। अंतोदय अन्न योजना के तहत 154 करोड़ रुपये का राशन दिया गया। बीपीएल व अन्य गरीब परिवारों को अलग से सहायता दी गई। ओल्ड ऐज सम्मान स्कीम के तहत 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 2500 रुपये मासिक जनवरी 2020 से देना शुरू किया गया। इसी तरह विधवा महिलाओं को भी 2500 रुपये पेंशन, दिव्यांगों को 2250 रुपये मासिक पेंशन समेत कई अन्य पेंशन योजनाओं में बढ़ोतरी की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य : शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना है। इसके साथ ही एचटेट सर्टिफिकेट की समय सीमा 5 साल से बढ़ाकर 7 साल की गई। नौवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं के लिए छात्र परिवहन सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई। कोरोना महामारी में विद्यार्थियों को घर बैठे मिड-डे मील उपलब्ध कराया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार ने कोरोना महामारी में भी बेहतर प्रबंधन करके प्रदेशवसियों को सुविधाएं दी गई। किसानों को भी दिया गया लाभ : कोरोना महामारी के दौर में किसानों को फसल ऋण पर ब्याज दर पर 4 प्रतिशत की छूट दी गई। किसानों की सुविधा के लिए 2000 गेहूं और 400 सरसों खरीद केंद्र स्थापित किये गये। धान पैदा करने वाले क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना शुरू की गई, इसके तहत किसानों को प्रति एकड़ 7000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### महिलाएं आज रखेंगी अहोई अष्टमी का व्रत

गुरुग्राम। संतान की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला अहोई अष्टमी का व्रत गुरुवार को महिलाओं द्वारा रखा जाएगा। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को मां पार्वती की अहोई स्वरूप पूजा की जाती है। यह व्रत करवाचौथ के चार दिन बाद रखा जाता है। इस दिन माताएं पूरे दिन जल ग्रहण नहीं करती हैं और आकाश में तारों को देखने के बाद उपवास संपन्न करती हैं। संतान की लंबी आयु की कामना कर तारों की पूजा होती है। यह व्रत संतान प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। अहोई अष्टमी के दिन विधि विधान से मां पार्वती, शिवजी, श्रीगणेश और कार्तिकेय की उपासना की जाती है। अहोई माता और भगवान शिव को दूध-भात का भोग लगाया जाता है। इस दिन घर में बनाए गए भोजन का आधा हिस्सा गाय को खिलाते हैं। अहोई अष्टमी की पूजा का विधान अहोई अष्टमी पर सूर्योदय से पूर्व स्नान कर देवी का स्मरण कर व्रत संकल्प लें। इसके बाद अहोई माता की पूजा के लिए दीवार या कागज पर गेरू से अहोई माता और सात पुत्रों का चित्र बनाया जाता है। अहोई अष्टमी की पूजा विशेषकर शाम को ही होती है, इसलिए शाम के माता के चित्र के सामने चौकी रखकर उस पर जल से भरा कलश रख दें और माता को रोली व चावल अर्पित कर उनका 16 श्रृंगार करें। इसके बाद मीठे पुए या आटे का हल्वे का प्रसाद चढ़ाएं, कलश पर स्वास्तिक बना कर हाथ में गेहूं के सात दाने लेकर अहोई माता की कथा सुनें, इसके बाद तारों को अर्ध्य देकर व्रत पूरा करना चाहिए।

मैं मिट्टी हूं...देख ले मेरी तरफ भी एक बार-तेरे कुछ तो काम आऊंगी

# आधुनिकता से पौराणिकता की ओर उपभोक्ताओं के बढ़ रहे कदम

### मिट्टी में है मैजिक, इसलिए मिट्टी से बने बर्तनों की बढ़ी मांग

### चिकित्सक भी मिट्टी के बर्तनों में खाने को बता रहे लाभकारी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मैं मिट्टी** हूं...एक दिन मिट्टी में ही मिल जाऊंगी, देख ले मेरी तरफ भी एक बार-तेरे कुछ तो काम आऊंगी। यह बात सही है। मिट्टी हमारे बहुत काम आती है। अब समय आ गया है मिट्टी का मोल समझने का और मिट्टी को उसका खोया स्वरूप लौटाने का। इसमें कोई दोराय नहीं कि मिट्टी में मैजिक यानी जादू है। मिट्टी में आज भी बहुत से ऐसे तत्व हैं जो कि हमारे शरीर में लगी चोटों को ठीक कर देते हैं। पुराने वैद्य आज भी घावों को ठीक करने के लिए मिट्टी का लेप आदि करने में ही विश्वास रखते हैं।

अब एक बार फिर से मिट्टी के प्रति क्रेज बढ़ रहा है। मिट्टी में 26 पोषक तत्व होते हैं, जो कि हमारे शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसलिए लोग अपनी सेहत के प्रति सजग होते जा रहे हैं। क्योंकि बीमारियों की खान बन चुके शरीर को अब मिट्टी से मिलने वाले तत्वों की सख्त जरूरत है। इसलिए अब पौराणिक समय की तर्ज पर मिट्टी के बर्तनों का निर्माण जोरों पर किया जा रहा है। क्योंकि इसकी मांग बढ़ रही है। ये बर्तन लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें किसी तरह का कोई जोड़ नहीं है। एक ही सांचे में ढालकर मिट्टी के पूरे बर्तन को बनाया गया है।



मिट्टी से बनाए गए अलग-अलग प्रकार के बर्तन।

### मिट्टी से बने सभी बर्तन उपलब्ध : बागोरिया



**गुरुगाम** जिला के गढ़ी-हरसरू गांव में मिट्टी मैजिक शो के नाम से मिट्टी से बने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री करने वाले हितेश बागोरिया, रवि प्रजापति बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेश में बनी वस्तुओं (मेड इन इंडिया) को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उनके इस आह्वान पर आज मिट्टी की किस्मत भी जागी है। गुरुग्राम से देशभर में मिट्टी के उत्पादों की सप्लाई होती है। ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनों मोड में बिक्री हो रही है।

### डायनिंग टेबल की शोभा बन रहे हैं ये बर्तन : रवि



**मिट्टी** के उत्पादों के बारे में विक्रेता रवि प्रजापति बताते हैं कि डायनिंग टेबल की शोभा अब मिट्टी के बर्तन बन रहे हैं। रसोई में खाना बनाने से लेकर डायनिंग टेबल पर खाना परोसने तक के सारे बर्तन आज मिट्टी से बनने लगे हैं। खास बात यह है कि इनमें किसी तरह की कोई मिलावट नहीं है। शुद्ध मिट्टी से ये बर्तन बनाए गए हैं। उनके यहां मिट्टी से बने कुकर, दाल हांडी, देगची, फ्राई पेन, तवा, रोटी केस, कप, मग, गिलास, पानी की बोतल, सूप बाउल, छोटी-बड़ी चम्मच, केतली समेत अनेक प्रोडक्ट उपलब्ध हैं।

### मिट्टी के बर्तन में रखा पानी होता है फायदेमंद : डॉ. आर्य




**आयुर्वेदाचार्य** डॉ. सुनील आर्य का कहना है कि मिट्टी के बर्तनों का उपयोग हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभकारी है, बशर्ते उनके निर्माण में किसी तरह की मिलावट न की गई है। वे कहते हैं कि आरओ से अलग होकर निकले तत्वविहीन पानी को अगर मिट्टी के बर्तन में रख दिया जाए तो उसके तत्व (मिनरल्स) वापस आ जाते हैं। अगर कोई खाने से जुड़े सभी बर्तनों का मिट्टी वाले बर्तनों का उपयोग करे तो उनकी बीमारियां तक खत्म हो सकती हैं।

### हम मिट्टी के महत्व को भूल गए : डॉ. राम सिंह



**इतिहास** के जानकार प्रो. राम सिंह कहते हैं कि हम मिट्टी के महत्व को भूल गये थे। नई तकनीक से मैटल के बने बर्तनों की तरफ झुकाव हो गया। जो कि अंत में सेहत और वातावरण के लिए हानिकारक साबित हुए। मिट्टी के बर्तनों के फायदे अनेक हैं और नुकसान कुछ भी नहीं है। मिट्टी के बर्तन हमारी पुरानी जीवन पद्धति है। मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल समाज के गरीब परिवारों को रोजगार देता है। प्रो. सिंह के मुताबिक मिट्टी के खिलौने, मूर्तियां भी बच्चों, बड़ों के लिए सुरक्षित हैं। पहले दीपावली पर घी से मिट्टी के दीये जलाए जाते थे। वे वातावरण को भी शुद्ध करते थे। अब दीये भी प्लास्टिक व अन्य सामग्री से बने हुए आ गये हैं, जो नुकसानदायक हैं।

### गुजरात तक मिट्टी के बर्तनों की धूम : करण सिंह



**हरियाणा** माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन करण सिंह रानोलिया कहते हैं कि पूर्व में सरकार ने हर गांव में सर्वे कराया था। इसके बाद मिट्टी निकालने व आवा लगाने के लिए जगह दे दी गई। उन्होंने बताया कि गुजरात में एक व्यक्ति ने मिट्टी के फ्रिज का निर्माण किया है, तो वहीं झज्जर में मिट्टी से वाटर प्यूरिफायर तैयार किया है। यह कला और तकनीक का बड़ा उदाहरण है।

## ताला बंद मकान में अज्ञात लोगों ने लगाई आग



रात के समय में घर में लगी आग में बचाया गया अधजला घरेलू सामान।

### घरेलू सामान जलकर हुआ राख

**सोहना।** शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के निकट रेडीमेड कपड़ा दुकानदार के ताला बंद मकान में घुसे अज्ञात लोग रसोई सहित चार कमरों में आग लगाकर फरार हो गए। अग्निशमन की गाड़ियों से आग पर करीब एक से डेढ़ घंटे में काबू पाया गया। मकान में 90 फीसदी सामान जलकर राख हो गया।

मंगलवार-बुधवार मध्यरात्रि शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के निकट पिछले 20 दिन से ताला बंद मकान की दीवार चढ़कर अंदर घुसे चोरों ने मुख्य द्वार को छोड़ चार कमरे, रसोई, मूमटी पर लगे तालों को एक-एक करके तोड़ा। मकान से बाहर जाने से पहले प्रत्येक कमरे में रखे सामान को आग के हवले कर गए। बंद मकान से देर रात धुआ निकलता देख पड़ोसियों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। उसके बाद दुकानदार नरेश पुत्र रमनलाल के भतीते संजय को फोन करके बताया। जब तक अग्निशन की गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक आग विराट रूप ले चुकी थी। मकान का कोई एक ऐसा कोना तक नहीं बचा था। जहां पर आग न लगी हो। जिसके चलते दकमल कर्मियों को आग पर काबू पाने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। जानकारी के अनुसार मकान मालिक नरेश अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर करीब 15 दिन पहले शहर से बाहर गया था। जिसके खिलाफ छोटा बेटा के ससुराल पक्ष की तरफ से जिला नूंह में मामला दर्ज है।

### पहले से दी थी धमकी

**मकान** मालिक नरेश के भतीजे संजय ने बताया कि उसके चचेरे भाई के ससुर ने करीब एक माह पहले आत्महत्या कर ली थी। जिसके कारण नूंह निवासी बेटे के ससुराल पक्ष के लोगों ने चाचा और उसके सभी सदस्यों को जान से मारने और बरबाद करने की धमकी दी गई थी।

### रंजिश का मामला

**सिटी** चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मकान में आग की जांच कर रही है। यह आग रंजिश के कारण लगाया जाना हो सकता है। क्योंकि मकान मालिक व उसके सभी परिजनों के खिलाफ नूंह थाना में 306 के तहत मामला दर्ज है।

## हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर केओडी में महोत्सव

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफड्रीम्स में 31 अक्टूबर की शाम को हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में हरियाणवी सांस्कृतिक विधा के साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## अंत्योदय के सपने को साकार करने में बैंकिंग सेक्टर का अहम योगदान

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री के अंत्योदय के सपने को साकार करने में बैंकिंग सेक्टर अहम योगदान दे रहा है।

बैंकर्स समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर उनके जीवनस्तर में सुधार लाने में जिम्मेदारी प्रमुखता से निभा रहे हैं। वे आज भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देश पर बैंकरों द्वारा जीआईए हाउस में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

डॉ. यश गर्ग ने कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत जीआईए हाउस के सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल मे लोगों के उद्यम काफी हद तक प्रभावित हुए हैं। ऐसे में बैंकर्स ने उन लोगों को कठिन परिस्थितियों से उबारने व नव उद्यमियों को उनके उद्यम स्थापित करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना जरूरी: विश्राम मीणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में आयोजित की जा रही मंडल स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता के दूसरे दिन अतिरिक्त जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गुरुग्राम मंडल के तीनों जिले गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय बाल महोत्सव में विजेता रहे सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के बच्चे इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना जरूरी है।

लक्ष्य निर्धारण के उपरान्त उसकी प्राप्ति के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान अवश्य देना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में आयोजित प्रतियोगिताओं में यदि ईमानदारी से प्रयास किए जाए तो



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते एडीसी विश्राम मीणा।

आगामी जीवन की सभी प्रतियोगितायें आपको सरल लगेगी। प्रतियोगितायें आपको मानसिक मजबूती प्रदान करने के साथ ही आपके जीवन मे लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होती है।

महोत्सव के दूसरे दिन उपरोक्त तीनों जिलों में समूह नृत्य में तीसरे स्थान व एकल नृत्य में दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया, कल्याणी, रश्मि, पूजा मालिक, शकुंतला ढुल सहित परिषद का पूरा स्टाफव विभिन्न स्कूलों के अध्यापकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ड्रिजल ऐंड डस्ट बेकरी के साथ बेहतरीन और स्वादिष्ट डेजर्ट एवं नमकीनों का आनंद उठाईये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उत्कृष्ट** मिष्ठान्न और नमकीन वर्ग में नव आगंतुक, सो इंडल्जेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने ड्रिजल ऐंड डस्ट लॉन्च किया है। यह मिठाइयों की स्फूर्तिदायक और इनोवेटिव रेंज है जिसका आपको लम्बे समय से इंतजार था! शानदार गैलेरिया मार्केट, डीएलएफ फेज 4, गुरुग्राम में ड्रिजल ऐंड डस्ट का परिवेश सुन्दर, सुखद और उत्साहवर्द्धक है। बैठने की विशिष्ट जगह के साथ यह स्थान वैसे तो कैजुअल है, फिर भी ऊंचे दर्जे का है जहां मिठाइयों के लिए प्रेम जोर मारता है। आप शिल्पकारी वाले केक, पेस्ट्रीज और नमकीनों का स्वाद ले सकते हैं। इसके अलावा यहां वे सभी स्वाद-सुगंध उपलब्ध हैं जो सुरुचि, सौन्दर्य और शुद्धता के साथ भारतीय लोगों को आकर्षित करते हैं और उन्हें विशिष्ट बनाते हैं। इसके किचन में विशेषज्ञ शेफ्स लगातार आरऐंडडी और उत्पाद विकास के साथ इस रेंज को विशिष्ट, स्वादिष्ट और मुंह में पानी आने के लायक बनाते हैं।

ड्रिजल ऐंड डस्ट के प्रवक्ता ने कहा कि, एक आला और ऊंचे दर्जे का डिजर्ट बार के रूप में ड्रिजल ऐंड डस्ट को लॉन्च करने का विचार उन उपभोक्ताओं को आनंदित करने की संकल्पना के साथ किया गया था, जिन्हें खास तौर पर तैयार पेय पदार्थों के साथ खूबसूरती से पेश किये गए विशिष्ट स्वाद और सुगंध की लालसा रहती है। उपभोक्ताओं को न केवल बढ़िया मिठाइयों की ललक रहती है, बल्कि वे नए प्रकार के स्वाद और नमकीनों के साथ प्रयोग करना भी पसंद करते हैं। ड्रिजल ऐंड डस्ट में हमारे शेफ्स ने पारखी उपभोक्ताओं के लिए नए स्वाद-सुगंधों के साथ प्रयोग किया है जो पूरी तरह आश्चर्यचकित करने वाले हैं! आपका दिन सुखद बनाने के लिए कुछ शानदार आकर्षण इस प्रकार हैं ड्रिजल ऐंड डस्ट केक, पेस्ट्री, जो देखने में लाल मखमली केक लग सकता है, लेकिन आश्चर्यों से भरा है। द न्यू एज पाइनएप्पल, देखने में तो चीजकेक जैसा लगता है, लेकिन असल में कुछ और ही है। आर्टिजनल ब्रेड्स, जिसकी एक खास घरेलू व्यंजन विधि है। नमकीनों की श्रृंखला यह दुनिया



के विभिन्न हिस्सों से प्रेरित है और हमारे पेय पदार्थों के साथ शानदार जोड़ी बनाती है। इन आश्चर्यों का अनुभव करने के लिए स्टोर पर पहुँचिये और खुद उन्हें आजमाइए। मुझे पक्का यकीन है, आप अचंभित हुए बिना नहीं रह सकते। ड्रिज़ल ऐंड डस्ट हमारा पहला बार है और आगामी महीनों में हम और भी कुछ नए बार लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।

2 व्यक्तियों के लिए रेंज की कीमत 800 - 1000 रुपये तक है, जो जेब पर भारी नहीं पड़ती है। शुद्धता के साथ बनाई गई मिठाइयों के साथ और हलके भोजन के साथ भी आपकी स्वाद ग्रंथियों को तृप्त करने की शानदार जगह है। ड्रिजल ऐंड डस्ट में मिठाइयाँ और नमकीन आपकी स्वाद ग्रंथियों को आनंदित करने का एक आकर्षक और ताजगी भरा तरीका है!

## दीपावली पर्व को लेकर खरीदारों की बाजारों में बढ़ती जा रही है भीड़

**गुरुग्राम।** दीयों का पर्व दीपावली को लेकर शहरवासी ही नहीं, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कोरोना महामारी का प्रकोप अभी कम अवश्य हुआ है, लेकिन कोरोना पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस सबके बावजूद भी पिछले कई दिनों से शहर के मुख्य सदर बाजार, सोहना चौक, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड स्थित बाजारों सहित शहर के एमजी रोड स्थित दर्जन भर शॉपिंग मॉल्स में शहरवासी व ग्रामीण खरीददारी करने के लिए पहुंच रहे हैं।

गत रविवार को भी इन बाजारों में महिलाओं, बच्चों की भी भारी भीड़ दिखाई दी। आज वीरवार को अहोई पर्व मनाने के लिए बुधवार को महिलाएं पूजा-अर्चना का सामान खरीदती दिखाई दी। सभी में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उधर दुकानदार भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि कोरोना महामारी के बाद अब कुछ बिक्री बढ़ी है। उधर कोरोना महामारी के प्रकोप से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं कि फेस मास्क लगाकर ही लोग अपने घरों से निकलें और सामाजिक दूरी का पालन करें, लेकिन त्यौहारों को लेकर उत्साहित हुए लोग इन दिशा-निर्देशों का पालन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग लोगों से दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करता आ रहा है।

## ऑयलर मोटर्स ने लॉन्च किया हाईलोड ईवी

### भारत का सबसे शक्तिशाली 3W कार्गो 3Wकार्गो में छह कार्गो 'सेगमेन्ट-फर्स्ट' फीचर्स, भारत की ओर से भारत के लिए इनोवेशन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इलेक्ट्रिक** कमर्शियल वाहनों पर ध्यान केन्द्रित करने वाली भारतीय ईवी कंपनी ऑयलर मोटर्स ने आज अपने पहले कार्गो थ्री-व्हीलर, हाईलोड ईवी का लॉन्च किया है, जो भारत का सबसे पावरफुल 3W कार्गो वाहन है। भारत में 3W कार्गो सेगमेन्ट में सबसे अधिक पेलोड क्षमता (आईसीई सहित) के साथ, यह सबसे ज्यादा बैटरी पावर ; (vw.y kWh) और एक चार्ज में सर्टिफाईड रेंज (vzv KM) शक्तिशाली संयोजन है। खासतौर पर भारत से, भारत के लिए डिज़ाइन किया गए हाईलोड 3W कार्गो में सेगमेन्ट में पहली बार छह इनोवेशन्स पेश किए गए हैं, जिनके साथ यह भारतीय सड़कों एवं मौसम की परिस्थितियों के लिए पूरी तरह से अनुकूल है तथा शानदार परफोर्मेन्स देता है।

हाईलोड बैटरी इनबिल्ट थर्मल मैनेजमेन्ट सिस्टम और लिक्विड



कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ आती है, जिससे वाहन किसी भी ग्रेडिएन्ट पर पूरी दक्षता के साथ चलता है और किसी भी तापमान को सहन कर सकता है, इस तरह यह लम्बी बैटरी लाईफ देता है। वाहन की IP67 सर्टिफाईड बैटरी शानदार परफोर्मेन्स तथा पानी के जमाव में भी बेहतरीन दक्षता देती है। वाहन आधुनिक टेलीमेटिक्स एवं सॉफ्टवेयर असिस्टेन्स के साथ आता है जो फ्लीट ट्रैकिंग, बैटरी मॉनिटरिंग एवं रियल टाईम चार्जिंग के लिए उपयुक्त है।

हाईलोड अपने सेगमेन्ट में पहला ईवी है जो 200 द्वद्व फ्रंट डिस्क ब्रेक्स के साथ आता है, ताकि ब्रेकिंग की दूरी और गतिशीलता में सही तालमेल बना रहे। 88.55 Nm की टोर्क रेंज और 10.96 kw की पीक पावर के साथ यह उत्कृष्ट ग्राउण्ड क्लियरेन्स, बेहतर ग्रेडेबिलिटी, ज्यादा स्पीड एवं ज़्यादा एक्सेलरेशन देता है। सौरव कुमार, संस्थापक एवं सीईओ, ऑयलर मोटर्स ने कहा। यह भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन इसे तेजी से अपनाया जाना ओईएम की परफोर्मेन्स की क्षमता एवं टीसीओ पैरिटी या आईसीई वाहनों की तुलना में इन मानकों में सुधार पर निर्भर करता है। इसके लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण की आवश्यकता है। ऑयलर मोटर्स अपने इस प्रोडक्ट, तथा रखरखाव में सहयोग के माध्यम से ई-मोबिलिटी की सम्पूर्ण प्रणाली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत को भद्दी गालियां देने और पाकिस्तान जिंदाबाद के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने सुल्तानपुर काठपुरी निवासी आरोपी इरशाद किया गया नामजद


## पिनगवां कस्बा स्थित किताब विक्रेता की दुकान पर बैठा दिख रहा आरोपी युवक

ललित गर्ग। पुन्हाना

**भारत** देश के खिलाफ भद्दी-भद्दी गालियां देने व पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले युवक के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज किया है। युवक द्वारा एक वीडियो में हिंदुस्तान के बारे में अश्लील शब्दों का प्रयोग किया व अपने आप को पाकिस्तानी बताया। ये वीडियो आग की तरह सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

वीडियो में की गई बकवास से कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी सजगता से काम लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। इसके अलावा वीडियो में जिस कदर युवक द्वारा अपने भारत देश के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया, उससे इलाके के लोगों में गहरा रोष है, लोगों का पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार से आह्वान है कि ऐसे असामाजिक तत्वों को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करके सजा दी जाए, ताकि भविष्य कोई भी ऐसा व्यक्ति इस तरह के कदम नहीं उठाए।

आपको बता दे कि बीते दिनों हुए भारत-पाक क्रिकेट मैच में पाकिस्तान की जीत के बाद मेवात जिले के फिरोजपुर झिरका, नगीना, पिनगवां व पुन्हाना कस्बों में जबरदस्त तरीके से आतिशबाजी


वीडियो में देश के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाला आरोपी युवक।

करके खुशी का इजहार किया गया था। जिसका सभी जगह लोगों में काफी रोष रहा। लोगों कहना था कि आखिरकार ऐसे लोग इस तरह पाकिस्तान जीतने की खुशी में आतिशबाजी जलाकर व खुशी मनाकर क्या दिखाना चाहते हैं? लोगों का अभी इन सभी हरकतों का मलाल अभी समाप्त भी नहीं हुआ था कि पिनगवां कस्बे में एक किताब विक्रेता की दुकान पर बैठे एक युवक की वीडियो वायरल हो गई। जिसमें युवक द्वारा हिंदुस्तान को भद्दी-भद्दी गालियां दी जा रही है तो पाकिस्तान जिंदाबाद कहते हुए अपने आप को पाकिस्तानी कह रहा है।

जब वीडियो बनाने वाले युवक द्वारा कहा जा रहा है कि तुम हिंदुस्तान में रहकर हिंदुस्तान को गाली दे रहे हो। पाकिस्तान के गुणगान गा रहे हो तो आरोपी युवक धमकी देते हुए कहता है कि जिसको जो बिगड़ना बिगाड़ ले। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और तुरन्त प्रभाव से आरोपी इरशाद उर्फ सद्दाम पुत्र रसीद निवासी सुल्तानपुर काठपुरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक द्वारा किया जा रहा अभद्र भाषा के प्रयोग ने विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता व अमन शांति भंग करने का कार्य किया गया है। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में सही तथ्य रखें अधिकारी : मंत्री

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री ने सुनी 12 शिकायतें

## डा. बनवारी लाल ने पांच शिकायतों का मौके पर ही समाधान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में जय सिंह सैनी निवासी वार्ड नंबर-4 फिरोजपुर झिरका की सीएम विंडो पर लगाई गई शिकायत के बारे में कहा कि नगरपालिका झिरका के समय स्वामित्व में आने वाले नाले नंबर 305, 306 वह 308 पर हुए अवैध कब्जे के निर्माण संबंधित शिकायत का सचिव नगर पालिका फिरोजपुर झिरका तुरंत समाधान कर रिपोर्ट आगामी मासिक बैठक में प्रस्तुत करें। सीएम विंडो पर लगी शिकायत को फाइल करने वाले


लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति में लोगों की शिकायतें सुनते हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल। साथ हैं अधिकारीगण।

संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करें।

सहकारिता मंत्री ने सचिव नगर परिषद नूंह को इस्माइल मोहम्मद शमीम इस्लामुद्दीन एवं निवासी समस्त वार्ड नंबर-6 नायब गली मदीना कॉलोनी में गंदगी वह जलभराव की समस्या को तुरंत प्रभाव से समाधान कर आगामी मासिक बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

सहकारिता मंत्री ने उपमंडल अधिकारी नागरिक तावडू को आदेश दिया कि गांव भाई का डंडा रोज गांव में निवासी उस्मान की शिकायत का तुरंत समाधान करते हुए अवैध माइनिंग पर लगाम लगाई जाए। अवैध माइनिंग करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। सहकारिता मंत्री को करीम बख्श पुत्र सुलेमान निवासी गांव सारोला की शिकायत पर पंचायत के रास्ता नंबर 247 के नाजायज कब्जे को छुड़वाने के लिए तहसीलदार तावडू ने बताया कि इस संबंध में कब्जा धारियों के विरुद्ध नोटिस दे दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जिला में जो भी विकास कार्य हो वह नियमों के आधार पर और उचित समय में पूर्ण होने चाहिए। हरियाणा के सहकारिता मन्त्री डा. बनवारी लाल शनिवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समीति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में सुनवाई के लिए कुल 12 परिवाद रखे गए। इनमें 03 मामले पिछली बैठक से लंबित थे तथा 09 नए मामले रखे गए। जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी विवाद रखे जाते है उन विवादों के समाधान की सही रिपोर्ट अधिकारी प्रस्तुत करें यदि किसी ने गलत रिपोर्ट पेश की तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ता भी इस बात का ध्यान रखें कि वे शिकायत में किसी गलत आदमी का नाम दर्ज न कराएं, यदि शिकायत कर्ता ने रिपोर्ट में गलत आदमी का नाम दर्ज कराया तो भविष्य में शिकायत कर्ता के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर नूंह विधायक आफताब अहमद, फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान, उपायुक्त शक्ति सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त सुभिता ढाका, एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर झिरका रणवीर सिंह, नगराधीश जयप्रकाश, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल सहित समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्य व जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पीपीपी से सरकार की हर योजना पहुंचेगी पात्र व्यक्ति तक: सुभिता ढाका

## सभी तरह की सामाजिक पेंशनों को भी जोड़ा है पीपीपी के साथ

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**अतिरिक्त** उपायुक्त सुभिता ढाका ने कहा कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के माध्यम से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। सभी को परिवार पहचान पत्र बनवाना चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत हरियाणा के प्रत्येक परिवार को 14 अंकों का विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया जा रहा है। जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली सभी सेवाओं और योजनाओं का लाभ हरियाणा के प्रत्येक नागरिक तक पहुंच रहा है या नहीं। यह परिवार पहचान पत्र संयुक्त तथा अलग परिवारों के लिए तैयार किया जाएगा। एडीसी ने कहा कि सरकार आमजन की सुविधाओं के लिए कई प्रकार की योजनाओं व नीतियों पर निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता सदैव आमजन को विभिन्न सुविधाएं मुहैया करवाना है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र नामक दस्तावेज बनाने के लिए मुहिम चलाई जा रही है ताकि आमजन को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पैंशन प्राप्त करने वाले सभी लाभपात्रों के लिये परिवार पहचान पत्र आवश्यक कर दिया गया है। वे पेंशन के लिये तभी आवेदन कर सकते है जब उनका परिवार पहचान पत्र बना होगा। इसलिये सभी लाभपात्र पेंशन का आवेदन करने से पहले अपने क्षेत्र के नजदीकी सीएससी सेंटर व अटल सेवा केंद्र में जाकर परिवार पहचान पत्र बनवाएं। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ सरकार द्वारा एक समर्पित पोर्टल हरियाणा परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए संचालित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे अपना पहचान पत्र बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जन कल्याण के लिये विभिन्न योजनायें चलाई जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिकायत से खफा मेडिकल स्टोर संचालक व शिकायतकर्ता भिड़े


जांच कार्रवाई करते हुए ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार।

**पुन्हाना।** बिना लाईसेंस के क्लीनिक खोलने व मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाइयों को बेचने की सीएम विंडो में लगाई शिकायत पर फूड एण्ड ड्रग विभाग व स्वास्थ्य विभाग पुन्हाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कार्यवाही की। तभी टीम के सामने ही शिकायतकर्ता व मेडिकल स्टोर संचालक के पक्ष में जमकर लाठी डंडे चल गए। इससे कुछ लोगों के गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों विभागों की टीमों ने वैसे तो लगभग अपनी कार्यवाहीं पूरी कर लीं और टीम दोनों पक्षों के झगड़े को देखते हुए मौके से चलती बनीं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। बताया जा रहा है कि झगड़े में दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा सीएम विंडो में शिकायत लगाई हुई थी कि पुन्हाना में स्थित हबीब मेडिकल स्टोर संचालक नशे की दवाइयों की बिक्री करता है। उसने अवैध रूप से क्लीनिक चलाया हुआ है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग व उनकी संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। मौके पर किसी भी प्रकार की नशीली दवाईयां नहीं पाई गई। लेकिन जांच के दौरान मौके से छह दवाइयों के सैम्पल लिए गये। जिन्हें जांच के लिए चण्डीगढ़ लैब भेजा जाएगा। इसके अलावा जांच के दौरान अन्य काफी कमियां मिलीं, जिन कमियों को ड्रग एक्ट के तहत सीनियर ड्रग कंट्रोलर अधिकारी गुरूग्राम को भेजा जाएगा। फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा। इधर चिकित्सा अधिकारी डा. विजय पाल ने बताया कि जांच के दौरान उन्हें क्लीनिक में कुछ भी नहीं मिला, केवल एक बेड़ व लैब का सामान मौके पर पड़ा हुआ था। वहां कोई मरीज या दवाईयां नहीं मिली। दो विभागों की टीमों की कार्यवाही से खफा मेडिकल स्टोर संचालक व शिकायत किए जाने के शक में पड़ोस के दुकानदार में जमकर लाठी डंडों से झगड़ा हुआ। ऐसे में दोनों विभागों की टीम अपनी कार्यवाहीं कर चुकी थीं। झगड़े की स्थिति बढ़ती देख वे वहां से अपनी कार्यवाहीं करके चलती बनीं। झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग घायल भी हुए।

### डेंगू की रोकथाम के लिए कदम उठाए स्वास्थ्य विभाग: डीसी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा है कि वे जिला में शहरी स्थानीय विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं तथा साथ ही सघन फोगिंग पर बल दें। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि हमें डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे और विशेष प्रयास करने होंगे क्योंकि डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य टीमों को सक्रिय करना होगा। ये टीमें लगातार लारवा की जांच करें तथा दवाई इत्यादि का छिडक़ाव करने पर भी बल दें। उन्होंने ने कहा कि हमें डेंगू के मामलों को कम करने के पूरे प्रयास करने होंगे।

### मरीज को ले जाते एंबुलेंस चालक को मारपीट कर लूटा

**तावडू।** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस के चालक के साथ अज्ञात बदमाशों द्वारा मारपीट कर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित एंबुलेंस चालक ने तावडू सीएचसी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। एंबुलेंस चालक के साथ मारपीट से स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष है। उदाका नूंह निवासी अलाउद्दीन ने बताया कि वह तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एंबुलेंस पर बतौर चालक कार्यरत है। 26 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे वह तावडू सीएचसी से रेफर जच्चा-बच्चा मरीज को नल्हड मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहा था। आरोप है कि शाम के लगभग 6 बजकर 51 मिनट पर जब है पल्ला गांव से आगे नहर के नजदीक पहुंचा तो कुछ अज्ञात बदमाशों ने सरकारी एम्बुलेंस के सामने अपनी गाड़ी लगाकर, उन्हें जबरन रुकवा लिया। उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। एंबुलेंस चालक के मुताबिक इस दौरान बदमाशों ने उनके गले से एक सोने की चेन और पर्स को छीन लिया। जिसमें 21850 रुपये थे। वहीं बदमाशों ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने पुलिस कार्रवाई की तो उसे जान से मार देंगे। शोर मचाने पर मौके पर कुछ लोग आ गए। जिन्होंने उन्हें बदमाशों से छुड़ाया। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र सोलंकी ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक और विभाग सीएमओ को दी है। इसको लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष है जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### डालसा चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर बस रवाना की

**नूंह।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी नूंह के सेशन जज संदीप गर्ग ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि पैनल वकील व पीएलवी के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को जिला न्यायिक परिसर में मेगा कैम्प का आयोजन किया जाएगा तथा यह बस गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इस मौके पर हरीश गुप्ता एडीजे, संजय शर्मा एडीजे, प्रशांत राणा एडीजे, मोहित अग्रवाल एडीजे, सतीश कुमार एसीजेएम, प्रतीक जैन सीजेएम कम सेक्रेटरी डालसा भी मौजूद रहे।

# ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में बिफरे कांग्रेस विधायक



## कांग्रेस के दो विधायकों ने किया ग्रीवेंस कमेटी बैठक का किया बहिष्कार

## गलत काम करने वाले अधिकारियों को मिल रहा संरक्षण : आफताब

रिजवान कासिम। मेवात

**जिला** लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में कांग्रेस के दो विधायकों ने सरकार की ग्रीवेंस कमेटी की बैठक पर तीखा हमला करते हुए बैठक का बायकाट कर दिया। सीएलपी उपनेता आफताब अहमद ने कहा कि ग्रीवेंस बैठक महज औपचारिकता भर है। सरकार मनमानी करती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठक का कांग्रेस विधायक बहिष्कार करते हैं।

आफताब अहमद ने कहा कि गलत काम करने वाले अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। गुस्से में उन्होंने सरकार की तुलना अंग्रेजों के जमाने की सरकार तक से कर दी। इसके अलावा फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान ने कहा कि सरकारी अध्यापक को बिजली चोरी रोकने वाले पुलिस कर्मचारी बेवजह तंग कर रहे हैं। पिछले कई महीने से यह शिकायत ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में लगातार सुनी जा रही है। बार-बार इसे पेंडिंग कर दिया जाता है, लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं दिया जा रहा। जिसके चलते बुधवार को जब शिकायत को फाइल किया जाने लगा तो दोनों कांग्रेस के विधायक आपा खो बैठे। उन्होंने भरे मीटिंग हॉल में कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारीलाल के अलावा जिले के तमाम आला अधिकारियों के सामने खूब खरी-खोटी सुनाई। हद तो तब हो गई जब गुस्से में लाल पीले दोनों कांग्रेस के विधायक बैठक का बायकॉट कर बाहर चले गए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान दोनों विधायकों ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक पर सवालिया निशान लगाते हुए सरकार को जमकर घेरने की कोशिश की। कांग्रेस विधायकों का इस तरह का रवैया देखकर सदन में कुछ देर के लिए सन्नाटा पसर गया। आपको बता दें कि मोहम्मद जमील पुत्र राज खान गांव खुशपुरी तहसील नगीना ने शिकायत देकर कहा कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय अक्लिमपुर फिरोजपुर में बतौर अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गत 24 सितंबर 2020 को बिजली पानी चोरी रोकने के लिए सरकार द्वारा गठित की गई पुलिस टीम के तीन अधिकारी गाड़ी लेकर आए और मोहम्मद जमील को जबरन गाड़ी में डाल लिया। यहां तक कि कपड़े भी फाड़ दिए गए और नगीना थाना ले जाकर उसके साथ बेइज्जती की गई। दोनों विधायकों ने कहा कि पीड़ित पक्ष अपना बिल जमा कर चुका था। अध्यापक के पिता के नाम पर स्कूल का बिजली मीटर था, लेकिन उसके बावजूद भी बेगुनाह अध्यापक को बेइज्जत किया गया।

# शहीद हसन खां मेडिकल कॉलेज पहुंचे विधायक

## मेडिकल कालेज में मरीजों और डॉक्टरों से मिले आफताब अहमद

दीपक कुमार। नूंह

**नूंह** विधायक व हरियाणा कांग्रेस विधायक दल उपनेता चौधरी आफताब अहमद बुधवार को शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों से मिलकर उनका हाल चाल जाना और वार्डों में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक आफताब अहमद ने मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों से भी बैठक की। कहा कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कमी ना रहे भले ही संसाधन पूरे नहीं हैं लेकिन डॉक्टरों के प्रयास में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा ना आये इसका प्रयास गंभीरता से किया जाएगा चौधरी आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि डेंगू के मरीज खासकर बच्चे अधिक भर्ती हैं, पहले निरीक्षण की अपेक्षा आज हालात बेहतर हैं। जब 8 अक्टूबर को वो कॉलेज का दौरा करने आये थे। तब डाक्टरों का अभाव भी था, हमने अधिक डाक्टरों की मांग की थी, अब कुछ डाक्टर खासकर बच्चों के यहां लाये गए हैं। चौधरी आफताब अहमद ने बताया कि एक हफ्ते पहले वो मेडिकल विभाग के एसीएस से मिले थे। यहां के हालातों से अवगत कराया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि मेडिकल कॉलेज को सुधारा जायगा, आज फिर विधायक खुद मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने आये हैं।


मेडिकल कॉलेज में मरीजों से मिलते विधायक आफताब अहमद।

सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने बीजेपी प्रदेश सरकार पर मेडिकल कॉलेज की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कॉलेज की तरफ कोई तवज्जो नहीं दे रही है।

# 82 लाख इमेज को अपलोड कर पूरा किया 99.51 फीसद काम: कौशल

## हरियाणा के जिलों पर आधुनिक राजस्व रिकार्ड रूम 15 नवंबर तक होंगे तैयार: एसीएस

## प्रदेश में बरसों पुराने राजस्व अभिलेखों को किया गया डिजिटाइज

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व वित्तायुक्त संजीव कौशल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर आधुनिक राजस्व रिकार्ड रूम आगामी 15 नवंबर तक तैयार हो जायेंगे। श्रीकौशल राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बरसों पुराने राजस्व अभिलेखों को डिजिटाइज करने का काम तेजी से चल रहा है और अब जल्द ही ये रिकॉर्ड माउस की एक क्लिक पर आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे जबकि पहले इसे देखने और ट्रेस करने में काफी समय लगता था। उन्होंने उपायुक्तों द्वारा उत्तराखंड में बाढ़ प्रभावित लोगो के लिए राहत समाग्री भेजने की सराहना भी की।

उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग लाखों फाइलों और कागजातों से भरा हुआ है, कुछ तो 1870 से भी पुराने हैं। इस नई पहल के तहत, महत्वपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड और दस्तावेजों को स्कैन, सूचीबद्ध किया जा रहा है और आधुनिक रिकॉर्ड रूम में डिजिटल बॉक्स में रखा जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि अब तक विभाग द्वारा कुल 18 करोड़ 70 लाख 38 हजार 840 दस्तवेजो में से 17 करोड़ 44 लाख 89 हज़ार 332 दस्तावेजों को अपलोड किया जा चुका है जो कि 97.94 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि पंचकूला और चरखी दादरी ने शत प्रतिशत इमेज को अपलोड कर दिया है जो कि क्रमश: 29 लाख 88 हजार 840 और 21 लाख 31 हजार 158 है। इसी तरह, करनाल में 1 करोड़ 11लाख 98 हजार 823 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.86 प्रतिशत है। हिसार में 1 करोड़ 26 लाख 55 हजार 132 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.72 प्रतिशत है। भिवानी में 1 करोड़ 2 लाख 31 हज़ार 455 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.65 प्रतिशत है। यमुनानगर में 93लाख 11 हजार 851 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.65 प्रतिशत है। गुरुग्राम में 72 लाख 28 हजार 605 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 96.25 प्रतिशत है। पलवल में 94 लाख 63 हजार 812 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.13 प्रतिशत है। कैथल में 63 लाख 76 हजार 32 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 96.51 प्रतिशत है। कुरूक्षेत्र में 52 लाख 69 हजार 947 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.51 प्रतिशत है। झज्जर में 48 लाख 98 हज़ार 296 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 82.12 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद में 85 लाख 76 हजार 651 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 97.94 प्रतिशत है। रोहतक में 79 लाख 56 हजार 272 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 97.89 प्रतिशत है। फरीदाबाद में 90 लाख 38 हजार 693 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.26 प्रतिशत है। पानीपत में 55 लाख 65 हजार 385 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 95.55 प्रतिशत है। सोनीपत में 82 लाख 10 हजार 2 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.02 प्रतिशत है। सिरसा में 60 लाख 35 हजार 100 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 96.68 प्रतिशत है। अम्बाला में 71 लाख 11 हजार 683 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.67 प्रतिशत है। नूंह में 81 लाख 99 हज़ार 373 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.51 प्रतिशत है। कौशल ने बताया कि जींद में 5405826 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.45 प्रतिशत है। रेवाड़ी में 4493441 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 96.05 प्रतिशत है। महेन्दरगढ़ में 7528936 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.97 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सिविल सेक्रेटेरिएट में 3706851 इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 98.51 प्रतिशत है और हरियाणा न्यू सेक्रेटेरिएट में 1 करोड़ 9 लाख से अधिक इमेज को अपलोड किया जा चुका है, जोकि 99.75 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इन इमेज को रेवेन्यू वेरीफिरे द्वारा वेरीफाइड किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 1 करोड़ 544 लाख 23649 इमेज को वेरीफाइड किया जा चुका है जोकि 88.50 प्रतिशत है। इसी प्रकार, वेरीफाइड इमेज को हार्टट्रोन द्वारा 10 प्रतिशत इमेज को रेंडमली चेक किया जा रहा है।


एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा वीसी में बैठी हुई।

# जिओ टावर से उपकरण चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव खरखड़ी केएमपी हाईवे पर लगे एक जिओ टावर से कीमती उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की यह घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सदर थाना पुलिस ने मामले में तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तावडू बावला रोड निवासी अनूप सिंह ने बताया कि वह रिलायंस जिओ में बतौर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## असहिष्णुता
### फिल्मों में हस्तक्षेप

**राज्य** द्वारा कलाओं के क्षेत्र में हस्तक्षेप करना या ऐसा करने वाले अराजक तत्वों को संरक्षण देना उचित नहीं है। भारतीय सिनेमा उद्योग लगभग 200 बिलियन रुपये का उद्योग है और यह दुनिया में अधिकतम फिल्में तैयार करता है। हर साल 3.6 बिलियन से अधिक टिकट बिकते हैं जो देश की जनसंख्या का तीन गुना है। इसके बावजूद इस विशाल क्षेत्र को छोटे व हाशिए पर पड़े तत्वों द्वारा उनकी इच्छा होने पर बंधक बनाया जा सकता है। जनसंख्या के कुछ कट्टरपंथी व असहिष्णु तत्वों ने हमेशा भारतीय सिनेमा के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। पिछले वर्षों में उनमें से कुछ की गतिविधियां कानून, तर्क व सार्वजनिक सभ्यता के दायरे से बाहर रही हैं। अक्सर ये शारीरिक धमकी तथा हिंसा में बदल जाती हैं। इसे उस समय के सत्तारूढ़ वर्ग की विचारधारा से प्रोत्साहन मिल सकता है। इसे किसी भी चीज, यहां तक कि सरलतम सिनेमाई स्वतंत्रता से भड़कने का बहाना मिल जाता है। नवीनतम घटना में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भोपाल में फिल्म निर्देशक प्रकाश झा पर स्याही फेंकी तथा आगामी वेब सीरीज़-आश्रम 3 के फिल्म सेट पर तोड़फोड़ की। उनका कहना था कि सीरीज़ में अश्लील दृश्य हैं और उनसे हिंदू भावनायें आहत होती हैं। उन्होंने वाहनों को तोड़ा तथा कर्मचारियों की पिटाई की। उनके साथ तार्किकता, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, सेक्युलर इरादों, आदि पर चर्चा का कोई सवाल नहीं था। ये चीजें उनकी समझ से बाहर हैं। उनकी प्रतिक्रिया का कारण राजनीतिक भावनायें हैं। भारत में ऐसे



विरोध सालों और यहां तक कि दशकों पहले से देखने में आए हैं।

वर्ष 2000 में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने दीपा मेहता के फिल्म सेट वाटर पर वाराणसी में हमला किया था क्योंकि यह उनकी समझ से 'हिंदू-विरोधी' था। दीपा ने भारत में फिल्म निर्माण बंद कर इसे श्रीलंका में पूरा किया। इसके पहले उनको अपनी फिल्म फायर के लिए भी शिवसेना का गुस्सा झेलना पड़ा था और स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने उनकी बहुत निन्दा की थी। राजपूत फैन क्लब द्वारा संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत का विरोध 2017 में हुआ था। उनका दावा बचकाना और स्वाभाविक रूप से असत्य था। अभी हाल में भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने केरल में मलयालम फिल्म नीयम निधि की शूटिंग रद्द करने पर मजबूर किया था। उनको फिल्म में मंदिर से बाहर निकलती लड़की का दूसरे धर्म के लड़के के प्रति आकर्षित होना पसंद नहीं था। वैसे अपने आप ये तथाकथित विरोध कुछ समय में स्वाभाविक रूप से समाप्त हो जाते हैं, लेकिन उनको मीडिया प्रचार तथा सोशल मीडिया के कारण नया जीवन मिल जाता है। समस्या उस समय पैदा होती है जब राज्य भी इसमें अपनी भूमिका अदा करने लगता है। प्रकाश झा के मामले में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने आदेश किदया कि फिल्म निर्माताओं को स्थानीय प्रशासन को स्क्रिप्ट दिखा कर शूटिंग के लिए उसकी अनुमति लेनी होगी। इसका अर्थ है कि अब नौकरशाह यह तय करेंगे कि क्या आपत्तिजनक है या नहीं और फिल्म की शूटिंग उनके निर्णय पर निर्भर होगी। यदि फिल्मों पर शूटिंग के समय ही सेंसर लगाया जाता रहा तो सेंसर बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। सवाल उठता है कि कहीं राज्य भी तो विरोध करने वालों का साथ नहीं दे रहा है अथवा क्या वह अपने हस्तक्षेप से विरोध को बढ़ावा तो नहीं दे रहा है।

# कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

सरकार को उभरते मुद्दों का राजनीतिक समाधान खोजने के बजाय कट्टरवाद के उन्मूलन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



**प्रदीप सक्सेना**
(लेखक एक पत्रकार, विश्लेषक एवं पूर्व शिक्षक हैं)




**इस** पतझड़ में कश्मीर घाटी में पतझड़ के पत्तों को गिराने वाले पर्णपाती पेड़ों का सुरम्य आकर्षण खून के धब्बों के साथ आ गया है। इस शरद ऋतु ने 1990 के दशक की दर्दनाक यादों को खोल दिया है जब लगातार लक्षित हत्याओं के बाद सैकड़ों कश्मीरी पंडितों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर किया गया था। इस महीने की शुरुआत के बाद से, आतंकवादी संगठनों ने पहले ही 11 नागरिकों और सेना के पांच जवानों को बेशर्मी से मार डाला है, जिस पर तालिबान द्वारा स्वर्ग-पृथ्वी के दरवाजे पर दस्तक देने की अचूक मुहर है। आखिरकार, इस ठंडे खून में वही खौफ फैलाने की क्षमता है जो तालिबान ने अपने दुश्मनों को गोली मारकर और उनके शरीरों को क्रेन से लटकाकर किया था।

नासमझ हत्या की शुरुआत एक प्रमुख कश्मीरी पंडित व्यापारी 68 वर्षीय माखन लाल बिंदू के साथ हुई। वह 1990 के दशक के नरसंहार में बच गया था, केवल इस बार एक प्रचंड आतंकवादी की गोली से। लेकिन खून-खराबा बंद नहीं हुआ।

उसी दिन आतंकियों ने लाल चौक पर वीरेंद्र पासवान, बांदीपोरा में टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन और स्कूल टीचर सुरेंद्र कौर और दीपक चंद को गोली मार दी थी. 16 अक्टूबर को श्रीनगर में शगीर अहमद और अरविंद कुमार शाह को गोली मार दी गई थी। बिहार के तीन मजदूरों को भी गोली मारी गई, जिनमें बाद में राजा ऋषि देव और जुगिंदर ऋषि देव की मौत हो गई। तालिबान शैली की इन हत्याओं ने देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद सरकार ने सभी गैर-कश्मीरियों को पुलिस या सेना के संरक्षण में लेने की एडवाइजरी जारी की।

लश्कर, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के विचार का विरोध करने वाले हिंदुओं और मुसलमानों को चुन-चुन कर मारकर एक ठंडा संदेश भेज रहे हैं। इस बार स्थिति 1990 के दशक की तुलना में कहीं अधिक खराब है क्योंकि अब बड़ा नापाक इरादा कश्मीर को एक इस्लामिक राज्य के रूप में देखना है, मुख्यत: अफगानिस्तान के तालिबान के अधिग्रहण की तर्ज पर। पहले से ही ऐसी अटकलें थीं कि पाकिस्तान तालिबान का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ करेगा। अपने हिस्से के लिए, पाकिस्तानी सेना ने तहरीक-ए-तालिबान से अलग हुए समूहों के साथ हाथ मिलाया है और उन्हें सेना के साथ जोड़ दिया है। इमरान खान कश्मीर की ओर उनका ध्यान हटाने की अपनी साजिश में काफी हद तक सफल रहे हैं।

अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, शांति बहाल करने के लिए

**अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है।**

सरकार के लंबे दावे धराशायी होते दिख रहे हैं और यह संदेह मजबूत होता जा रहा है कि तालिबान भारत के द्वार पर दस्तक दे रहा है, जैसा कि अल्पसंख्यकों के चुनिंदा लक्ष्यीकरण से पता चलता है। भारत के 70 साल के इतिहास में, सभी सरकारों ने राजनीतिक रूप से विवाद को हल करने की कोशिश की है- नेहरू ने सोचा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 होना चाहिए और मोदी को लगता है कि समाधान इसे दूर करने में है। हालांकि, समस्या का मूल स्रोत - धार्मिक कट्टरवाद और एक इस्लामिक स्टेट की उदात्त धारणाएं - सभी के ध्यान से बच गईं। नतीजा तहरीक-ए-इस्लाम द्वारा संचालित और लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों द्वारा वित्त पोषित मदरसों का है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इन मदरसों में आतंकवादियों की फौज पैदा होती है। इस बात का प्रमाण है कि मुठभेड़ों में मारे गए 99 प्रतिशत आतंकवादी कश्मीर के थे।

ये आतंकवादी अब अल्पसंख्यक हिंदुओं को कश्मीर से भागने के लिए मजबूर करने की योजना बना रहे हैं। 1990 में, उन्होंने कश्मीरी पंडितों को कश्मीर से भगा दिया लेकिन सरकार ने कुछ भी सार्थक नहीं किया। आज भी घाटी में कश्मीरी पंडितों की स्थिति उतनी ही दयनीय है जितनी पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में अल्पसंख्यक हिंदुओं की है। आतंकवादियों की मंशा यह है कि अगर वे कश्मीर से हिंदुओं को पूरी तरह से खदेड़ने में सक्षम हैं, तो वे कश्मीर की शांति को भंग करने और तालिबान शासन को कश्मीर में लाने के अंतिम उद्देश्य से इस्लाम के नाम पर कश्मीरियों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। आतंकवादियों को यह भी उम्मीद है कि तालिबान पाकिस्तान और चीन की मदद से कश्मीर को भारत से अलग करने में मदद करेगा, जैसे उसने अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ को अफगानिस्तान से भगा दिया। लेकिन उनका भ्रम उन्हें यह महसूस करने से रोकता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

हालांकि, अभी तक किसी भी सरकार ने कश्मीर में धार्मिक कट्टरता और उन्माद के तत्वों को मान्यता नहीं दी है और न ही इसके स्रोतों पर हमला किया है, दूसरी ओर, आतंकवादी खुलेआम लोगों से कह रहे हैं कि या तो कट्टरपंथी बन जाएं या कश्मीर छोड़ दें। "यदि आप नहीं करते हैं, तो मारे गए नागरिकों के समान अंजाम झेलने के लिए तैयार हो जाओ", उनका संदेश प्रतीत होता है। अगर सरकार वास्तव में पाकिस्तान से निकलने वाले तालिबानी आतंकवाद और जिहादी कट्टरवाद को कुचलना चाहती है, तो उसे कश्मीर में धार्मिक संतुलन बनाकर धार्मिक कट्टरवाद और उसके स्रोतों को खत्म करना होगा।

सरकार के लिए आतंकवादियों को कड़े शब्दों में यह बताना अनिवार्य हो गया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और कश्मीर का प्रत्येक नागरिक भारतीय है। साथ ही, सरकार को गैर-मुसलमानों और कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने और सभी कश्मीरी नागरिकों को धार्मिक उन्माद को कुचलने के लिए सुरक्षा की गारंटी देकर एक समग्र संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। यदि सरकार राजनीतिक, संवैधानिक और मानवाधिकारों के आधार पर समाधान खोजने की कोशिश करती है, तो घाटी जल्द ही तालिबान घाटी बन सकती है। सरकार को राजनीतिक और संवैधानिक एजेंडे से परे सोचने की जरूरत है।

# घुसपैठियों व शरणार्थियों में अंतर आवश्यक



**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधन परिषद के सदस्य हैं)

**बांग्ला**देशी घुसपैठियों का मुद्दा भारत की एकता व अखंडता के लिए संवेदनशील बन गया है। 1971 से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये भारत में आ रहे हैं। इन घुसपैठियों के कारण पूर्वोत्तर भारत की जनसंख्या संरचना में चिन्ताजनक परिवर्तन हुआ है जिससे देश की सुरक्षा को दीर्घकालीन खतरा पैदा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से कांग्रेस सरकारों के पास घुसपैठ के मुद्दे पर कोई कार्ययोजना नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप इस समस्या ने खतरनाक रूप धारण कर लिया है। पश्चिम बंगाल व खासकर असम में यह समस्या इतनी गंभीर है कि संसद को 1950 में इमीग्रेशन एक्सपल्शन फ्राम असम एक्ट के रूप में एक विधेयक पास करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ खास नहीं किया गया। हालांकि, बांग्लादेश की सीमा बिहार से नहीं लगती है, पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर आवागमन सहज होने के कारण घुसपैठिये बिहार में आ जाते हैं। वे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर दीनाजपुर व माल्दा से होकर किशनगंज, पुर्निया, अररिया व कटिहार में प्रवेश करते हैं। 1951-1961 में पुराने पुर्निया जिले की जनसंख्या लगभग 37 प्रतिशत बढ़ी जो बिहार की जनसंख्या वृद्धि की लगभग दूनी थी। 1971-1981 में यह वृद्धि 23.90 प्रतिशत दर्ज की गई।

पूर्व सीबीआई निदेशक जोगिंदर सिंह ने एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में पांच करोड़ से अधिक बांग्लादेशियों ने घुसपैठ की है। इसे इस तथ्य से समर्थन मिलता है कि बांग्लादेश की 2001 की जनगणना में जनसंख्या एक करोड़ कम पाई गई। यदि हम भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश की प्रजनन दर पर गौर करें तो यह प्रवृत्ति और स्पष्ट हो जाती है। 1971 व 1981 में भारत की प्रजनन दर 5.5 व 4.7 प्रतिशत थी, जबकि पाकिस्तान में यह 6.6 व 6.5 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 6.9 व 6.2 प्रतिशत थी। 1991 में भारत व पाकिस्तान की प्रजनन दर 4.6 व 6 प्रतिशत थी, जबकि बांग्लादेश की प्रजनन दर 4.4 प्रतिशत थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पहले की तुलना में बांग्लादेश के आंकड़ों में असामान्य कमी आई, जबकि भारत व पाकिस्तान के बीच समान अंतर बना हुआ था। इसके साथ ही 1971 के पहले तीनों देशों के आंकड़ों में यही अंतर दिखता है। यदि हम बांग्लादेश में जनसंख्या घनत्व पर गौर करें तो यह 1980, 1985 व 1990 में क्रमश: 611, 697 व 792 था। अब यदि दोनों में तुलना की जाए




तो स्पष्ट होगा कि यदि प्रजनन दर घटी तो इस कालखंड में जनसंख्या घनत्व इतना कैसे बढ़ गया? कुल मिला कर बांग्लादेश ने अपनी जनसंख्या नियंत्रण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई, हालांकि वह सभी प्रकार के संसाधनों के घोर संकट का सामना कर रहा था। वहां की सरकारों ने लगातार अपनी जनसंख्या छिपाई जिसका एकमात्र कारण भारत में अपने लोगों की घुसपैठ करवाना था।

1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आलोचना के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनको भारत में शरणार्थी के रूप में स्थान दिया। यहां तक कि बांग्लादेश के स्वतंत्र हो जाने के बावजूद इन लोगों ने भारत में बने रहने का लाभ उठाया, पर कांग्रेस सरकारों ने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, इंदिरा गांधी ने भारतीयों से राजस्व व डाक टिकटों द्वारा एकत्र धन पर 5 व 10 पैसा शरणार्थी टैक्स लगा दिया। संकुचित राजनीतिक हितों के कारण कांग्रेस, वामपंथी व वर्तमान समय में तृणमूल कांग्रेस एक ही रास्ते पर चले जिसके कारण पूर्वोत्तर भारत तथा पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई। अब मोदी सरकार इनके घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रहित में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी बनाने की बात कह रही है। लेकिन ये पार्टियां तथाकथित सेक्युलरवाद के नाम पर इन अवैध घुसपैठियों की मदद में आगे आ गई हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों ने न केवल आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों पर प्रभाव डाला है, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यही उनका मुख्य एजेंडा है।

ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोकसभा में कहा था कि बंगाल में घुसपैठ एक विभीषिका बन गई है। उन्होंने इस पर लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव भी पेश किया था। उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा देने की धमकी तक दे डाली थी। लेकिन आज जब ममता बनर्जी बंगाल की सत्ता में हैं, वे राजनीतिक लाभ के लिए एनआरसी का विरोध कर रही हैं। जिस प्रकार 2019 के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेशी अभिनेता फिरदौस अहमद को तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करते देखा गया उससे ममता बनर्जी का इरादा साफ हो जाता है। आज भी विपक्षी पार्टियां अतीत का दृष्टिकोण दुहरा रही हैं। आज भी इन लोगों की हमदर्दी बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ है और वे जनता में उनको शरणार्थी बता कर भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के संदर्भ में घुसपैठियों व शरणार्थियों के बीच अंतर समझना और जानना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनने तथा भाजपा को पूर्वोत्तर की सत्ता में आने का अवसर मिलने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले सात साल में व्यापक परिवर्तन आया है जिसका कारण केन्द्र सरकार द्वारा लिए क्रान्तिकारी फैसले हैं। अब यहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं तथा घुसपैठ रोकने के लिए अनेक तकनीकी व्यवस्थायें की गई हैं। हम सबको इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि भारत को विभाजित करने वाली शक्तियों को रोका जा सके। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि भारत की संस्कृति, सभ्यता और भाषा की रक्षा की जाए। मेरा विश्वास है कि हमरे लिए राष्ट्रीयता से अधिक महत्व किसी अन्य चीज का नहीं होना चाहिए। हमारे लिए देश की एकता और अखंडता का स्थान सर्वोच्च होना चाहिए। भारत में रहने का पहला और अंतिम अधिकार उसके नागरिकों का है। इसलिए हम सबकी साझा चिन्ता यही होनी चाहिए कि एक राष्ट्र के रूप में हम और ज्यादा मजबूत तथा समृद्ध बनें।

## आप की बात

### भारत की हार पर पटाखे

**हाल** ही में टी 20 क्रिकेट विश्वकप श्रृंखला में भारत पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले मे भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। इस जीत का जश्न पुरे पाकिस्तान में मनाया गया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ दूषित मानसिक प्रवृत्ति वाले लोगों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में भारत की हार पर पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। इस कुकृत्य ने यह साबित कर दिया है कि हिंदुस्तान में पाक परस्त लोगों का अस्तित्व बिद्यमान है। जो संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता को उद्दंडता समझने की भूल कर रहे हैं। देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले ऐसे लोग खेल प्रेमी तो हो सकते हैं लेकिन एक भारतीय कतई नहीं हो सकते हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी पाक की इस जीत पर भारत सहित पाकिस्तान में शर्मनाक बयानबाजी भी हुई। पाकिस्तान के मंत्री शेख रशीद ने इस जीत को एक धर्म विशेष की जीत बताया तो वही के एक क्रिकेट कमेंटेटर ने भारत की हार को कुफ्र की हार की संज्ञा दे दी। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट करते हुए लिखा पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने के लिए कश्मीरियों पर इतना गुस्सा क्यों, तो वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सोशल मिडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने भी ट्वीट करते हुए भाजपा और उसके समर्थकों को निशाना बनाकर हलचल पैदा कर दी।

- **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

### कमरतोड़ महंगाई

**पिछले** दो-तीन साल से महंगाई ने आम आदमी के खाने पीने का खाना खराब कर रखा है इस महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित व्यक्ति अगर कोई है तो वह हर रोज कमाने वाला आम मध्यम वर्गीय आदमी है जिसे रोजाना मजदूरी करने पर ही पैसा मिल पाता है यानी सुबह से लेकर शाम तक काम के बाद जो रकम उसके हाथ में आती है वह उसकी रोज की कमाई होकर दाल रोटी का इंतजाम उसी पैसे से होता है अगर किसी दिन उसे काम ना मिले तो फिर उसे फाके की नौबत भी आ जाती है। दाल हो या चावल या फिर हो आटा सब के दाम आज आसमान से चढ़कर नीचे झांक रहे हैं और कह रहे हैं कि हम तुम्हारे बस में नहीं है। इनमें सब्जी का दाम अगर जोड़े तो उसका भी हाल बेहाल है इनसे आज हर रोज खाना कैसे बनता होगा यह पूछने की कोई जरूरत नहीं है आज दाल हो या सब्जी का बघार उसे लगाने वाला ही जानता है कि किस तरह से उसकी रसोई चल रही है। तेल हो या घी किसी का भी दाम उसके बस में नहीं है। हर तेल 150 रुपए से कम नहीं है अमीरों को इस महंगाई का कोई फर्क नहीं पड़ता है। मगर एक गरीब से पूछिए कि उसका क्या हाल है भाजपा सरकार का यह दूसरा कार्यकाल सीधे-सीधे पूंजी पतियों की मदद करता नजर आता है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### देश के गद्दार

**देश** के गद्दार सिर्फ कश्मीर में नहीं, यूपी से लेकर राजस्थान तक फूटे पाकिस्तान की जीत पर पटाख। यह पटाखे पाकिस्तान की जीत पर नहीं वरन भारत की हार पर फूटे हैं। सरकार को ऐसे लोगों को चिन्हित करत करके इनकी गतिविधियों पर निरंतर गुप्त रूप से नजर रखना होगी! क्योंकि यह जयचंद ही वह लोग हैं जो भारत के खिलाफ आतंक फैलाने वाले को सहयोग और पनाह देते हैं! खाते हिंदुस्तान का हैं और बजाते पाकिस्तान का है! खुदा न खास्ता यदि भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो यह लोग देश के भीतर ही इन पटाखों की जगह बम फोड़ने में परहेज नहीं करेंगे! देश की सुरक्षा और अस्मिता के सामने तथाकथित सेक्युलरिज्म को भाड़ में झोंक कर विशुद्ध राष्ट्रीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। बॉर्डर पर तो हम बहुत ही मजबूत हैं! मगर देश में छुपे हुए गद्दारों के कारण हम मात् खा रहे हैं इन्हें तथाकथित राजनीतिक दलों का भी पूरी तरह समर्थन व सहयोग प्राप्त है! अत: देश में ऐसी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस ना करें।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**चुनावों** को ध्यान में रखते हुए, कृषि कानूनों को वापस लिया जा सकता है और बाद में एक नए रूप में लागू किया जा सकता है।

- **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



**ऑस्ट्रेलिया** के पास अब 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य है, और इसे प्राप्त करने के लिए हमारे पास एक स्पष्ट योजना है।

- **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**पीएम** को चाहिए महामारी के दौरान भ्रष्टाचार में शामिल होने के लिए गोवा के मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रि परिषद को बर्खास्त करें।

- **सत्यपाल मलिक**
मेघालय के राज्यपाल

# दीपावली से पहले श्रीराम की अखंड ज्योति पहुंची सोनीपत

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने किया था रवाना

### अयोध्या से चली अखंड ज्योति का नगर में हुआ जोरदार स्वागत

**भगवान** श्रीराम की महिमा अपरंपार है। कुछ श्रद्धालु ऐसे भी हैं जो भगवान श्रीराम के नाम की अखंड ज्योति अयोध्या से लेकर हरियाणा के हर जिले में परिक्रमा कर अखंड ज्योत के दर्शन दीपावली से पहले श्रद्धालुओं को करवा रहे हैं। सोनीपत पहुंची अखंड ज्योति का श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत करते हुए दर्शन कर अपने आप को धन्य माना।

आपको बता दें कि 13 अक्टूबर को अयोध्या से अखंड ज्योति को आचार्य सत्येंद्र दास ने परिक्रमा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ये अखंड ज्योति अयोध्या और हिसार से होते हुए अब सोनीपत पहुंची है। यहां इस अखंड ज्योति को लेकर डीएससी यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चहल और उनके साथ बलवंत चुफालए सचिन सेन पहुंचे हैं। इस दौरान जहां से भी यह अखंड ज्योत नगर परिक्रमा करने के दौरान गुजरी। वहां पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम को याद करते हुए अखंड ज्योति के दर्शन किए और परिक्रमा के लिए इसको लाने वाले भक्तों का जोरदार स्वागत किया। मौके पर ज्योति के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि उनका यह भाग्य हैं कि उनको उनके नगर में ही भगवान श्रीराम के नाम पर चली अखंड ज्योति के दर्शन दीपावली से पहले ही हुए हैं। वह अपने आप को भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। बहुत खुशी की बात है कि जो ज्योति सोनीपत में लाई गई है और ज्योति को लाने वाले लोगों का वह है बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चहल ने बताया कि इस अखंड ज्योत को अयोध्या से 13 अक्टूबर को दोपहर बाद 2 बजे लेकर चले थे। उस दौरान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने आशीर्वाद देकर और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगले दिन 14 अक्टूबर को यह अखंड ज्योत हरियाणा के हिसार पहुंची। वहां से 20 अक्टूबर को अग्रोहा धाम मंदिर से राज्यसभा सांसद डॉ सुभाष चंद्रा ने अखंड ज्योति को हरियाणा परिक्रमा के लिए रवाना किया। अब यह ज्योत सोनीपत पहुंची है। जिसका स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया है। कुछ समय सोनीपत के ठाकुर द्वारा पंचायती मंदिर में विश्राम करने के बाद अखंड ज्योति आगे रवाना हुई।



भगवान श्रीराम की अखंड ज्योति का सोनीपत पहुंचने पर स्वागत करते शहरवासी।

## पूर्व सैनिक अपने आधार कार्ड और मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाएं

**सोनीपत।** सैनिक एवं अर्ध सैनिक कार्यालय के जिला कल्याण अधिकारी मेजर बीपीएस बधवार ने बताया कि हरियाणा सरकार सीधे तौर पर हरियाणा के हर पूर्व सैनिक से उनकी हर सुविधा पहुंचाने के लिए योजना तैयार कर रही है। ताकि हर पूर्व सैनिक को वे सभी सुविधाएं मिल सके जिसका वो हकदार है, ताकि पूर्व सैनिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मेजर बधवार ने बताया कि इस योजना के को अमल में लाने के लिए प्रत्येक पूर्व सैनिक का मोबाईल नंबर व आधार नंबर सैनिक बोर्ड में रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### संकीर्तन और भजनों पर झूमे श्याम प्रेमी



श्याम संकीर्तन में मौजूद श्याम प्रेमी।

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्याम प्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा नया बस स्टैंड के शिव मंदिर में 293वां श्रीश्याम ताली कीर्तन किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल व बब्बू चावला सहित साथियों गौरव गुप्ता, संजय चौधरी व मोहित तायल आदि श्याम प्रेमियों ने बारी बारी से भजन सुनाए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्यामजी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनों दिन श्याम प्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जगह-जगह श्यामजी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। भजनों के पश्चात श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ताली कीर्तन में प्रसाद की सेवा अरुण गोयल व दिनेश गोयल की तरफ से रही। श्याम आरती में पुजारी रमण शर्मा, अरुण गोयल, अनिल मित्तल, डॉ.संतोष कुमार, सुरेन्द्र काठपाल, अरुण गौड़, सुशील गेरा, शिवाय शर्मा, अशोक ग्रोवर, दीपक ठाकुर, अनुज सिंगला, पंकज सिंगला, श्याम लाल गुप्ता, सतपाल बंसल, डॉ.सीता देवी, निशा शर्मा और स्वीटी मित्तल सहित अन्य शामिल रहे।

### किसान की फसल-नस्ल बचेगी तभी गरीब का राशन बचेगा

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में भगत सिंह चौक पर किसान आंदोलन बारे आमजन में जागरूकता के लिए चलाया जा रहा प्रदर्शन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सोमबीर शेषमा ने की एवं संचालन हरपाल सिंह सांगवान व महावीर सिंह घणघस ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया की यह सिर्फ किसान आंदोलन नहीं बल्कि देश के वर्चस्व को बचाने की जंग है । देश का किसान अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है। अब तो किसान पिछले 26 नवम्बर से देश की राजधानी दिल्ली को घेरे बैठा है। इतने दिनों बाद भी न तो सरकार ने किसानों की कोई सुध नहीं ली है व न किसानों को दिल्ली की तरफ जाने दिया जा रहा है। यह किसान की मजबूरी है जो उसे सड़कों पर लिए बैठी है। उसे किसी कदर पीछे हटना मंजूर नहीं। किसान को कृषि के तीन नए कानूनों में पूरे देश की भावी पीढ़ियों की बरबादी की पटकथा लिखी नजर आ रही है। किसान को यह भी पता है की जब तक एमएसपी को कानून के दायरे में नहीं लाया जाएगा। तब तक खेती घाटे का सौदा बनी रहेगी व किसान की आर्थिक हालत बद से बदतर होती जाएगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया की आज न सिर्फ किसान बल्कि पूरा देश विशेष कर मध्यम व निम्नवर्ग खतरे में है। किसान की फसल व नस्ल बचेगी तभी गरीब का राशन बचेगा ।

### आंगनवाड़ी वर्करों का धरना रहा जारी, सौंपा ज्ञापन



डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपती आंगनवाडी वर्कर।

**कुरुक्षेत्र।** आंगनवाड़ी कुरुक्षेत्र की हेल्पर्स और वर्कर्ज का धरना जारी रहा। आंगनवाडी वर्करों ने मांग की कि कमला दयौरा का टर्मिनेशन रद्द किया जाए। आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर्स को कुशल-अर्धकुशल के दर्जे के अनुसार प्रोमोट किया जाए। आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए, 2018 का समझौता लागू किया जाए, सितंबर माह का वेतन शीघ्र ही खातों में डाला जाए। पोषण ट्रैक ऐप लागू करने से पहले हमें सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। सरकार को चेतावनी देते हुए युनियन प्रधान परमजीत ने कहा कि अगर हमारी मागों को सरकार नहीं मानती है तो 2022 के सर्वे भी नही किया जाएगा। इस अवसर पर आंगनवाडी वर्करों ने डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा।

### ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम हुआ आयोजित



कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते वक्तागण।

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र द्वारा डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स यमुनानगर के सहयोग से शिक्षण और लर्निंग में आईसीटी के उपयोग पर एक ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भगवान परशुराम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी, डॉ नंद किशोर, प्रो. करमजीत संधू एवं डीएवी कॉलेज, यमुनानगर की कंप्यूटर विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ. रचना सोनी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण डॉ. योगेश्वर जोशी ने किया। उसके बाद बाद प्रो. करमजीत संधू और डॉ. रचना सोनी ने कार्यक्रम का परिचय दिया। डीएवी कॉलेज यमुनानगर की प्रो. विनीता गुलाटी ने माइक्रोसॉफ्ट टीम्स की विभिन्न विशेषताओं के बारे में बात की। प्रो. करमजीत संधू ने सभी प्रतिभागियों को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर एक अभ्यास सत्र दिया। 5वें दिन डॉ. अनीता भाटिया और अनुपम शर्मा ने जीमेल और आउटलुक की सभी प्रमुख विशेषताओं को कवर किया। छठे दिन का समापन आशिमा शर्मा द्वारा माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक पर विशेषज्ञ वार्ता के साथ हुआ। एफडीपी की रिपोर्ट डॉ. अनीता भाटिया द्वारा प्रस्तुत की गई और उसके बाद प्रो. संधू द्वारा विदाई दी गई।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मूक बधिर बच्चों ने जीते 23 मेडल

### प्रतियोगिता जीत कर बच्चों ने किया नेशनल के लिए क्वालिफाई

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत करते स्कूल प्राचार्या आशा गोयल।

**हरियाणा** स्टेट काउंसिल फॉर द डैफ द्वारा भीम स्टेडियम भिवानी में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश के 9 जिलों के मूक बधिर खिलाड़ियों ने भाग लिया।


इस प्रतियोगिता में सोनीपत के लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के छह खिलाड़ियों, हंस, हन्नी, शुभम, कार्तिक, आरती व वंषिका ने अंडर-16 व अंडर-18 आयु वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरूष वर्ग अंडर-16 में हंस ने दो स्वर्ण पदक, हन्नी ने एक स्वर्ण पदक, एक रजत पदक, शुभम ने एक रजत पदक, एक कांस्य पदक, कार्तिक ने एक रजत पदक, एक कांस्य पदक वहीं महिला वर्ग अंडर-16 में आरती ने दो स्वर्ण पदक, वंशिका एक स्वर्ण पदक, एक रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-18 पुरूष वर्ग में हंस ने दो रजत पदक, हन्नी ने एक रजत पदक, एक कांस्य पदक, शुभम ने दो कांस्य पदक, कार्तिक ने एक कांस्य पदक व अंडर-18 महिला वर्ग में आरती ने दो कांस्य पदक व वंशिका ने भी दो कांस्य पदक के साथ सभी खिलाड़ियों ने कुल 23 पदक जीतकर स्कूल व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया। सभी विजयी खिलाड़ी आगामी फरवरी माह वर्ष 2022 में ग्वालियर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डा. विशाल गर्ग ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को सराहा व शुभकामनाएं दीं। विद्यालय पहुंचने पर लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल और लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने सभी विजयी खिलाड़ियों का फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

## रंजिशन परिवार पर गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** हैफेड कॉलोनी बुटाना में रहने वाले एक अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले परिवार के सदस्यों पर गाड़ी चढ़ाकर दो की हत्या करने के मुख्य हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी गुडगांव, मुंबई, गोरखपुर व नेपाल के अलग-अलग एरिया में किराए पर कमरा लेकर विदेश भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस की सर्तकर्ता से आरोपी को कुरुक्षेत्र बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर काफी दवाब था, क्योंकि अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले काफी लोगों ने अम्बेडकर चौक पर धरने पर बैठ गए थे जो एसपी गंगा राम पूनिया के आश्वासन पर चौक से हटे थे। पुलिस के अनुसार महिन्द्र सिंह वासी नीयर हैफेड कालोनी बुटाना जिला करनाल ने पुलिस को शिकायत दी कि उसका घर हैफेड के मैन गेट के पास पड़ता है, यह रास्ता बुटाना कालोनी से होता हुआ, बुटाना गांव के खेतों की तरफ चला जाता है। जोकि उसके घर के आगे से अमन वासी डेरा बुटाना गाड़ी को हमेशा तेज रफ्तार में निकाल कर ले जाता था।

## साक्षरता और कानूनी साक्षरता में बहुत अंतर: सीजेएम कौर





सीजेएम एवं सचिव जसबीर कौर को स्मृति चिन्ह देते कॉलेज प्राचार्य और अन्य।

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर रहे, जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने की।

जसबीर कौर ने कहा कि साक्षरता और कानूनी साक्षरता में बहुत अंतर है। बहुत से लोगों को पता ही नहीं होता कि निशुल्क कानूनी सहायता भी प्राप्त की जा सकती है। कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान है जिसके अंतर्गत महिलाएं, दिव्यांग, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग एवं 3 लाख वार्षिक आय से कम वाले लोग भी निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को भारतीय कानूनी दिवस मनाया जाएगा। जिसमें जिले भर में 395 कानूनी साक्षता की गतिविधियां करवाई जाएंगी। प्राचार्य डा. मेजर सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। लीगल सैल के प्रभारी डा. बीर सिंह ने मंच का संचालन किया जबकि डा. देवी भूषण ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. सोनिया वधावन, डा. जुझार सिंह, डा. कृष्ण राम, प्रो. अमरजीत कौर एवं एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के सात साल में कंगाल बना हरियाणा



सीटीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पार्टी के जिला संयोजक स. तरलोचन सिंह। साथ ही प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

### कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह की अगुआई में सवाल दिवस मना किया विरोध

**करनाल** के विधायक तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री के सात साल पूरे होने पर कांग्रेस ने विरोध और सवाल दिवस मनाया। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह की अगुआई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाल कर सीटीएम को ज्ञापन सौंपा, बाद में महंगाई के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका।

कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने बताया कि हरियाणा में बीजेपी के सात साल लोगों के लिये जी का जंजाल साबित हुए हैं, जो कुछ कांग्रेस ने छोड़ा था, उसे बीजेपी ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने बीजेपी सरकार पर बरसते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध चरम पर हैं, महंगाई ने लोगों को कंगाल बनाकर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बेरोजगार में प्रदेश नंबर वन बन चुका हैं, भर्तियों के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल आपकी सरकार तथा करनाल की विधायकी के सात साल पूरे हो रहे हैं। हरियाणा के साथ करनाल के लोगों को आपसे काफी आशा थी। प्रदेश में लोकराज लेकर आएंगे। आप जिस तरह से अपनी सरकार के सात बड़े काम गिनवा रहे हो। करनाल के लोगों की तरफ से हम आपसे सात सवाल कर रहे हैं। आप कांग्रेस के सात सवालों का जवाब दें। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। मौके पर कमल मान, धर्मपाल कौशिक, सतपाल जानी, रानी काम्बोज, सुरेंद्र कालखा, एडवोकेट नृपेंद्र मान, होशियार सिंह, प्रेम मलवानिया, परमजीत भारद्वाज, गगन मेहता, जितेंद्र शर्मा, बलवान पठान, चरणदेव कामरा, सुनहरा वाल्मीकि रवितास पहलवान, विनोद काला, परम जीत वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

## नम्बरदार एसोसिएशन ने सरकार पर लगाया विश्वासघात का आरोप

**भिवानी।** सरकार नम्बदारों के साथ विश्वाघात की नीति अपना रही है। जिसको लेकर प्रदेशभर के नम्बरदार सरकार की नीतियों से खफा हैं। इसी के चलते नम्बरदार एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आगामी 13 नवम्बर को हुडा पार्क में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी तहसील कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए नम्बरदार एसोसिएशन के प्रधान इंद्रपाल सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2018 में यह घोषणा की थी कि सभी नम्बरदारों का 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, सभी को स्मार्ट फोन दिये जाएंगे, कोट तहसील में नम्बरदारों के विश्राम के लिए एक कमरे का निर्माण करवाया जायेगा, लेकिन अब तक इन मांगों को सरकार नजरअंदाज करती आ रही है। जिसका नम्बरदार एसोसिएशन कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सभी मांगें सरकार ने जल्द से जल्द पूरी नहीं की तो वे इस बैठक के माध्यम से कड़ा निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे।

# हरियाणा की भाजपा सरकार ने किये 7 साल में 7 कमाल: योगेंद्र राणा

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने सरकार के 7 साल पूरे होने पर कार्यक्रमों के बारे में बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



योगेंद्र राणा।

**प्रदेश** सरकार के 7 साल पूरे होने के साथ ही डॉ. मंगल सेन की जयंती भी है। साथ ही गठबंधन के भी दो साल पूरे हो रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि डा. मंगल सेन महान कर्मयोगी इंसान थे। हरियाणा में भाजपा आज जिस मुकाम पर है,उसके पीछे डा. मंगल सेन का संघर्ष है।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने हरियाणा भाजपा सरकार के 7 साल पूरे होने पर मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में भाजपा के 7 साल 7 कमाल कार्यक्रम के तहत भाजपा के 70 हजार कार्यकर्ता प्रदेश के 7 लाख परिवारों में घर-घर जाएंगे। सरकारी जनहित योजनाओं का थैला सौंपेंगे। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार की 7 साल 7 कमाल पर सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने गुड गवर्नेंस यानी सुराज देने का काम किया है। प्रदेश में 18 हजार से ज़्यादा अटल केन्द्र और 117 अंत्योदय केंद्रों के माध्यम से पांच सौ से ज्यादा सेवाओं को आनलाइन कर पारदर्शी बनाया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गरीब हितैषी है, जिसने आयुष्मान योजना के तहत कोरोना के समय में सहायता देने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का किसान अन्य प्रदेश के किसानों से अग्रणी है मेरिट के आधार पर नौकरी पाकर युवा आज प्रदेश में नौकरी पा रहा है और आगे बढ़ रहा है ।

### गरीब हितैषी योजनाओं से गरीब बन रहा सशक्त

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गरीब हितैषी है, जिसने आयुष्मान योजना के तहत कोरोना के समय में सहायता देने का काम किया। बीपीएल परिवार की आय सीमा 1.2 लाख से बढ़ाकर 1.8 लाख करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। गरीब बेटियों की शादी में 71 हजार रुपये विवाह शगुन, रेहडी वालों को दस हजार का लोन, गरीब परिवार के मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार की मदद, गरीब परिवारों के बच्चों को मेडिकल आईआईटी-जेईई जैसी विशेष परीक्षाओं को तैयारी करवाना आदि अनेक गरीब हितैषी योजनाओं के माध्यम से गरीब को सशक्त करने का काम किया है।





# येस बैंक ने 'येस फैमिली' के साथ उत्सव की गर्मजोशी को और बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों को पूरा करने का एक खास ऑफर

**इस** त्योहारी सीजन के उल्लास और उमंग को और बढाते हुए येस बैंक ने अपना 'येस फैमिली' का प्रस्ताव लॉन्च किया है। इसके तहत ग्राहक अपने परिवार में सभी की बेहतरी और देखभाल करने में सक्षम होते हैं। वो भी एक परिवार के रूप में एक साथ आनंद लेने के लिए विशिष्ट सेवाओं और विशेषाधिकारों के साथ।

इस ऑफर की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए येस बैंक के एमडी और सीईओ प्रशांत कुमार ने कहा, 'चूंकि पारिवारिक जीवन शैली में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, ऐसी स्थितियों में हम पारिवारिक बैंकिंग के विकसित होने और समय के साथ बने रहने की अपार संभावनाएं देखते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि आधुनिक परिवारों की वित्तीय जरूरतें और अपेक्षाएं बदल गई हैं, येस बैंक ने एक ऐसे कार्यक्रम को तैयार करने का प्रयास किया है जो वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप है और जिसमें परिवार के विभिन्न लोगों की अलग-अलग वित्तीय जरूरतों का ख्याल रखा गया है। 'येस फैमिली' के साथ, अलग-अलग आय स्तरों वापले ग्राहक अपने परिवार के साथ मिलकर अपने खर्च में सहयोग और समन्वय कर सकते हैं, जिससे परिवार के सभी सदस्यों को स्मार्ट खर्च और वित्तीय जिम्मेदारी सीखने का अवसर मिल सकता है। इस प्रस्ताव के माध्यम से हम हर महीने ग्राहकों को जोडने की अपनी रफ्तार में दिसंबर 2021 तक 15 प्रतिशत तक वृद्धि होने की परिकल्पना करते हैं।' अनूठे फायदों और विशेष पेशकशों से भरपूर येस फैमिली को सोच-समझकर कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसके माध्यम से प्रत्येक ग्राहक खरीदारी और खाने से लेकर ऋण लेने तक अनेक फायदे उठा सकता है और बड़ी आसानी के साथ इन सुविधाओं का लाभ ले सकता है।

इस प्रस्ताव के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं-पूरे परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल से जुडे लाभ, पूरे परिवार के लिए समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर, परिवार के सभी खातों में न्यूनतम शेषराशि बनाए रखने की फ्लेक्सिबिलिटी, डोमेस्टिक एटीएम से मुफ्त निकासी, डिजिटल लेनदेन पर शुल्क में छूट, बैंकिंग संबंधी ट्रांजेक्शंस पर येस रिवार्ड्ज, जिन्हें परिवार के भीतर स्थानांतरित किया जा सकता है, और अन्य सुविधाओं के साथ रोमांचक कैशबैक और लाइफस्टाइल संबंधी विशिष्ट ऑफर।

# हेल्थियम मेडटेक ने पेटेंट-युक्त संक्रमण-निवारक तकनीक वाली सर्जिकल वाउंड ड्रेसिंग लॉन्च की

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/नोएडा

**हेल्थियम** मेडटेक लिमिटेड (हेल्थियम मेडटेक या हेल्थियम), जो कि सर्जिकल, पोस्ट-सर्जिकल एवं क्रोनिक केयर में प्रयुक्त उत्पादों पर केंद्रित वैश्विक मेडटेक कंपनी है, ने बुधवार को ट्रूशील्ड नेक्स्ट सर्जिकल वाउंड ड्रेसिंग लॉन्च किया।

नए उत्पाद के लॉन्च के बारे में, हेल्थियम मेडटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, अनीश बाफना ने कहा, हम अपने घाव की देखभाल और शल्य चिकित्सा के बाद देखभाल पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए ट्रूशील्ड नेक्स्ट को जोड़ने के लिए उत्साहित हैं। हमारी दृष्टि विश्व स्तर पर प्रत्येक रोगी के लिए सटीक मेडटेक तक पहुंच के अनुरूप, ट्रूशील्ड नेक्स्ट हमारे यूएस एफडीए पंजीकृत संयंत्र में उच्च गुणवत्ता मानकों के लिए निर्मित है। हमारे बिक्री नेटवर्क के साथ भारत के 90 फीसद जिलों में माध्यमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ 18000 अस्पतालों में 40,000 सर्जनों को पूरा करने के साथ, हम अपने ग्राहकों को व्यापक विकल्प प्रदान करते हैं। अभिनव और गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ रोगी देखभाल में बेहतर मानक प्रदान करते हैं। इसके साथ ही इसने घाव की देखभाल एवं संक्रमण से बचाव खंडों में पेटेंटेड उत्पादों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया। घाव की देखभाल के अलावा, हेल्थियम का मौजूदा उत्पाद पोर्टफोलियो एडवांस्ड सर्जरी, यूरोलॉजी एवं आर्थ्रीस्कोपी उत्पादों पर केंद्रित है और यह 52,000 स्टॉक कीपिंग यूनिट्स को कवर करता है। वित्तीय वर्ष 2021 तक, हेल्थियम भारत की सबसे बड़ी स्वतंत्र चिकित्सा उपकरण कंपनी है और सर्जिकल उपभोग सामग्रियों के बाजार में कुल मिलाकर दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। गैर-कैप्टिव सर्जिकल सुई सेगमेंट में, यह 31 मार्च, 2021 तक यूके में यूरोलॉजी कलेक्शन डिवाइसेस मार्केट में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा निर्माता और तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। वित्तीय वर्ष 2021 तक, पांच सर्जरी में से एक विश्व स्तर पर आयोजित एक हेल्थियम उत्पाद का उपयोग करता है।

यह घोषणा हेल्थियम द्वारा पिछले महीने केयरनाउ मेडिकल के अधिग्रहण के बाद आई है। 31 जुलाई, 2021 तक, कंपनी के पास भारत में 21 पेटेंट और संयुक्त राज्य अमेरिका में 11 पेटेंट हैं, और भारत और यूएस में क्रमशः 22 और 6 पेटेंट आवेदन लंबित हैं। केयरनाउ के अधिग्रहण के साथ, कंपनी ने भारत, अमेरिका और यूरोप में एक-एक पेटेंट का एक अतिरिक्त पोर्टफोलियो और भारत में एक पेटेंट आवेदन लंबित अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।

# हरियाणा में सौ साल पुराना 97 प्रतिशत रिकार्ड हुआ कंप्यूटरीकृत

### हरियाणा के सभी जिलों में 15 नवंबर से शुरू होंगे राजस्व रिकार्ड रूम

### पंचकूला में दादरी जिलों में शत प्रतिशत पूरा हुआ कंप्यूटरीकरण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व वित्तायुक्त संजीव कौशल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर आधुनिक राजस्व रिकार्ड रूम आगामी 15 नवंबर तक तैयार हो जाएंगे।

कौशल बुधवार को राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बरसों पुराने राजस्व अभिलेखों को डिजिटाइज करने का काम तेजी से चल रहा है और अब जल्द ही ये रिकॉर्ड माउस की एक क्लिक पर आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग लाखों फाइलों और कागजातों से भरा हुआ है, कुछ तो 1870 से भी पुराने हैं। इस नई पहल के तहत, महत्वपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड और



दस्तावेजों को स्कैन, सूचीबद्ध किया जा रहा है और आधुनिक रिकॉर्ड रूम में डिजिटल बॉक्स में रखा जा रहा है।

इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि अब तक विभाग द्वारा कुल 18 करोड़ 70 लाख 38 हजार 840 दस्तावेजों में से 17 करोड़ 44 लाख 89 हजार 332 दस्तावेजों को अपलोड किया जा चुका है जोकि 97.94 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पंचकूला और चरखी दादरी ने शत प्रतिशत इमेज को अपलोड कर दिया है।

इसी तरह करनाल में 98.86 प्रतिशत, हिसार में 99.72 प्रतिशत, भिवानी में 98.65 प्रतिशत,यमुनानगर में 98.65, गुरुग्राम में 96.25 प्रतिशत, पलवल में 98.13 प्रतिशत, कैथल में 96.51 प्रतिशत, कुरूक्षेत्र में 98.51, झज्जर में 82.12, फतेहाबाद में 97.94 प्रतिशत, रोहतक में 97.89 प्रतिशत, फरीदाबाद में 98.26, पानीपत में 95.55 प्रतिशत, सोनीपत में 99.02 प्रतिशत, सिरसा में 96.68 प्रतिशत, अंबाला में 99.67 प्रतिशत, नूंह में 99.51 प्रतिशत रिकार्ड अपलोड किया जा चुका है। कौशल ने बताया कि जींद में 99.45 प्रतिशत,रेवाड़ी में 96.05 प्रतिशत, महेंदरगढ़ में 98.97 प्रतिशत तथा हरियाणा सिविल सेक्रेटेरिएट में 98.51 प्रतिशत इमेज को अपलोड किया जा चुका है जोकि 99.75 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि इन इमेज को वेरीफिएड किया जा रहा है जिसके तहत अब तक 1 करोड़ 544 लाख 23649 इमेज को वेरीफिएड किया जा चुका है जोकि 88.50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाल डोरा में रजिस्ट्री करवाने संबंधी लोगों को जानकारी देने के लिए जिलों द्वारा अखबारों में सार्वजनिक सूचना का विज्ञापन दिया गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 10 लाख 45 हजार प्रॉपर्टी कार्ड बनाये जा चुके हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2022: तैयारियों को लेकर कमेटी गठित

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2022 को सम्भावित आयोजन 3 फरवरी से 5 फरवरी 2022 तक पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर किया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियों व सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में उपमंडल अधिकारी पिहोवा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और एचएसएचबीडी डिवीजन नंबर- II कुरुक्षेत्र के कार्यकारी अभियंता, मार्केट कमेटी सचिव पिहोवा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन विभाग में दूर हों वेतन विसंगतियां



**चंडीगढ़।** हरियाणा परिवहन विभाग अधिकारी एशोसिएशन ने विभाग की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा से मुलाकात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष धनराज कुंडू की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में अधिकारियों ने कहा कि विभाग में ग्रुप ए व बी के अधिकारियों का वेतनमान अन्य विभाग के समकक्ष अधिकारियों से काफी कम है। जबकि विभाग के अधिकारियों के कार्य की प्रकृति अन्य विभाग के समकक्ष अधिकारियों से ज्यादा कठोर है। ऐसे में वेतनमान विसंगतियों को दूर किया जाए। अधिकारियों ने कार्यालय चपरासी से लेकर महाप्रबंधक, वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता तक के सभी विभागीय पदों पर देय पदोन्नति करने पर परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में हरियाणा राज्य परिवहन को जनहित में बेहतर ढंग से चलाने में सरकार का सहोग किया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा 800 बस चैसिज की खरीद की स्वीकृति दिये जाने पर भी परिवहन विभाग अधिकारी एसोसिएशन द्वारा परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसोसिएशन प्रधान डीआर कुंडू, उपप्रधान जोगिन्द्र सिंह रावल जीएम, उपपरिवहन नियंत्रक एसपी परमार, सर्वजीत सिंह, एके डोगरा व सुखदेव सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### कपालमोचन श्रीआदिबद्री मेला-2021 किया रद्

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि प्रतिवर्ष यमुनानगर के बिलासपुर में होने वाले कार्तिक मास में कपालमोचन श्रीआदिबद्री मेले को इस वर्ष-2021 में कोविड-19 के चलते रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे इस मेला में स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए यमुनानगर न जायें। ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता को लेकर बैठक होगी आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री ने कहा कि श्रीमद भगवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 28 अक्टूबर को जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में जिला कुरुक्षेत्र के किसी भी विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक भाग नहीं भाग लेंगे। इस बैठक में केवल विद्यालय से पीटीआई, डीपीआई, फिजिकल लेक्चरर ही भाग लेंगे। इस बैठक का आयोजन अब सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### लोगों से राम-राम करने पहुंचीं प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली

**रेवाड़ी।** राज्य की भाजपा सरकार के सात साल पूरे होने, पार्टी के संस्थापक डॉ. मंगलसैन की जयंती तथा इस पर पार्टी द्वारा चलाए गए सात लाख लोगों से राम-राम कार्यक्रम के तहत बुधवार को पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली मॉडल टाउन क्षेत्र में बीपीएल परिवार के लोगों से रूबरू हुईं। कार्यक्रम के दौरान वंदना पोपली लोगों के विशेषतौर पर मिलीं। उनसे राम-राम कहा। लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। यह आग्रह किया कि वे ऐसी योजनाओं का न केवल लाभ उठाएं, बल्कि इनका लाभ लेने के लिए आमजन को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के तहत नेत्री वंदना पोपली ने प्रत्येक परिवार को कपड़े का थैला दिया गया। थैले में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी वाली सामग्री भी रखी गई थी। पोपली ने कहा कि जो जानकारी के अभाव में बहुत से लोग सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, इसलिए भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें जानकारी देने के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि चुनाव जीतने के बाद पांच सालों तक भी नेता जनता के बीच नहीं पहुंच पाते, लेकिन भाजपा में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। भाजपा के नेता लगातार जनता के बीच जाकर उन्हें योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस कार्यक्रम के तहत मनोहर सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के 42 विभागों की सैंकड़ों योजनाएं ऑनलाइन हो चुकी है, जिसके चलते अब जनता को अपने कामों के लिए सरकारी कार्यालयों में धक्के खाने की जरूरत नहीं है। इस कार्यक्रम में रेवाड़ी मंडल प्रभारी दीपा भारद्वाज, नीरू भारद्वाज तथा अन्य लोग भी थे।

### स्वच्छ सैनिक बनेंगे जागरुक युवा व संगठनों के प्रतिनिधि

**भिवानी।** शहर को गंदगी मुक्त कर सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए जागरुक युवा और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि अब स्वच्छता सैनिक के रूप में कार्य करेंगे। स्वच्छता सैनिकों द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाएगा बल्कि लोगों को गंदगी नहीं फैलाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। प्रथम चरण में शहर के सरकुलर रोड़ पर अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि लोगों में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की भावना पैदा हो ताकि लोग दिल से अपने आप इस कार्य में लगे। इसी कड़ी में नगर परिषद प्रशासन ने स्वच्छता अभियान में आगे आकर कार्य करने वालों को स्वच्छता सैनिक का नाम दिया है। ये स्वच्छ सैनिक लोगों को शहर में गंदगी नहीं फैलाने के लिए जागरूक करेंगे। इनका संपर्क नगर परिसर प्रशासन के साथ रहेगा। स्वच्छता सैनिकों द्वारा लोगों को यह भी बताया जाएगा कि उनके क्षेत्र में कचरे उठान से संबंधित जानकारी भी दी जाएगा। प्रथम चरण में शहर का सरकुलर रोड़ लिया जाएगा। इस पर गंदगी वाली जगहों की पहचान कर ली गई है। इसके साथ-साथ स्वच्छता सैनिकों से भी गंदगी वाली जगहों की जानकारी ली जाएगी।

# जो झोला छोड़कर गया था, उसकी गठड़ी सवाया कर के दे दो

### ऐलनाबाद के चौपटा नाथुसरी की जनसभा में राकेश टिकैत ने दिया बड़ा बयान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़





**ऐलनाबाद** हलके के नाथूसरी चौपटा की अनाज मंडी में बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से एक बड़ी किसान जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में राकेश टिकैत के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी पहुंचे थे। जनसभा में किसानों को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने भाजपा और जजपा दोनों को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला।

टिकैत ने कहा कि यह पंचायती क्षेत्र है यहां पर कोई झूठ नहीं बोलता। उन्होंने कहा कि कोई आदमी 6 महीने पहले हमारे पास झोला छोड़कर गया था, अब उसका झौला सवाया करके वापस करके दे दो। उन्होंने रैली में किसानों से हाथ उठवा कर कहलवाया कि जो वह बोल रहे हैं वह समझ रहे या नहीं। सभी ने ताली बजा कर उनकी बात का समर्थन किया। दरअसल टिकैत ने इनेलो प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभय सिंह चौटाला ने तीन कृषि कानून के विरोध में अपने विधायक पद से इस्तीफा दिया था। अब वक्त आ गया, उनका समर्थन करते हुए उनकी जीत का अंतर पहले से दोगुणा करके दो। उन्होंने कहा कि यह रैली नहीं पंचायत है, पंचायत में सच बोला जाता है। राकेश टिकैत की बातों का यहां उपस्थित हर किसी ने जोरदार तरीके से समर्थन किया। इस रैली के बाद कांग्रेस और भाजपा के रणनीतिकारों के चेहरे लटके हुए हैं। इधर, इनेलो के पक्ष में जोरदार उत्साह मतदाता का बना है। यह ग्रामीण क्षेत्र है जिसमें बड़ी संख्या में किसान और खेती से जुड़े परिवार हैं। टिकैत ने भाजपा पर ताबड़तोड़ हमला करते हुए उन्हें झूठे, ठग और जालसाज तक करार दिया। भाजपा गठबंधन सरकार पंचायतों को खरीदने वाले लोग हैं इसलिए सरपंचों को पैसों से खरीदना चाहती है। जनसभा में हजारों की संख्या में मौजूद किसानों और कमेरों से आह्वान किया कि अब समय आ गया है जिसका जो समान है उसे सम्मान बढ़ा कर दे दो। जनसभा में कल हरियाणा पुलिस के जवानों द्वारा सिख किसान की पगड़ी को गिराने पर भी रोष व्यक्त किया गया और किसानों को अपनी पगड़ी की शान को सम्भालने का यही सही मौका भी करार दिया। टिकैत ने कहा कि भाजपा सरकार बहुत बदमाशी वाली सरकार है और सरकार डंडे, डराने और बंदूक के बल पर काम करवाती है। ये मोदी की सरकार नहीं है बल्कि पूंजीपतियों की सरकार है जिसे बड़ी बड़ी कंपनियां चला रही हैं। यहां पैसे के बल पर लोगों को खरीदना चाहते हैं। ये लोग जनता को खरीदने की कोशिश करते हैं, लेकिन यहां लोग बिकते नहीं बल्कि मुंहतोड़ जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों का समाधान होने से पहले किसान धरनों से उठने वाला नहीं है।

# हरियाणा में नहीं खाद की कोई कमी : कृषि मंत्री



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार के खाद की कोई कमी नही है और निकट भविष्य में न ही कोई कमी रहेगी। केंद्र सरकार से डीएपी खाद के छह रैक जल्द ही प्रदेश को मिल जाएंगे। दलाल ने बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसान अपनी अगामी फसल की तैयारी करें, उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसानों को समय पर खाद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को अच्छी मंडिया, योजनाएं दी हैं और फसलों को एमएसपी रेट पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए, जिससे उनको मार्किट में फसलों, सब्जियों के अच्छे रेट मिल जाते हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में 2021-22 की रबी फसलों के लिए यूरिया की कुल 11 लाख एमटी की जरूरत है। प्रदेश सरकार के पास आज तक कुल 2 लाख 60 हजार 056 एमटी यूरिया खाद की उपलब्धता है, जिसमें से अब तक 90 हजार एमटी से अधिक खाद किसानों को दिया जा चुका है। जोकि पिछले वर्ष एक अक्टूबर से लेकर 27 अक्तूबर 2020 तक 66 हजार 345 एमटी यूरिया खाद किसानों को दिया जा चुका था। दलाल ने बताया कि प्रदेश में 2021-22 की रबी फसलों के लिए डीएपी खाद की कुल 3 लाख एमटी की जरूरत है।

सरकार के पास आज तक एक लाख 38 हजार 356 एमटी डीएपी खाद की उपलब्धता है, जिसमें से अब तक एक लाख 10 हजार 185 एमटी डीएपी खाद किसानों को दिया जा चुका है। जोकि पिछले वर्ष एक अक्टूबर से लेकर 27 अक्तूबर 2020 तक एक लाख 3 हजार 072 एमटी डीएपी खाद किसानों को दिया जा चुका था। कृषि मंत्री ने बताया कि 2021-22 की रबी फसलों के लिए एसएसपी खाद की कुल एक लाख एमटी की जरूरत है।

# एकल गायन ग्रुप-3 में विश्वास पब्लिक स्कूल रहा प्रथम

### ग्रुप-4 में पीकेआर जैन स्कूल अम्बाला सिटी ने मारी बाजी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उपमंडल** अधिकारी नागरिक कपिल शर्मा ने कहा कि हर बच्चे में कोई ना कोई प्रतिभा छिपी होती है, बस जरुरत होती है उसे किसी मंच की। बाल कल्याण परिषद ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों को मंच देता है और उनकी प्रतिभा को सामने लाने का काम करता है।

एसडीएम शाहबाद कपिल शर्मा बुधवार को स्थानीय पंचायत भवन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव-2021 के अंतर्गत अम्बाला मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चे प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेंगे। बुधवार को एकल गायन और क्रीज



गायन प्रतियोगिता में भाग लेती एक प्रतिभागी।

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और 28 अक्टूबर को एकल गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सर्बजीत सिंह सिबिया ने कहा कि वीरवार को अम्बाला मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का विधिवत समापन होगा। इस मौके पर उपायुक्त मुकुल कुमार मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। अम्बाला मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन की एकल गायन व क्रिज की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एकल गायन के ग्रुप-4 में पीकेआर जैन स्कूल अम्बाला सिटी ने प्रथम व डीएवी पब्लिक स्कूल कुरक्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा है। ग्रुप-3 में प्रथम विश्वास पब्लिक स्कूल शाहबाद प्रथम व आर्मी पब्लिक स्कू ल अम्बाला द्वितीय, ग्रुप-2 में डीएवी पब्लिक स्कूल प्रथम व विश्वास पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा है। इसी तरह क्रीज प्रतियोगिता में नेनगानिया विद्या मंदिर पंचकूला प्रथम व अग्रसेन पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा, ग्रुप-3 में एसए जैन स्कूल अम्बाला सिटी प्रथम व मुकुंद लाल पब्लिक स्कूल यमुनानगर द्वितीय, ग्रुप-2 में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल अम्बाला सिटी प्रथम, अग्रसैन पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा है।

## तोशाम में हुई ज्वेलर्स की दुकान से लूट पर व्यापार मंडल ने जताई नाराजगी

**भिवानी।** गत दिनों तोशाम में ज्वेलर्स की दुकान में हुई लूट को लेकर तोशाम व्यापार मंडल की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि पहले वह पुलिस प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार करेंगे, यदि पुलिस प्रशासन द्वारा 5 दिन के अंदर लुटेरों को नहीं गिरफ्तार किया जाता तो व्यापार मंडल दोबारा एक बैठक करके कठिन फैसला लेने पर मजबूर होगा।

इस दौरान व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक ने कहा कि गत दिनों ज्वेलर्स की दुकान में हुई वारदात को लेकर स्थानीय व्यापारियों में रोष है। जिसको लेकर समस्त व्यापारियों की व्यापार मंडल के द्वारा एक बैठक की गई है। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया है। यदि पुलिस प्रशासन कार्रवाई नहीं करता तो आगामी समय में चाहे व्यापार मंडल को कोई भी कठिन फैसला लेना पड़े चाहे रोड जाम करना पड़े या पूरा तोशाम बंद करना पड़े जो भी फैसला होगा उसे लेने में व्यापार मंडल पीछे नहीं हटेगा और लुटेरों को सलाखों के पीछे भेजकर ही दम लेगा।

# भाजपा सरकार राष्ट्र एवं जनहित में कर रही कार्य: राजकुमार सैनी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भाजपा** जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासनकाल के 7 साल पूरे किए हैं, इन सात सालों में सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाखों गरीब लोगों को लाभ पहुंचाया है, फिर भी सरकार का मानना है कि अभी तक सरकार की सभी योजनाओं का पूरा फायदा प्रदेश की जनता नहीं उठा पायी है क्योंकि गरीब जनता को ऐसी सभी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं होना भी एक कारण है।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा भाजपा के नायक डा. मंगल सैन की जयंती है। हम उन्हें शत शत नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डा. साहब एक सच्चे राष्ट्रभक्त प्रखर राजनीतिक थे उनका सपना था कि समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान हो। भाजपा उनके सपनों को साकार करने मे लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय



पत्रक देते भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी व अन्य पदाधिकारी।

जनता पार्टी ने सात साल के काम सात लाख को राम राम कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर के बीस हजार बूथों पर अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं के माध्यम से 35 लाभार्थियों तक प्रति बूथ पर जाकर कुल 7 लाख परिवारों तक सरकार की सभी गरीब कल्याण की योजनाओं का पत्रक देते हुए राम-राम करने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

उन्होंने कहा इसी कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र मे विस्तारक नरेन्द्र डाबला, जिला महामंत्री सुशील राणा, सुनील चन्द्रभानपुर, जिला उपाध्यक्ष रोशन बेदी, अनु माल्यान, गुरनाम मंगोली, धीरज वालिया, जिला सचिव रामकिशन दुआ, रेणू खुग्गर, रीना कन्यान, राजेंद्र बाखली कोषाध्यक्ष अजय गोयल, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कवातरा, आईटी प्रमुख विक्रम शर्मा, मोर्चों के जिलाध्यक्ष जसविंदर बहादुरपुरा, जगदीप सांगवान, परमजीत कश्यप, पृथ्वी सिंह, रुबल शर्मा, नवाब अली, मनदीप विर्क, प्रदीप सहगल, सह मीडिया प्रभारी अक्षय नंदा, शुभम गुप्ता, अनूप सिंगला, नरेन्द्र जांगड़ा, हिमांशु भारद्वाज आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर जाकर जनता को भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने के लिए एक ओर सेवा का अवसर देने पर उन का धन्यवाद किया।

# राजकीय महाविद्यालय की टीम ने मारी बाजी

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता ने किया

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर देवेंद्र ने बताया कि, जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 10 टीमों ने इसमें भाग लिया। स्क्रीनिंग के उपरांत आठ टीमों को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए चुना गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय में आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल, आई.जी महिला महाविद्यालय कैथल, डीएवी कॉलेज चीका, चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विज्ञान से संबंधित प्रश्नावली विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस प्रतियोगिता में विजुअल राउंड, रैपिड फायर राउंड, पिक्चर राउंड तथा प्रश्नावली संबंधी अनेक प्रश्न प्रतिभागियों से पूछे गये। इसके साथ साथ महाविद्यालय के दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थियों ने भी इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने उन प्रश्नों के उत्तर दिए जिन प्रश्नों के उत्तर टीमें नहीं दे सकी और पुरस्कार भी प्राप्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या सुनीता अरोड़ा ने कहा कि, आज विज्ञान की ही देन है कि, प्रत्येक मनुष्य के पास पल-पल की सूचनाओं का भंडार उसकी मुट्ठी में है।

# दिखने लगा जागरुकता का असर अब नहीं जला रहे फसल अवशेष

### पिछले साल से फसल अवशेष जलाने के 25 फीसद कम केस घटे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड-कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा हैं, जो जिलेवासियों के लिए राहत की बात हैं। किसान धीरे-धीरे फसल अवशेष जलाने से बचने लगे हैं। मिले आकड़ों अनुसार पिछले साल की अपेक्षा इस साल करीब फसल अवशेष जलाने के मामलों में करीब 25 प्रतिशत की कमी दर्ज की है, जिसको देखकर प्रशासनिक अधिकारी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा ने फसल अवशेष जलाने के आकड़ों में आई कमी पर बताया कि ये प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ओर कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किए जा रहे प्रयासों का नतीजा है। जिसके आने वाले दिनों में ओर बेहतर परिणाम दिखने को मिलेंगे। जहां प्रदूषण



एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा।

कंट्रोल बोर्ड शहरों व कस्बों में जागरूकता सम्बधित बैनर लगा रहा है, सार्वजनिक जगहों पर लोगों को फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक कर रहा है। वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के कर्मचारी-अधिकारी गांव दर गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं। कैंप लगा रहे है। वहीं फसल अवशेष प्रबंधन के लिए मशीनों के बारे में अवगत करा रहे है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बता रहे है ताकि किसान फसल अवशेष न जलाकर उनका प्रबंधन करे। जिससे हवा अशुद्ध न हो, पर्यावरण को नुकसान न हो। विभागों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाने से अब तक काफी अच्छे परिणाम मिले हैं।

**इन दिनों बढ़ जाता था प्रदूषण का स्तर :** एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि धान कटाई व त्योहारों के दिनों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता था। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन इस बार किसानों व आमजन के सहयोग से प्रदूषण का स्तर सामान्य बना हुआ हैं। पीएम 2.5 का स्तर 62 हैं, जो सामान्य स्तर से मात्र 2 प्वाइंट ज्यादा हैं। वहीं पीएम 10 भी अपने सामान्य स्तर से कुछ बढ़ा हुआ हैं, जो एकाध दिन में अपने निर्धारित स्तर पर पहुंच जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि फसल अवशेष न जलाकर उनका उचित प्रबंधन करें।

**206 किसानों पर लगाया 5.15 लाख जुर्माना :** हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि जो किसान जागरूकता के बाद भी फसल अवशेष जलाते हैं, उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही की जाती हैं। अब तक कृषि विभाग द्वारा 621 केस रिकार्ड किए गए हैं, इनमें से 437 केस चिन्हित किए गए हैं। वहीं 206 किसानों पर 5.15 लाख का जुर्माना लगाया गया हैं।

# आजादी के बाद भारत के सफल से सफलतम प्रधानमंत्री हैं मोदी : शाह

### कहा, उनके नेतृत्व में ना सिर्फ देश के पासपोर्ट का मान बढ़ा है बल्कि सीमाएं भी सुरक्षित हुईं

### आरएसएस की संस्था के तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा

एजेंसी। नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नरेंद्र मोदी को आजाद भारत का सफल से सफल प्रधानमंत्री करार दिया। कहा कि उनके नेतृत्व में ना सिर्फ देश के पासपोर्ट का मान बढ़ा है बल्कि सीमाएं भी सुरक्षित हुई हैं। समग्र विकास भी सुनिश्चित हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी संस्था रामभाऊम्हार्यभीगी प्रबोधिनी की ओर से प्रदत्तकारी लोकतंत्र : सरकार के मुखिया के रूप में नरेंद्र मोदी के दो दशकों की समीक्षा विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन स्तर को उठाना, देश को सुरक्षित, समृद्ध, संस्कारित व शिक्षित बनाना और देश के गौरव को दुनिया में ऊपर तक ले जाने जैसे काम इकट्ठे होते हैं तब एक सफल शासन बनता है।

उन्होंने कहा, इन सबको को जो इकट्ठा करता है, वही सफल शासक बनता है। नरेंद्र मोदी अपने आप को भले ही विनम्रता पूर्वक प्रधान सेवक कहें, लेकिन मैं कह सकता हूं कि सफल से सफल प्रधानमंत्री आजादी के बाद अगर कोई है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन सारे बिन्दुओं को समाहित कर भारत के गौरव और भारत के विकास का गुलदस्ता बनाया है।

इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि साल 2014 आते-आते देश में राम-राज की परिकल्पना ध्वस्त हो चुकी थी। जनता के मन में आशंका थी कि कहीं बहुपक्षीय लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था विफल तो नहीं हो गई। उन्होंने कहा, लेकिन देश की जनता ने धैर्य से फैसला देते हुए नरेन्द्र मोदी को पूर्ण बहुमत के साथ देश का शासन सौंपा। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत का मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद विश्व पटल पर उन्होंने भारत की संस्कृति का देवदूत बनकर योग और आर्युवेद को दुनिया भर में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि आजादी के बाद भारत की संस्कृति का ध्वज वाहक बनकर प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में भाषण दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सात साल के अब तक के कार्यकाल में हर क्षेत्र के अंदर परिवर्तन हुआ है और सुधार किया गया है। गरीब से गरीब व्यक्ति को आर्थिक सुधार के केंद्र में रखने का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने विकास दर को मानवीयता के साथ जोड़ा। उनका मानना है कि विकास दर बढ़नी चाहिए लेकिन साथ ही इसका लाभ गरीब और जरूरतमंदों को भी मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा, उनके (मोदी) सुधार गरीबों की आवश्यता पर आधारित हैं...नरेंद्र मोदी ने देश के पासपोर्ट का मान बढ़ाया है। इस बात का हमें गौरव है। समग्र विकास का मतलब क्या है, देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करना... उरी और पुलवामा में जो हुआ...सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से दुनिया भर के अंदर संदेश गया कि अब भारत की सीमाओं के साथ छेड़खानी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा नीति में बदलाव उस दिन हुआ जब देश की रक्षा नीति को स्पष्टता के साथ विदेश नीति से अलग कर दिया गया।

# भारत अपने जल क्षेत्र के वैध अधिकारों की सुरक्षा को प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

### रक्षामंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर हुए सम्मेलन में कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद, मादक पदार्थो की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। जब संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों की प्रकृति के विभिन्न देशों पर व्यापक प्रभाव हैं जिसके लिए सहयोगात्मक प्रतिक्रिया की जरूरत है। रक्षामंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत नियम आधारित नौवहन व्यवस्था को बनाए रखते हुए अपने जल क्षेत्र और विशिष्ठ आर्थिक क्षेत्र में वैध अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इसके साथ ही आतंकवाद, मादक पदार्थो की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। सिंह ने कहा कि ऐसे में नौवहन से जुड़े मुद्दों पर हितों को लेकर एकरूपता और उद्देश्यों की समानता तलाश करने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समृद्धि के स्थिर मार्ग को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इस क्षेत्र की नौवहन क्षमता को प्रभावी, सहयोगी और सहकारी रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा, भारत सभी देशों के वैध अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका उल्लेख समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि 1982 में किया गया है।

राजनाथ सिंह की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते विस्तारवादी रूख को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ रही है और इसके कारण कई देशों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी रणनीति बनाने को मजबूर होना पड़ा है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इस बात की भी चर्चा की किस प्रकार से समुद्र ने मानव इतिहास में उसकी उत्पत्ति से लेकर संस्कृति सहित विभिन्न आयामों को आकार प्रदान करने का काम किया।

# वयोवृद्ध गांधीवादी डॉ एसएन सुब्बाराव का निधन

**जयपुर।** वयोवृद्ध गांधीवादी डॉ एस एन सुब्बाराव भाईजी का बुधवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को जौरा आश्रम (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनके निधन पर शोक जताते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है।

उल्लेखनीय है कि तबीयत खराब होने पर पद्मश्री सुब्बाराव को कुछ दिन पहले यहां एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां बुधवार तड़के ह्रदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि डा सुब्बाराव का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को मुरैना (मध्य प्रदेश) में जौरा आश्रम में किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर यहां विनोबा ज्ञान मंदिर बापू नगर में रखा जहां गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुब्बाराव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाईजी ने अपने शिविरों के माध्यम से देश के युवाओं को प्रेरित किया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पिछले साल जब वह बीमार थे तो मैं उनसे मिलने बेंगलुरु गया। मैंने उनसे कहा था कि मैं आपको अपने साथ जयपुर ले जाने के लिए आया हूं। हाल ही में उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि वह जयपुर आ रहे हैं। वह ट्रेन से यहां पहुंचे थे। गहलोत ने कहा कि सुब्बाराव के निधन से वह बहुत व्यथित हैं।

# वसूली के आरोपों की सतर्कता जांच में डीडीजी से एनसीबी के मुंबई कार्यालय में की पूछताछ

### एनसीबी ने स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल के दावों की सतर्कता जांच के दिए हैं आदेश

एजेंसी। मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के उत्तरी क्षेत्र के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह क्रूज पर मादक पदार्थ मामले में आरोपी आर्यन खान को छोड़ने के लिए एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों द्वारा वसूली के आरोपों की सतर्कता जांच के लिए बुधवार को एजेंसी के शहर स्थित कार्यालय पहुंचे। सिंह, दोपहर 12 बज कर करीब 45 मिनट पर दक्षिण मुंबई में बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पूछताछ की।

एनसीबी ने मामले में स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल के दावों की सतर्कता जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने दावा किया था कि क्रूज जहाज छापेमारी मामले में आरोपी आर्यन खान को छोड़ने के लिए एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के निदेशक समीर वानखेड़े सहित एजेंसी के कुछ अधिकारियों ने 25 करोड़ रुपये मांगे थे। ज्ञानेश्वर सिंह इन आरोपों की जांच करेंगे। सिंह, संघीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) भी हैं। सिंह के यहां पहुंचने पर एनसीबी कार्यालय के बाहर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लग गया था। वाहन से उतरते समय सिंह ने कहा कि वह पत्रकारों से बाद में बात करेंगे। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह वानखेड़े का बयान बुधवार को ही दर्ज करेंगे या नहीं। सिंह, एनसीबी के चार अन्य अधिकारियों के साथ दिल्ली से सुबह मुबई पहुंचे थे। क्रूज पोत पर मादक पदार्थ मामले की जांच की अगुवाई कर रहे वानखेड़े मंगलवार को दिल्ली स्थित एजेंसी के मुख्यालय गए थे, जहां वह दो घंटे से अधिक समय तक रुके। सूत्रों ने पहले कहा था कि जांच में, इस मामले में एनसीबी के एक अन्य स्वतंत्र गवाह के पी गोसावी के छापेमारी के बाद आर्यन खान के करीब होने और तीन अक्टूबर को मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल से गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को हिरासत में सौंपने के दौरान अधिकारियों द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं पर भी गौर किया जाएगा।

# गुजरात : दीपावली के बाद सूरत लौटने वालों के लिए जरूरी है आरटी-पीसीआर

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को रोकने के प्रयास के तहत, दीपावली की छुट्टियों के बाद शहर लौटते समय लोगों के लिए आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट लाना अनिवार्य कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि सभी के लिए जांच अनिवार्य है, भले ही उन्होंने कोविड -19 वैक्सीन की दोनों खुराक ले ली हों। सूरत नगर निगम (एसएमसी) के अनुसार, दीपावली की छुट्टियों के बाद शहर लौटने वाले स्थानीय लोगों को अनिवार्य रूप से अपनी आरटी-पीसीआर रिपोर्ट साथ लानी होगी।

# हेमंत सोरेन होंगे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव 2021 के मुख्य अतिथि

### छत्तीसगढ़ के रायपुर में आज होने वाले कार्यक्रम की भूपेश बघेल अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी। रायपुर

**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव-2021 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। राज्य के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 28 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव 2021 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके 28 अक्टूबर को रात आठ बजे आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में मुख्य अतिथि होंगी। अगले दिन 29 अक्टूबर को शाम आठ बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी मुख्य अतिथि होंगे। इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव 2021 का आयोजन 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक किया जा



रहा है। 28 से 30 अक्टूबर तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव , 31 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल पर केन्द्रित प्रदर्शनी और संगोष्ठी तथा एक नवम्बर को राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रम रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि 28 अक्टूबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल, पीएल पुनिया, बीके हरिप्रसाद, लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भक्तचरण दास और वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घेल 30 अक्टूबर को रात आठ बजे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। तथा संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी रायपुर में तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश और विदेश के आदिवासी नर्तक दलों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

# गुजरात के राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे शाह

### समारोह में पहले प्रधानमंत्री के आने का था कार्यक्रम

एजेंसी। अहमदाबाद

**गुजरात** के नर्मदा जिले में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थान पर गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्राधिकारियों ने पहले घोषणा की थी कि केवड़िया के निकट स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी में होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शामिल होंगे। लेकिन उन्हें उसी समय रोम में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेना है, इसलिए शाह इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट के जरिए पुष्टि की कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ शाह सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा के पास आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे। वर्ष 2014 से सरदार पटेल की जयंती हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है और इस दिन स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि समारोह के तहत, एकता परेड आयोजित की जाएगी, जिसके लिए देश भर के पुलिस जवानों को केवड़िया में आमंत्रित किया गया है। इसमें कहा गया है कि सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भी एकता परेड में हिस्सा लेंगे।

# आर्यन की जमानत पर सुनवाई में एनसीबी ने साजिश के आरोप पर जोर नहीं दिया

### देसाई ने कहा, आर्यन और मर्चेंट को समानता के आधार पर नहीं तो स्वतंत्रता पर दें जमानत

एजेंसी। मुंबई

**क्रूज** पोत मादक पदार्थ जब्ती मामले में गिरफ्तार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान उनके वकील ने कहा कि एनसीबी ने आर्यन खान और दो अन्य आरोपियों को साजिश में शामिल होने की बात की है, लेकिन आधिकारिक रूप से कभी इस आरोप पर जोर नहीं दिया है।

न्यायमूर्ति एनडब्ल्यू साम्बरे की अदालत में आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा की जमानत पर हो रही सुनवाई बुधवार को दूसरे दिन भी पूरी नहीं हो सकी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल अनिल सिंह बृहस्पतिवार को इस मामले में अपनी दलीलें पेश करेंगे। गौरतलब है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज पोत पर एनसीबी की छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ मिलने के मामले में तीन अक्टूबर को गिरफ्तार आर्यन खान (23), मर्चेंट और धमेचा गत तीन अक्टूबर से ही जेल में हैं। मामले पर बुधवार को करीब दो घंटे हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति साम्बरे ने कहा, कल हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। आर्यन खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि यह गिरफ्तारी संवैधानिक प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है क्योंकि गिरफ्तारी वारंट में वास्तविक और सही आधार का उल्लेख नहीं था। मर्चेंट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत द्वारा मंगलवार को इसी मामले के दो आरोपियों-मनीष राजगढ़िया और अविन साहू-को दी गई जमानत की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा, उनके खिलाफ भी आरोप समान है। बल्कि उनमें से एक पास से



2.6 ग्राम गांजा मिला था, जबकि दूसरे ने उसका सेवन किया था। देसाई ने कहा, इन लड़कों (आर्यन और मर्चेंट) को अगर समानता के आधार पर नहीं तो स्वतंत्रता के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए...सख्त शर्तों के आधार पर इन्हें जमानत पर रिहा करें।

उन्होंने अदालत से कहा कि साजिश और उकसाने का आरोप एनसीबी ने बाद में लगाया है। देसाई ने कहा कि उन्हें (आर्यन और मर्चेंट) को गिरफ्तार करने के बजाय एनसीबी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-41ए (आरोपी को मामूली अपराध में बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस) का नोटिस जारी किया जाना चाहिए था। देसाई ने सवाल किया, उनकी गिरफ्तारी की क्या जरूरत थी जब साजिश का आरोप लगाया भी नहीं गया था।

उन्होंने कहा कि मामूली मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद होने पर केवल एक साल की सजा का प्रावधान है। अत: यह मामूली अपराध था। उल्लेखनीय है कि तीन अक्टूबर को एनसीबी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट में केवल नशीले पदार्थ के सेवन एव रखने से संबंधित एनडीपीएस अधिनियम की धारा-20(बी) और 27 का उल्लेख था। उन्होंने कहा, उसमें धारा-28 और 29 का उल्लेख नहीं है जो उकसाने और साजिश से संबंधित है।

देसाई ने कहा, मौके पर बरामद सामान का एनसीबी द्वारा किए गए आकलन के मुताबिक...ए तीनों अलग अलग मादक पदार्थ के सेवन और रखने का कार्य कर रहे थे। उस तारीख को तीनों के खिलाफ आधिकारिक रूप से साजिश का आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया, तीन अक्टूबर को एनसीबी ने उनकी हिरासत लेने के लिए मजिस्ट्रेट को यह मानने के लिए भ्रमित किया कि साजिश का आरोप भी लगाया गया है। धमेचा की ओर से पेश वकील काशिफ अली खान देशमुख ने कहा कि उनके मुवक्किल को बलि का बकरा इसलिए बनाया जा रहा है क्योंकि उन्हें आर्यन खान और मर्चेंट के साथ गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा, एनसीबी ने धमेचा को कथित ड्रग नेटवर्क का हिस्सा बना दिया है। लेकिन वह इन लोगों (खान और मर्चेंट) को जानती तक नहीं है। वह मध्यप्रदेश के छोटे शहर से आई है और फैशन मॉडल है। उन्होंने कहा कि धमेचा ने कभी मादक पदार्थ का सेवन नहीं किया है और चिकित्सा जांच से इसकी पुष्टि की जा सकती है।

### चैट्स पुराने हैं और इस मामले से संबंधित नहीं

**उच्च** न्यायालय ने जब पूछा कि मामले के दो सह आरोपियों जिन्हें जमानत मिली है उनका कोई संबंध आर्यन खान और मर्चेंट से है तो देसाई ने कहा कि निश्चित तौर पर उनका कोई संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा, इन तीन आरोपियों की अन्य आरोपियों के बीच कोई व्हट्सऐप चैट नहीं है। एनसीबी जिन व्हाट्सऐप पर भरोसा कर रही है वे पुराने हैं और इस मामले से संबंधित नहीं है। इन चैट के औचित्य पर सवाल उठाते हुए वकील ने कहा कि आर्यन और अन्य के कथित व्हाट्सऐप चैट को मीडिया को उपलब्ध कराया गया लेकिन वह अदालत के रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। न्यायमूर्ति साम्बरे ने कहा कि ब्रिटेन ने इलेक्ट्रॉनिक सबूत को सत्यापित करने के लिए प्रमाण पत्र के प्रावधान को हटा दिया है लेकिन भारत में इसकी जरूरत होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पॉजीटिव निकली बुजुर्ग महिला को दुबई जाने से रोका

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को त्वरित जांच में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 72 वर्षीय महिला को एयर इंडिया की इंदौर-दुबई उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया। इसके बाद महिला को संक्रमित मरीजों के लिए बनाए गए स्थानीय देखभाल केंद्र में भर्ती करा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका कौरव ने बताया, इंदौर-दुबई की साप्ताहिक उड़ान के हर यात्री की स्थानीय हवाई अड्डे पर रैपिड आरटी-पीसीआर जांच की जाती है। इस तय प्रक्रिया के मुताबिक बुधवार को 104 यात्रियों की जांच की गई और इनमें शामिल 72 वर्षीय महिला संक्रमित पाई गई। उन्होंने बताया कि संक्रमित महिला इंदौर के बिजलपुर क्षेत्र की रहने वाली है और वह कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक पहले ही ले चुकी है। कौरव ने बताया, हमने संक्रमित महिला को एहतियातन इंदौर में कोविड-19 के मरीजों के लिए बनाए गए देखभाल केंद्र भेज दिया है। हालांकि, महिला में संक्रमण का कोई भी लक्षण नहीं है। महिला के मुताबिक हाल के दिनों में उसने इंदौर के बाहर कोई यात्रा भी नहीं की है। इससे पहले, 26 वर्षीय युवक को 15 सितंबर को और 68 वर्षीय महिला को 13 अक्टूबर को एयर इंडिया की हर बुधवार चलने वाली इंदौर-दुबई उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया था क्योंकि वे इंदौर के हवाई अड्डे पर त्वरित जांच में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।

### राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई

**जयपुर।** राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई है। इस बारे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। पार्टी ने चौधरी को हाल में पंजाब का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। चौधरी पंजाब में संगठन को अधिक समय देना चाहते हैं ताकि एक बार फिर वहां कांग्रेस की सरकार बने। चौधरी ने कहा कि वह एक व्यक्ति एक पद की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और चाहते हैं कि पार्टी ने उन्हें जो नई जिम्मेदारी दी है उसे समर्पित भाव से निभा सकें। अपनी इस सोच से उन्होंने पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, मैंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, हमारे प्रदेश प्रभारी व मुख्यमंत्री इससे अवगत करा दिया है। इसके साथ ही चौधरी ने कहा कि वह मंत्री पद से अपने इस्तीफे को लेकर किसी तरह के विवाद या अटकलबाजी को हवा नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि, यह मेरी सोच है, जिससे मैंने पार्टी आलाकमान को अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि पार्टी आलाकमान ने हाल में चौधरी को पंजाब के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया है। चौधरी ने कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से निभाना चाहते हैं। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं के बारे में चौधरी ने कहा कि वह बीते कुछ महीने से पंजाब में पार्टी संगठन को देख-समझ रहे हैं और उनके हिसाब से चीजें अब भी पकड़ में हैं और पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी। दिल्ली में मौजूद चौधरी की बुधवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात हुई और उन्होंने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हरीश चौधरी राज्य की बायतू सीट से विधायक हैं और अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार में राजस्व मंत्री हैं। उनकी गिनती राज्य के सबसे कद्दावर मंत्रियों में होती है। साथ ही उन्हें राहुल गांधी का भी करीबी माना जाता है। चौधरी का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि राज्य के गहलोत मंत्रिमंडल में फेरबदल संभावित है।

### तेजपाल मामला : पीड़िता को शर्मसार किया गया

**पणजी।** गोवा सरकार ने बुधवार को यहां बंबई उच्च न्यायालय की पीठ से कहा कि पत्रकार तरुण तेजपाल से जुड़े 2013 के बलात्कार मामले में पीड़िता को सार्वजनिक तौर पर शर्मसार किया गया। निचली अदालत का फैसला प्रतिगामी तथा पांचवीं सदी के लिए उपयुक्त था। मामले में तेजपाल को बरी कर दिया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएस जावलकर की पीठ ने मामले की सुनवाई 16 नवंबर तक स्थगित कर दी। उसी दिन इस मामले में बरी किए जाने के खिलाफ राज्य सरकार की अपील को चुनौती देने वाले तेजपाल की याचिका पर भी सुनवाई होगी। गोवा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि अभियोक्ता (महिला) को सार्वजनिक तौर पर शर्मसार किया गया। उन्होंने निचली अदालत के फैसले को प्रतिगामी और पांचवीं शताब्दी के लिए उपयुक्त करार दिया। न्यायमूर्ति डेरे ने कहा, सिर्फ इस मामले में नहीं, बल्कि दुष्कर्म के सभी मामलों में हम वकीलों को सबूत नहीं पढ़ने देंगे, हम खुद पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि वकील सबूतों का जिक्र करते समय पेज संख्या का उल्लेख कर सकते हैं। इस साल 21 मई को एक सत्र अदालत ने तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तेजपाल को उस मामले में बरी कर दिया, जहां उन पर नवंबर 2013 में गोवा में एक पांच सितारा होटल की लिफ्ट में अपनी तत्कालीन सहयोगी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा था। बाद में गोवा सरकार ने इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की। उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष बुधवार को मामले की सुनवाई होने पर तेजपाल के वकील अमित देसाई ने उनके द्वारा दाखिल दो अर्जियों पर विचार करने का अनुरोध किया। तेजपाल ने मामले में बरी किए जाने के खिलाफ गोवा सरकार की अपील की सुनवाई को चुनौती दी है।

### बीएसएफ अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर चर्चा को विस सत्र 8 से

**लुधियाना।** पंजाब कैबिनेट ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे इलाकों में 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने की केंद्र की अधिसूचना का विरोध करने के लिए आठ नवंबर को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। विशेष सत्र के दौरान केंद्र के तीन कृषि कानूनों को रद् किए जाने की भी मांग की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में यहां कहा गया है कि 25 अक्टूबर को चंडीगढ़ में हुई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर बनी आम सहमति के बाद विधानसभा सत्र आहूत करने के संबंध में निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में शासन सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा तैयार पंजाब एंटी रेड टेप रूल्स, 2021 को भी मंजूरी दी गई। यह कानून सभी विभागों और उनसे संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों पर लागू होगा जिसमें स्थानीय स्वशासन से जुड़ी इकाइयां, बोर्ड, निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सोसाइटी, ट्रस्ट, आयोग या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कानून के तहत स्थापित या गठित स्वायत्त निकाय शामिल हैं। आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया है कि इस कानून के तहत उल्लंघन के दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक और वित्तीय दंड का भी प्रावधान होगा। कैबिनेट ने राज्य में कारोबार करने में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देने के लिए पंजाब कारोबार का अधिकार कानून, 2020 में संशोधनों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी ताकि मौजूदा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के दायरे का विस्तार किया जा सके।

### मप्र केअनूपपुर में पेट्रोल 120, डीजल 109 रुपये के पार पहुंचा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीमावर्ती अनूपपुर जिले ईंधन कीमतों में बढ़ोत्तरी का खामियाजा भुगत रहे हैं। बुधवार को जिले में पेट्रोल की कीमत 120 रुपये प्रति लीटर और डीजल 110 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले में पेट्रोल की कीमत 119.23 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे अनूपपुर के बिजुरी कस्बे में पेट्रोल पंप के मालिक अभिषेक जायसवाल ने फोन पर कहा कि मंगलवार को 36 पैसे की वृद्धि के बाद पेट्रोल कीमत 120.4 रुपये प्रति लीटर हो गई है जबकि डीजल की कीमत 37 पैसे की वृद्धि के बाद 109.17 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है। जायसवाल ने कहा कि पेट्रोलियम जिला मुख्यालय से लगभग 250 किलोमीटर दूर जबलपुर तेल डिपो से अनूपपुर लाया जाता है। इसलिए उच्च परिवहन लागत के कारण राज्य के अन्य हिस्सों की तुलना में जिले में ईंधन महंगा है। बालाघाट में लालर्बा रोड पर एक पेट्रोल पंप के मालिक रवि वैद्य ने बताया कि बालाघाट में पेट्रोल और डीजल की कीमत 37 पैसे की बढ़ोतरी के बाद क्रमश: 119.23 रुपये और 108.20 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है। इस बीच, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक पेट्रोल पंप के मालिक ने कहा कि मंगलवार को पेट्रोल की कीमत 36 पैसे की वृद्धि के बाद 116.62 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 37 पैसे के वृद्धि के बाद 106.01 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है। पेट्रोल पंप मालिकों के अनुसार सीमावर्ती जिलों में ईंधन का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है क्योंकि ज्यादातर वाहन मालिक महाराष्ट्र या छत्तीसगढ़ से ईंधन भरना पसंद करते हैं क्योंकि वहां पेट्रोल और डीजल सस्ता है।

# प्राधिकरण ने निकालें 17 टेंडर बदलेगी ग्रेटर नोएडा की सूरत

● विकास कार्य के लिए तीस करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 17 विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए हैं। इन कार्यों में 30 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आगामी 2 महीने में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर देगा। इसके बाद काम शुरू करा दिया जाएगा।

परियोजना विभाग की ओर से टेंडर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण पुराने टी गार्ड को निकालकर नए ट्री गार्ड लगवाएगा। उद्यान विभाग इन कामों को कराएगा। सेक्टर-10 में बने 1950 किफायती मकानों की सोसाइटी की चारदिवारी का काम कराया जाएगा। सेक्टर जू, म्यू ओमिक्रान पी-3 व 4 स्वर्ण नगरी पाई 1 और ओमेगा 1 में ओपन जिम लगाने के लिए प्लेटफार्म बनाया जाएगा। सम्राट मिहिर भोज पार्क में सिविल कार्य कराए जाएंगे।

धूम मानिकपुर में आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर इकोटेक 2 में ड्रेन मरम्मत एवं ऊंचा करने का कार्य रामपुर फतेहपुर एवं रिठौरी आरसीसी चेंबर का निर्माण कार्य व सेक्टर टेकजोन 2 के 24 मीटर रोड के साथ आरसीसी ड्रेन का बचा हुआ काम पूरा कराया जाएगा। 20 एमएलडी एसटीपी पर यूजीआर के चारों ओर चारदीवारी आरसीसी चैनल और प्लेटफार्म का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर बीटा.1 व 2, अल्फा-2, डेल्टा-2 एवं सेक्टर 36 में वेंडर मार्केट किसान मार्केट बनेंगे। इस काम में करीब 1.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। धूम मानिकपुर में एयर फोर्स स्टेशन के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य कराया जाएगा।

सेक्टर ओमिक्रान 2 में पार्क, सर्विस रोड, आंतरिक रोड, ग्रीन बेल्ट पर लगे पेड़ पौधे, लॉन सहित सभी कार्यों का अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर ओमिक्रान ए, 1 के साथ 60 मीटर चौड़ी रोड का रिसर्फेसिंग का कार्य किया जाएगा। विभिन्न ग्रामों में 6 प्रतिशत आबादी के भूखंडों में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों में मेन रोड, सर्विस रोड, आंतरिक रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य कराया जाएगा।

## 5 पिंक समेत 17 शौचालय खोले गए

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर ग्रेटर नोएडा में बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर बीओटी के आधार पर बने 17 शौचालयों को आम पब्लिक के लिए खोल दिए गए। सांसद डॉ महेश शर्मा जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह दादरी विधायक तेजपाल नागर और एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने इन शौचालयों का शुभारंभ किया। इन 17 में से पांच पिंक टॉयलेट भी हैं। डॉ महेश शर्मा व दादरी विधायक तेजपाल नागर ने चार मूर्ति चौक पर बने शौचालय का और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह व एमएलसी श्रीचंद्र ने वेनिस मॉल के पास बने शौचालय का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने प्राधिकरण की इस प्रयास की जमकर सराहना की। ग्रेटर नोएडा की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय बनाने का निर्णय लिया गया। जनस्वास्थ्य विभाग ने 30 जगहों को चिह्नित करके बीओटी बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर निर्माण शुरू करा दिया। अब तक 18 शौचालय आम पब्लिक के लिए खोल दिए गए हैं। बीते दो अक्तूबर को सूरजपुर तिराहे पर सार्वजनिक शौचालय को शुरू किया गया था।

## कई सेक्टर में बनेंगे वेंडर मार्केट, प्राधिकरण के टेंडर जारी

*नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में वेंडर बाजार बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। प्राधिकरण ने कई टेंडर जारी किए हैं। अगले 2 महीने में इन सभी जगहों पर काम शुरू कराया जाएगा। इसके मुताबिक शहर के सेक्टर बीटा .1, 2, अल्फा 2, डेल्टा 2 और सेक्टर 36 में वेंडर बाजार बनाए जाएंगे। इन पर करीब 1.6 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्य कराने के लिए 17 टेंडर निकाले हैं। परियोजना विभाग की ओर से टेंडर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण पुराने टी गार्ड को निकालकर नए ट्री गार्ड लगवाएगा। उद्यान विभाग इन कामों को कराएगा सम्राट मिहिर भोज पार्क में सिविल कार्य कराए जाएंगे। धूम मानिकपुर में आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इकोटेक 2 में ड्रेन मरम्मत एवं ऊंचा करने का कार्य रामपुर एवं रिठौरी आरसीसी चेंबर का निर्माण कार्य व सेक्टर टेकजोन 2 के आरसीसी ड्रेन का बचा हुआ।*

# कॉल और व्हाट्सएप से होगा कूड़े का निस्तारण

● कचरा एंबुलेंस से होगा सफाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में स्वच्छता को बढ़ावा देने और शहर को साफसुथरा रखने के लिए, प्राधिकरण ने कचरा एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इसके अलावा निवासियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर व्हाट्सएप नंबर जन स्वास्थ्य विभाग सी एंड डी वेस्ट प्लांट तथा डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए नंबर जारी किए गए हैं।

निवासियों से कहा गया है कि कूड़े,कचरे से संबंधित कोई भी समस्या हो तो इन नंबरों पर कॉल या मैसेज कर प्राधिकरण को सूचित करें। तुरंत उसका समाधान कराया जाएगा। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा नोएडा में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नई पहल करते हुए कचरा एंबुलेंस की शुरुआत की गई है। इमरजेंसी होने पर आपातकाल सेवा की तर्ज पर कूड़ा उठाने के लिए निरशुल्क एंबुलेंस बुलाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा यदि आपके क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी कोई भी समस्या जैसे खुले में कूड़ा पड़ा होना, सफाई नहीं होना डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन

### इन नंबरों पर करें संपर्क

1. कचरा एंबुलेंस: 18001807995
2. व्हाट्सएप: 9717080605
3. सीएंडडी: 18008919657
4. डोर टू डोर: 18001807995

या इससे संबंधित अन्य कोई समस्या है तो दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। टीम इसको हल करेगी। शहर के कई सेक्टर में सेग्रिगेटेड गीले कूड़े से खाद बनाई जा रही है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा नोएडा में सेग्रीगेटेड वेस्ट को कलेक्ट कर गीले कूड़े से खाद बनाने के लिए 30 बायोमिथिनेशन व ओडब्ल्यूसी मशीनें स्थापित की गई हैं। प्राधिकरण रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन को मशीन की खरीद पर 90 प्रतिशत तक अनुदान दे रहा है। लोग अपने घर का गीला कूड़ा अलग एकत्र कर सही डस्टबिन में ही डालें।

# नियमित उपचार से ठीक हो जाते हैं क्षय रोगी : डीटीओ

हापुड़। पिलखुवा स्थित राजपूताना इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी के लक्षणों और सरकारी स्तर पर टीबी के उपचार के लिए उपलब्ध निशुल्क सेवाओं की जानकारी दी गई। जनांदोलन कार्यक्रम के चौथे चरण में स्कूलों कॉलेजों में क्षय रोग पर पोस्टर, निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह ने कहा क्षय रोग छिपाने से बढ़ता है। सरकारी अस्पतालों में टीबी का उपचार पूरी तरह निशुल्क है। जिला पीपीएम कोर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि उपचार जारी रहने तक टीबी रोगियों को बेहतर पोषण के लिए सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए का भुगतान उनके खाते में करती है। क्षय रोग पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हिमांशी को प्रथम पुरस्कार मिला।

# खाना खाने आए युवक की चाकू मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कोतवाली** फेज-2 क्षेत्र के नयागांव में सोमवार देर रात खाने की रेहड़ी पर खाना खाने आये एक युवक की दो लोगों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक खाने के पैसे के लेन-देन को लेकर आरोपियों का युवक से विवाद हुआ था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सुरेश कुमार 35 वर्ष मूलरूप से मैनपुरी के रहने वाला था और नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करता था। रात करीब पौने दस बजे वह थाना फेज-2 क्षेत्र के नयागांव तिराहे पर खाना खाने के लिए आया था। भुगतान करने को लेकर उसका रेहड़ी संचालक दिलीप से विवाद हो गया। इससे दोनों के बीच में हाथापाई भी हुई। इसी दौरान दिलीप के साथ दूसरा रेहड़ी संचालक संजीत कुमार भी आ गया। आरोप है कि दोनों ने सुरेश पर चाकू से वार किए।

# विद्यालयों की जर्जर इमारतों की बदलेगी सूरत

● चयनित किए गए नौ राजकीय स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

माध्यमिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालयों की इमारतों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत किया जाएगा, इस संबंध में माध्यमिक विद्यालय चयनित किए गए हैं।

ये सभी कार्य प्रधान मंत्री जन विकास योजना केंद्र व राज्य वित्त आयोग की धनराशि से किए जाएंगे। जिला मुख्यालय पर राजकीय



जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक का दृश्य।

विद्यालयों में अनुरक्षण से संबंधित कार्य कराए जाने के लिए तहसीलवार एवं विद्यालयवार गठित उप समितियों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों पर मैराथन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अधिकारी जिला अधिकारी आरके सिंह ने की।

उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों का चयन किया गया है उनमें स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा स्मार्ट क्लास बाउंड्री वॉल गेट का निर्माण सोलर प्लांट की स्थापना मल्टीपरपज हॉल आदि अन्य कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा राजकीय विद्यालयों में राजकीय विद्यालयों में पुस्तकालय कक्ष बालक बालक बालिकाओं के लिए प्रथक शौचालयों की स्थापना बैडमिंटन कोर्ट आदि के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने के संबंध में भी जिला विद्यालय निरीक्षक किया गया है। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम गाजियाबाद, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 गाजियाबाद, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नन्दग्राम, प्रधानाचार्या राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज विजयनगर गाजियाबाद एवं प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूरपुर गाजियाबाद आदि उपस्थित थे।

# हिंडन तट पर छठ पूजा के लिए बनेंगे 61 घाट

## सनातनी पर्वों की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद नगर निगम की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज एवं छठ पूजा पर्व को लेकर आज नगर निगम के अधिकारियों की बैठक मेयर आशा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी पर्वों पर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए।

बैठक में मेयर आशा शर्मा ने अधिकारियों को ताकीद करते हुए



अधिकारियों संग बैठक में मेयर।

बताया कि हिंडन नदी तट पर छठ पूजा के लिए 61 स्थानों पर घाट बनाए जाएंगे और उनकी साफ-सफाई और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान देना है। इसके अलावा दीपावली में गोवर्धन पूजा को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी मंदिरों पर साफ-सफाई, चूने का छिड़काव और प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ उड़न दस्ते भी गठित करने के लिए आदेश दिए ताकि सभी कार्य समय पर संपन्न हो सके। मेयर ने बताया कि छठ घाट के पॉंड की रंगाई पुताई व सुविधा व्यवस्था के साथ-साथ पानी के छिड़काव और चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था भी कराई जानी है।

बैठक में अपर नगर आयुक्त राज नारायण पांडे, अपर नगर आयुक्त शिवपूजन आदि मौजूद रहे।

## चार केंद्रों पर 2 शिफ्टों में होगा टीकाकरण

गाजियाबाद। कामकाजी लोगों को टीका लगवाने में परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने चार बड़े टीकाकरण केंद्रों पर दो शिफ्टों में टीकाकरण शुरू करने का निर्णय लिया है। ऐसा एक नवंबर से लागू होने वाले क्लस्टर मॉडल-2.0 के तहत होगा, यानि एक नवंबर से देर शाम तक भी टीका लगवाया जाएगा। सीएमओ ने बताया, कामकाजी लोगों को टीका लगवाने में कोई दिक्कत न हो, इसलिए अब जिला एमएमजी अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल और संतोष अस्पताल में दो शिफ्टों में टीकाकरण होगा।

# एक सप्ताह में 68 गांवों को मच्छर ब्रीडिंग मुक्त

हापुड़। जनपद में चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के पहले सप्ताह में मलेरिया विभाग की टीमों ने 68 गांवों को मच्छर ब्रीडिंग से मुक्त कर दिया है।

जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के 147 और शहरी क्षेत्र के 28 ड्रेन साफ कराए गए हैं। पूरे जनपद में फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव किया जा रहा है। पहले सप्ताह के दौरान शहरी क्षेत्र के 47



वार्डों में फॉगिंग कराई गई है। इसके अलावा 43 सुअरबाड़ों में जाकर विभाग की टीम ने सेनिटाइजेशन मीटिंग की हैं और कुल 124 सुअर बाड़ा स्वामियों का संवेदीकरण किया गया है।

# गाजियाबाद में धान के 588 क्रय केंद्र खुले , 1 नवंबर से होगी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जिले** में 588 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं, इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 211 और शहरी क्षेत्रों में 347 केंद्र शामिल है। आगामी 1 नवंबर से सभी सरकारी केंद्रों पर धान खरीदने का कार्य शुरू हो जाएगा।

जनपद में धान का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। समर्थन मूल्य दो वर्गों में बांटा गया है, इनमें कॉमन ग्रेड 1940 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड ए 1960 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि धान खरीद के लिए उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा। इसके लिए, किसानों को धान बेचने का पंजीयन कराने के लिए उन सुविधा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, बल्कि नजदीकी कोटेदार के पास



जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे, जिसके बाद निर्धारित तारीख पर किसान धान बेचने के लिए जा सकेगा। डॉक्टर सीमा ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन विभागीय वेबसाइट, खरीद हेतु किसान पंजीकरण पर किया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसानों का भुगतान उनके खाते में सीधा जाएगा। इसके साथ ही किसानों को वेबसाइट पर ही अपनी भूमि का विवरण देना अनिवार्य है। आधार लिंकड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, किसान पंजीकरण के समय मोबाइल नंबर अंकित कराएं।

# डेंगू के डंक से कोहराम, मरीजों की संख्या 357 पहुंची

● नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 18 क्लस्टर चिह्नित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



स्वास्थ्य विभाग ने नोएडा में करीब 10 क्षेत्रों और ग्रेटर नोएडा में 8 क्षेत्रों की पहचान की है, जहां से जिले में डेंगू के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। अफसरों का कहना है कि वेक्टर जनित बीमारी में तेजी से बढ़ोत्तरी को नियंत्रित करने के लिए क्लस्टरों में विशेष फॉगिंग और सफाई अभियान चलाया जाएगा।

नोएडा में अब तक 357 डेंगू बुखार के मामले दर्ज किए गए हैं। मंगलवार को डेंगू के 15 मामले मिले थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में साल 2017 में डेंगू के 13 मामले वर्ष 2018 में 28 मामलेसाल 2019 में 40 और वर्ष 2020 में 27 मामले दर्ज किए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सदरपुर छलेरा ममुरा निठारी बरोला छिजारसी के साथ सेक्टर 5, 9, 22 और 51 नोएडा में सबसे अधिक केस मिले हैं।

इन इलाकों को क्लस्टर के रूप में चिन्हित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में पहचाने गए 8 हॉटस्पॉट अल्फा 2, गामा 1, बीटा 1, गौर सिटी 1.2, हैबतपुर, कुलेसरा और सूरजपुर हैं। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया श्सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से लगभग 65.70: इन इलाकों से हैं। अधिकारियों को इन क्षेत्रों में फॉगिंग लार्वा विरोधी छिड़काव और सीवर की सफाई के लिए सघन अभियान शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नोएडा में कुछ और इलाके हैं, जहां डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। हालांकि ये अभी बड़े क्लस्टर नहीं हैं। गौतमबुद्ध नगर में आधिकारिक तौर पर डेंगू के कुल 357 मामले दर्ज किए गए हैं। सोसाइटी की जांच कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा अधिकारियों ने हाई राइज सोसाइटा का भी सर्वे करना शुरू कर दिया है। खासकर जहां से शिकायतें मिली हैं। हालांकि परिसर के भीतर फॉगिंग और लार्वा विरोधी गतिविधियों को सुनिश्चित करना आरडब्ल्यूए की जिम्मेदारी है। लेकिन हमें निवासियों से कई शिकायतें मिल रही हैं। हम पहले ही एक हाउसिंग सोसाइटी पर जुर्माना लगा चुके हैं। अब हम कुछ अन्य सोसाइटी का दौरा कर रहे हैं।

### ऐसे हो सकेगा बचाव

डेंगू का कारण एडीज मच्छर है। यह केवल साफपानी में पैदा होता है, जो आमतौर पर घरों में जमा होता है। यह बहुत अधिक या बहुत दूर नहीं उड़ पाता है। कीचड़ भरे पानी में पैदा होने वाले मच्छरों से डेंगू का खतरा नहीं है। बालकनी, कूलर, बाल्टी, गमलों और फ्रीडिंग ट्रे में पानी जमा न होने दें।

अधिकारियों को अन्य मौसमी वेक्टर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, टाइफाइड और पीलिया में वृद्धि को रोकने के लिए भी कदम उठाने के लिए कहा गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। पैर में चोट लगने की संभावना भी बन सकती है। बेहद सावधान रहें, वाहन भी सावधानी पूर्वक चलाएं। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन में खुशी के पल का आनंद लेंगे। परिवार में पैसों की आवक होगी। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए दिनमान बेहद अच्छा है। काम के सिलसिले में काफी सशक्त नजर आएंगे।

भाग्यांक: 9
विशेष: विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज कामों का नतीजा नहीं मिलने से परेशान हो सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क स्थापित कर अधिक प्रभावशाली बन जाएंगे। प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। अहंकार व्यक्तिगत, पेशेवर जीवन दोनों में कुछ समस्याएं पैदा कर सकता है। भावनाओं को नियंत्रण में रखे। नौकरी में अच्छे पद पर प्रमोशन मिल सकता है। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। आज किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

भाग्यांक: 8
विशेष: सोने का कड़ा धारण करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

पैसों के मामले में काम नहीं रुकेगा। धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक जीवन में सफलता और संतुष्टि मिल सकती है। बिजनेस में मेहनत के दम पर सफलता मिलने के योग हैं। खर्चा के मामलों में नियंत्रण रखने की कोशिश करें। पारिवारिक मामले आसानी से सुलझ सकते हैं। धैर्य रखेंगे तो सक्सेस मिल सकती है। अटके हुए काम भी पूरे होने के योग हैं कामों की तारीफ हो सकती है।

भाग्यांक: 6
विशेष: भगवान विष्णु को पीले रंग के फूल अर्पित करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्य का साथ मिलेगा। प्रॉपर्टी की बात चल रही थी तो अटक सकती है, लेकिन शीघ्र ही वह आपके हाथ में आएगी। धैर्य रखें। काम के सिलसिले में पूरा ध्यान रखें। सफलता जरूर मिलेगी। शादीशुदा लोग गृहस्थी को लेकर संतुष्ट नजर आएंगे। ससुराल में कुछ समस्या हो सकती है। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए, दिनमान सामान्य रहेगा। आपका प्रिय घूमने की जिद पकड़ सकता है।

भाग्यांक: 1
विशेष: जल में हल्दी डालकर स्नान करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

आज आत्मविश्वास की कमी और खराब ऊर्जा का स्तर होगा। बेहतर होगा कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध की रणनीति बनाकर आगे कदम बढ़ाए। अच्छे अवसर भी मिल सकते हैं। बस थोड़ा सा शांत बनाये रखेंगे। कई तरह के अनुभव मिल सकते हैं। शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भक्ति भाव में मन लगेगा। भावनात्मक उथल-पुथल परेशान कर सकती है। खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखें।

भाग्यांक: 8
विशेष: केसर का टीका लगाएं।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ण, ठ, पे, पो)

काम को खुद लीड करेंगे तो अच्छा रहेगा, दूसरों के निर्देशों को मानते हुए काम करना हो, दिन सामान्य है। कामकाज ज्यादा रहेगा। मेहनत भी ज्यादा हो सकती है। कोई नई चीज सीख सकते हैं। मांगलिक समारोह में भी शामिल होने के योग हैं। नए दोस्तों से मुलाकात फायदेमंद हो सकती है। दोस्तों से बातचीत होगी और मिलने जुलने का प्लान बन सकता है। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे।

भाग्यांक: 7
विशेष: बुजुर्ग साधु का सम्मान करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

सेहत के प्रति उदासीन रवैया नुकसान दे सकता है। खानपान पर पूरा ध्यान दें। किसी से कड़वी बातें न करें। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर बहुत खुश नजर आएंगे। जीवन साथी में उनका दिल लगेगा। जीवन साथी भी उनके मन की बातें करेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग खुश नजर आएंगे। आज ऑफिस में किसी अलग का रूप रंग में नजर आएंगे। कॉन्फिडेंस आपको आगे रखेगा। लोग आपकी तारीफ करेंगे।

भाग्यांक: 9
विशेष: साबुत हल्दी का दान करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

जीवन की सभी प्रकार की परेशानियां दूर हो जाएंगी। सामाजिक लोकप्रियता के चलते आकर्षण का केंद्र बनेंगे। पारिवारिक जीवन शांतिपूर्ण और खुशहाल रहेगा। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। वाणी में सौम्यता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। खुद को अपने प्रिय के प्यार से सराबोर महसूस करेंगे।

भाग्यांक: 2
विशेष: मंदिर में चने की दाल का दान करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

परिवार की मदद से काम पूरे हो सकते हैं। धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। किस्मत का साथ मिल सकता है। कारोबार का तनाव भी आज दूर हो सकता है। एकाग्रता से सफलता मिलने के योग हैं। आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते मिल सकते हैं। लोग आपका ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश कर सकते हैं। बातचीत में तार्किक एवं बौद्धिक चर्चा से दूर रहने का प्रयास करें। मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक तरक्की रहेगी।

भाग्यांक: 8
विशेष: नमो नारायण मंत्र का जाप करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

परिवार के छोटे सदस्यों को कोई समस्या हो सकती है। चोट लगने की संभावना बन सकती है। सावधानी रखें। मेहनत सफल रहेगी। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन से प्रफुल्लित नजर आएंगे। जीवनसाथी पारिवारिक जिम्मेदारियों भी बहुत अच्छे से निभा पाएंगे। प्रेम जीवन बिता रहे लोग प्रिय की अजीबोगरीब डिमांड सुनकर थोड़े आश्चर्यचकित हो सकते हैं। दोस्त के आगमन से घर में खुशी आएगी।

भाग्यांक: 8
विशेष: मांस मदिरा का सेवन न करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। निवेश योजना को लेकर दुविधा में रहेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो बहुत सारे अवसर हो सकते हैं। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को मनपसंद काम मिलने की संभावना है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग का अध्ययन में मन लगेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग प्रिय के लिए कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। बस प्रवाह के साथ जाओ और चुनौतियों पर प्रतिक्रिया करें।

भाग्यांक: 6
विशेष: पीतल के बर्तन में खाना बनाएं।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आज अपना काम पूरा कर ही लेंगे और लोगों से भी मदद मिलती रहेगी। कोर्ट-कचहरी से जुड़े काम समय से पूरे होने के योग बन रहे हैं। रिश्तों के दायरे में पुराने मामलों में फैसले लेने से फायदा हो सकता है। रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। ऑफिस में खुश रहेंगे। काम के प्रति समर्पण होने से अधिकारी और बड़े लोग भी इम्प्रेस हो सकते हैं। अपने विचारों और कार्यों को फिर से व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। सोचे हुए काम पूरे होंगे।

भाग्यांक: 3
विशेष: विष्णु मंदिर में तिल के तेल का दीपक जलाएं।

**एक वार्तालाप स्टार्टर से अधिक, चाय ताज़गी का एक स्रोत है, आतिथ्य का एक अंदाज़ और कई लोगों के लिए आय का एक साधन है। यह कहना है विशाल परिक का, साथ ही वे चाय के इतिहास और लाभों को साझा कर रहे हैं :**

# चाय
## पेय पदार्थ मात्र ही नहीं





कुछ लोगों के लिए चाय के बिना सुबह की शुरुआत करना मुश्किल होता है। दूसरों के लिए, किसी भी कठिन कार्य के लिए पहले एक अच्छी चाय की आवश्यकता होती है और कुछ के लिए, यह एक बेहोश दैनिक आराम का पेय है। चाय दुनिया भर में सबसे अधिक खपत होने वाले पेय पदार्थों में से एक है। हालाँकि, भारत में, यह एक पेय से एक भावना बन गया है। हर घर में, गली की दुकान, स्टॉल, कैफे में, अपने दैनिक आराम के प्याले में लिप्त लोगों का न मिलना मुश्किल है।

भारतीयों का चाय से गहरा लगाव और जुड़ाव है। सिर्फ बातचीत शुरू करने वाला ही नहीं, चाय में रोज़मर्रा के सांसारिक मामलों पर एक चर्चा पैदा करने की शक्ति होती है, जिसका हर कोई स्वेच्छा से हिस्सा बन जाता है। यह लोगों के करीब आने और उन्हें समझने का एक तरीका है। और सिर्फ सांसारिक ही नहीं, चाय टपरी गर्म राजनीतिक बहस के लिए भी प्रसिद्ध हैं। चाय ताज़गी का एक स्रोत है, मेहमानों के लिए एक इशारा है और कई लोगों के लिए आय का एक तरीका है। इस दैनिक अमृत के लिए भारतीयों का बहुत कुछ ऋणी है। कोई आसानी से कह सकता है कि यह पेय के रूप में साधारण खपत से परे है। यह बल्कि एक अनुष्ठान या आदत है और निस्संदेह एक उत्सव है - हर दिन का उत्सव। भारत में, यह ज्ञात है कि चाय का उपयोग मुख्य रूप से 500 ईसा पूर्व में औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता था। लेकिन 1826 में अंग्रेजों द्वारा पेश किए जाने के बाद ही इसे व्यापक रूप से जाना जाने लगा। प्रारंभ में, ब्रिटेन ने भारत में चीनी चाय की झाड़ियों की खेती करने का प्रयास किया, जो जलवायु में अंतर (हिमालय में दार्जिलिंग के क्षेत्र को छोड़कर) के कारण काफी हद तक असफल साबित हुआ। जल्द ही यह पता चला कि भारत के पास पहले से ही अपनी स्वदेशी चाय की झाड़ी थी जो उत्तर-पूर्वी भारत में असम घाटी में उगती थी।

चाय उत्पादन पर चीन के एकाधिकार को तोड़ने के प्रयास के रूप में जो शुरू हुआ, उसने भारत को एक ऐसा उपहार दिया, जिसे उसके नागरिक नहीं जानते थे कि उन्हें प्यार हो जाएगा। अंग्रेजों ने भारत में चाय को अन्य स्थानों पर निर्यात करने के लिए उगाना शुरू किया। 1837 में, ऊपरी असम के चबुआ में पहला अंग्रेजी चाय बागान स्थापित किया गया था। 1840 में, असम टी कंपनी ने इस क्षेत्र में चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। इससे चाय पीने की ब्रिटिश संस्कृति का विस्तार हुआ। दूध और चीनी के साथ काली चाय और चाय भारत के लोगों के लिए पेश की गई थी और इससे पहले कि लोग समझ पाते, इसका भारतीय संस्करण - मसाला चाय, काली चाय में दूध, चीनी और मसाले जैसे इलायची, सौंफ और लौंग मिलाकर बनाई गई, दैनिक बन गई। कई के लिए ईंधन। और आज भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

हालांकि गर्म पेय बनाने के लिए चाय की पत्तियों को बनाने की मुख्य तकनीक पहले की तरह ही रहती है, भारत के विभिन्न क्षेत्रों ने चाय का अपना संस्करण बनाने के लिए विभिन्न शैलियों और स्वादों को अपनाया। कश्मीरी कहवा चाय से लेकर कश्मीर की घाटियों से लेकर मुंबई की गलियों में चाय तक, चाय हर कुछ किलोमीटर पर स्वाद, सामग्री और चिपचिपाहट बदलती है। नीलगिरि पहाड़ियों के नीले पहाड़ों में जो चाय पी जाती है, वह कोलकाता की खास जायफल चाय से बहुत अलग है। जहां गुजरात में ठेलों की देसी चाय की सुगंध आपको चाय के लिए तरस सकती है, वहीं असम के घरेलू बगीचों की मसाला श्रृंखला आपके स्वाद को एक अनूठा स्वाद प्रदान करती है। भारतीयों के लिए, जिनकी चाय अपने समाज और संस्कृति के एक अविभाज्य हिस्से के रूप में गहराई से निहित है, उनके लिए चुनने के लिए चाय की अंतहीन किस्में हैं।

यह जानना दिलचस्प है कि भले ही अंग्रेजों ने चाय की शुरुआत की, लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हमें मिलने वाली चाय की विभिन्न शैलियाँ दुनिया के विभिन्न हिस्सों से प्रभावित हुईं। इसका एक अच्छा उदाहरण कश्मीरी चाय है जिसे कहवा के नाम से जाना जाता है। कहवा स्वाद अरबी प्रभाव के लिए जाना जाता है। यह हरी चाय कश्मीर की घाटियों से निकलती है और इलायची की फली, दालचीनी की छाल और के सर की खुशबू से प्रभावित होती है, जिसे बाद में कुचले हुए बादाम के साथ ताज पहनाया जाता है। कहा जाता है कि कहवा के पत्ते मसाले के रास्ते से आए थे। वे क्रॉस-सांस्कृतिक महत्व रखते हैं क्योंकि 'कहवा' नाम अरबी मूल का है। परंपरागत रूप से, यह तांबे की के तली में तैयार किया जाता है, जिसे समोवर के रूप में जाना जाता है, जो तुर्की, अरबी और रूसी लोगों की तरह है।

> **भारत में लगभग 64 फीसद घरों में और उसमें रहने वाले 96 फीसद परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है।**



इतिहास बताता है कि भारत में प्रत्येक क्षेत्र में चाय बनाने की शैली स्थानीय जड़ी-बूटियों और मसालों की उपलब्धता पर निर्भर करती है जो इस क्षेत्र में उगती हैं। एक अन्य कारक जिसने चाय को प्रभावित किया, वह था क्षेत्र के शासक और व्यापारी और उसके कारण आने वाली और बाहर जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और मसाले।

वैदिक काल में भी ऐसा ही था। जैसे ही भारत ने विभिन्न नई जड़ी-बूटियों और मसालों का आगमन देखा, आयुर्वेद फलने-फूलने लगा। शाब्दिक अर्थ है 'जीवन का विज्ञान', प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों, मसालों और फूलों का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य लाभ से भरे होते हैं और बीमारियों को ठीक करने के लिए चाय के लाभों के साथ संयुक्त होते हैं। चाय के विभिन्न औषधीय लाभ हैं और यह पारंपरिक तरीकों से रोगों को ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज भी जैसे-जैसे लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते जा रहे हैं, चाय कई लोगों की पसंदीदा पसंद बनती जा रही है। भारत में, चाय एक आदत है और इसका सेवन दिन में लगभग 3-4 बार किया जाता है। सबसे अधिक ज्ञात बेड टी है जो अधिकांश भारतीयों के लिए दिन की शुरुआत करती है। एक और शाम की चाय है जिसमें नाश्ते के साथ सेवन किया जाता है, जिसका मतलब थका देने वाले दिन के बाद आपको रिचार्ज करना है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में लगभग 64% घरों में और उसमें रहने वाले 96% परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है। चूंकि चाय की खपत को छोड़ना एक चुनौतीपूर्ण आदत है, इसलिए अधिकांश लोग चाय के साथ दूध और चीनी की बढ़ती खपत के साथ अपने चाय के सेवन के बारे में अधिक चिंतित हो रहे हैं। हालांकि, खपत में कमी के बजाय, खपत पैटर्न में बदलाव बढ़ रहा है। अधिक से अधिक लोग अब शराब की चाय, काली चाय, हरी चाय, कैमोमाइल चाय, चमेली की चाय आदि जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को अपना रहे हैं।



जहां पहले चाय को ताज़गी के स्रोत के रूप में देखा जाता था, वहीं अब इसे स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा, वजन घटाने और जलयोजन के साधन के रूप में देखा जा रहा है। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों से बनी चाय जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते हैं, अब पसंद की जा रही हैं। ऐसी चाय जिनमें डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं और जो आपकी नसों को शांत करती हैं और आपको अच्छी रात की नींद देती हैं, आजकल लोगों के लिए नई पसंद है। यह भी दिलचस्प है कि बहुत सारे जेन-जेड और मिलेनियल्स जिन्होंने कैफे और कैफीन संस्कृति को अपनाया था, वे भी इसके स्वास्थ्य लाभों के कारण कॉफी से चाय की ओर रुख कर रहे हैं।

**चाय के मिश्रण, स्वाद और अन्य अतिरिक्त सामग्री के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं।**

- इसका सबसे अधिक ज्ञात लाभ नसों को शांत करने की इसकी क्षमता है। यह एक तनाव निवारक है और इसलिए अधिकांश सिरदर्द का उत्तर है। यह अक्सर दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है और तनाव को दूर करने और अवसाद रोधी के रूप में कार्य करने के लिए जाना जाता है।
- इसके अलावा चाय को हार्ट अटैक और ब्लड क्लॉट के खतरे को कम करने के लिए भी जाना जाता है। चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो रक्त परिसंचरण को आसान बनाते हैं और रक्तचाप के स्तर में सुधार करते हैं। यह रक्त कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद कर सकती है।
- चाय की कुछ किस्मों, जैसे ग्रीन टी में कैफीन की एक निश्चित मात्रा होती है। कैफीन का यह स्तर कॉफी में पाए जाने वाले की तुलना में बहुत कम होता है, लेकिन कॉफी की तरह बिना किसी झटके दार प्रभाव के यह मन और शरीर पर लंबे समय तक प्रभाव डालता है। यह फोकस को बेहतर बनाने में मदद करता है और दिमाग को शांत और तनावमुक्त रखते हुए दिमाग को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करता है।
- वजन कम करना चाय का एक और फायदा है। ग्रीन टी में मौजूद अमीनो एसिड शरीर में जमा फैट को बर्न करने में मदद करता है। हरी चाय निकालने जो के ंद्रित हरी चाय है एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पूरक बन रहा है। अधिक से अधिक जिम जाने वाले लोग अपने वर्कआउट की दक्षता बढ़ाने और वजन घटाने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं।
- कुछ चाय पार्किंसंस रोग, अल्जाइमर, मनोभ्रंश और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में भी उपयोगी हैं।
- ब्लैक टी का व्यक्ति के ब्लड शुगर लेवल पर काफी प्रभाव पड़ता है। काली चाय की खपत में वृद्धि हुई है क्योंकि टाइप 2 मधुमेह को रोकने के इसके औषधीय लाभ लोगों को ज्ञात हो रहे हैं।
- ऊलोंग चाय, अदरक की चाय और हर्बल चाय पाचन में सहायता करती है और पेट दर्द और दस्त को ठीक करती है। उनका उपयोग मतली और उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। कुछ चाय में टैनिन होते हैं जो आंतों के लिए फायदेमंद होते हैं और चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम और पेट में ऐंठन को ठीक कर सकते हैं।

चाय के स्वास्थ्य लाभ अंतहीन हैं और इसके स्वाद और सामग्री पर बहुत कुछ निर्भर करता है। नई पीढ़ी के स्वाद के अनुरूप दिन-ब-दिन नए मिश्रण और दिलचस्प स्वाद आ रहे हैं। गुलकंद, लीकोरिस, मिंट और लेमनग्रास जैसे स्वादों को भारतीयों द्वारा स्वेच्छा से आजमाया और अपनाया जा रहा है। उनमें इस्तेमाल की जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और फूल भारतीय तालू के करीब प्रतिध्वनित होते हैं और इसलिए कुछ ही समय में लोकप्रिय हो रहे हैं।

चाय के लिए प्रयोग और प्यार के परिणामस्वरूप स्वाद और मिश्रणों का ढेर पहले कभी नहीं सुना गया है। टमाटर तुलसी की चाय और चुकंदर की चाय जैसे सब्जियों से भरे चाय के स्वाद चाय प्रेमियों के बीच व्यापक रूप से मांग में होते जा रहे हैं। मटका, मोरिंगा और मोरक्कन मिंट टी भी अपने डिटॉक्सिफाइंग गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं। एक और नया विकास जो बहुत जल्द कार्बोनेटेड पेय की जगह ले रहा है, वह है कोल्ड ब्रू। रास्पबेरी, बेर, ककड़ी और नारियल के स्वाद में कोल्ड ब्रू चाय को आइस्ड टी के रूप में बनाया जा रहा है। और भारतीय यहीं नहीं रुकते। उन्होंने मिठाई के रूप में चाय का सेवन करने के तरीके भी खोजे हैं। सेब, दालचीनी, आड़ू और क्रैनबेरी चाय जैसे स्वाभाविक रूप से मीठे स्वाद वाली चाय का उपयोग मिठाई चाय के रूप में किया जा रहा है, जिससे यह पेटू चाय की एक श्रेणी बन गई है।

और जब सभी नए वेरिएंट के बारे में बात की जाती है, तो कोई भी सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन बबल टी, बोबा टी और पर्ल टी को नहीं भूल सकता है जो लीची और स्ट्रॉबेरी जैसे रसदार स्वादों में आते हैं।

यह देखना दिलचस्प है कि हर दिन उपभोक्ताओं के स्वाद में कितना बदलाव आ रहा है। नए और प्रामाणिक स्वाद और मिश्रण महत्व प्राप्त कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए उनका मूल्य भी गहरा हो रहा है। मूल, ताजी सामग्री और प्रामाणिक स्वादों को समझने और उनकी सराहना करने वाले चाय प्रेमी बढ़ रहे हैं और ऐसा ही भारतीय चाय उद्योग में भी हो रहा है।

**( लेखक दंता हर्ब्स के सह-संस्थापक और सीईओ हैं )**

# जेसन रॉय का अर्धशतक, इंग्लैंड ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

एजेंसी। अबुधाबी

**इंग्लैंड** ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय (61) के अर्धशतक से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के सुपर 12 के ग्रुप एक के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज करने वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप एक तालिका में चार अंक लेकर पहले स्थान पर है।

इंग्लैंड की गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। प्लेयर आफ द मैच जेसन रॉय और जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। जेसन रॉय ने 38 गेंद में पांच चौके



और तीन छक्के जड़ति अर्धशतकीय पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम ने हालांकि जोस बटलर (18) का विकेट पावरप्ले में 39 रन पर ही गंवा दिया था। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था, लेकिन शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत सुनिश्चित की।

जेसन रॉय और डेविड मलान के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 73 रन की साझेदारी बनी। यह भागीदारी 13वें ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने तोड़ी। डेविड मलान 25 गेंद में तीन चौके से 28 रन और जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए मुश्फिकुर रहीम 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कप्तान महमूदुल्लाह ने 19 रन का योगदान दिया। अंत में नासुम अहमद ने नौ गेंद में दो छक्के और एक चौके से नाबाद 19 रन बनाकर बांग्लादेश को 124 रन तक पहुंचाने में मदद की।

इंग्लैंड के लिए लिए फिर आल राउंडर मोईन अली ने पावरप्ले में दो विकेट झटके, उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिमाल मिल्स ने अंतिम ओवर में दो खिलाड़ियों को आउट कर अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लियाम लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि क्रिस वोक्स ने चार ओवर में महज 12 रन दिए और एक विकेट भी झटका। वेस्टइंडीज को पिछले मैच में 55 रन पर समेटने वाली इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन जारी रखा। बांग्लादेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट तीसरे ओवर में गंवा दिए। लिटन दास (09) ने मोईन अली पर पहले ओवर में दो चौके लगाकर 10 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई थी, पर वह इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में स्वीप करने के प्रयास में लिविंगस्टोन को आसान कैच देकर आउट हो गए।

# आस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की नाकामी का फायदा उठाने उतरेगा श्रीलंका

एजेंसी। दुबई

**पूर्व** चैंपियन श्रीलंका आईसीसी टी-20 विश्वकप सुपर 12 के ग्रुप एक के गुरुवार को होने वाले मैच में आस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की लचर फॉर्म का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। श्रीलंका ने 2014 में खिताब जीता था, लेकिन इस बार उसे क्वालीफायर्स में खेलना पड़ा जहां वह तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर रहा। इसके बाद उसने सुपर 12 के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। दूसरी तरफ अब तक टी-20 विश्वकप नहीं जीत पाने वाले आस्ट्रेलिया को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 119 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ही संघर्ष करना पड़ा था। उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 38 रन था और वह आखिरी ओवर में जीत दर्ज कर पाया था।

कप्तान आरोन फिंच खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे डेविड वार्नर फिर से सस्ते में पवेलियन लौट गए। मिशेल मार्श का बल्ला भी नहीं चल रहा है। आस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत की सख्त दरकार है और इसके लिए वह फिंच और वार्नर पर निर्भर है। अगर आस्ट्रेलिया को श्रीलंकाई स्पिनरों से पार पाना है तो इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्टीव स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी संवारी थी और टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए उनका प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। फिंच को मार्श से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में इंडियन प्रीमियर लीग की अपनी फॉर्म बरकरार रखी है। उन्होंने पिछले मैच में चार ओवर में एक विकेट लेकर कप्तान को विकल्प मुहैया कराए हैं। लेकिन श्रीलंकाई टीम में अच्छे स्पिनर हैं और ऐसे में यहां की धीमी पिच पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेल पाने वाले महीश दीक्षणा की वापसी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा का प्रदर्शन भी श्रीलंका के लिए काफी मायने रखेगा।

आस्ट्रेलिया का दारोमदार अपने तेज गेंदबाजों पर टिका रहेगा। जोश हेजलवुड ने आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से अपनी काबिलियत साबित की। उनके साथ मिशेल स्टार्क और पैट कमिन्स श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। यदि आस्ट्रेलिया शुरू में विकेट हासिल कर लेता है तो श्रीलंका दबाव में आ जाएगा। सलामी बल्लेबाज कुसाल परेरा खतरनाक साबित हो सकते हैं लेकिन हेजलवुड और उनके साथियों के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। कप्तान दासुन शनाका को चरित असलंका, पथुम निसांका और अविष्का फर्नांडो से भी अच्छे योगदान की उम्मीद रहेगी। असलंका ने पिछले मैच में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसी परिस्थितियों में मैच का परिणाम काफी हद तक दोनों टीमों के बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।



### टीमें

**आस्ट्रेलिया:** आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिन्स (उपकप्तान), जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), कुसाल जनीथ परेरा, दिनेश चांदीमल, धनंजय डि सिल्वा, पथुम निसंका, चरिथ असलंका, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, वानिन्दु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरु कुमारा, महेश दीक्षणा, बिनुरा फर्नांडो।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 से।**

## पारी संवारने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव कर सकते हैं स्मिथ

**मेलबर्न।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की धीमी पिचें टी-20 विश्वकप में पावर हिटर बल्लेबाजों को रास नहीं आ रही हैं और इसलिए आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अपनी टीम की खातिर अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने के इच्छुक हैं। टी-20 विश्वकप में लगभग सभी टीमों को 150 रन के पार पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है क्योंकि यूएई की पिचों पर स्ट्रोक खेलना आसान नहीं है।

आम तौर पर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले स्मिथ परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं और यदि जरूरत पड़ी तो बल्लेबाजी क्रम में और नीचे उतरने के लिए तैयार हैं। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार स्मिथ ने कहा, पूर्व की तुलना में मेरी भूमिका थोड़ी बदली हुई है। मेरा काम शीर्ष क्रम के नहीं चल पाने पर पारी संवारना और मेरे साथ जो भी बल्लेबाज हो उसके साथ साझेदारी निभाना है। उन्होंने कहा, यदि हमारा शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन करता है, तो मैं बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतर सकता हूं ताकि हमारे विस्फोटक बल्लेबाजों को लंबे शॉट खेलने का मौका मिल सके। निश्चित तौर पर यह मेरी भूमिका है। मुझे लगता है कि हमारे अभ्यास मैचों और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में मैंने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई। स्मिथ ने कहा, मैं जानता हूं कि मुझे क्या करना है। बाकी टीम मेरी भूमिका जानती है। हम सभी जिस तरह से खेलना चाहते हैं, इसको लेकर हम सभी की राय स्पष्ट है।

# शोएब अख्तर ने टीवी कार्यक्रम छोड़ा, बाहर निकलने को कहा गया था

एजेंसी। कराची



**पाकिस्तान** के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर उस समय विवादों में घिर गए, जब उन्होंने एक टीवी कार्यक्रम को बीच में छोड़कर क्रिकेट विश्लेषक के अपने पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि सरकार नियंत्रित पीटीवी के मेजबान ने उन्हें बाहर जाने को कहा था। अख्तर ने कहा कि मंगलवार को पाकिस्तान की टी-20 विश्वकप में न्यूजीलैंड पर पांच विकेट से जीत के बाद कार्यक्रम के मेजबान ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया और उनका अपमान किया।

पाकिस्तान की तरफ 46 टेस्ट और 163 वनडे खेलने वाले 46 वर्षीय अख्तर उठे, उन्होंने अपना माइक्रोफोन हटाया और चले गए। कार्यक्रम के मेजबान नौमान नियाज ने उन्हें वापस बुलाने का प्रयास नहीं किया और कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई और कार्यक्रम जारी रखा, लेकिन कार्यक्रम के अन्य मेहमान सर विवियन रिचर्ड्स, डेविड गॉवर, राशिद लतीफ, उमर गुल, आकिब जावेद और पाकिस्तान महिला टीम की कप्तान सना मीर इससे हैरान थे। अख्तर के कार्यक्रम छोड़कर चले जाने से सोशल मीडिया पर बवाल मच गया और लोगों ने नियाज से माफी मांगने को कहा। अख्तर और नियाज के बीच बहस के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए गए। अख्तर ने बुधवार को ट्विटर पर पोस्ट करके अपनी स्थिति स्पष्ट की। अख्तर ने ट्वीट किया, 'सोशल मीडिया पर कई वीडियो आ रहे हैं इसलिए मैंने सोचा कि मुझे अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। नोमान ने असभ्यता दिखाई और उन्होंने मुझे कार्यक्रम छोड़ने के लिए कहा।' उन्होंने कहा, यह काफी शर्मसार करने वाला था क्योंकि आपके साथ सर विवियन रिचर्ड्स और डेविड गॉवर जैसे दिग्गज तथा मेरे कुछ समकालीन और वरिष्ठ भी सेट पर बैठे थे और लाखों लोग इसे देख रहे थे।

अख्तर ने कहा, मैंने यह कहकर सभी को शर्मिंदगी से बचाने का प्रयास किया कि मैं आपसी समझ से नौमान की टांग खींच रहा हूं और नौमान भी विनम्रता से माफी मांगेंगे और हम कार्यक्रम जारी रखेंगे। उन्होंने माफी मांगने से इन्कार कर दिया। इसके बाद मेरे पास और कोई विकल्प नहीं था। यह समस्या तब पैदा हुई जब अख्तर ने मेजबान के सवाल पर ध्यान नहीं दिया और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को लेकर बात की और पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी लाहौर कलंदर्स और उसके कोच आकिब की प्रशंसा की। नौमान ने उन्हें रोकने की कोशिश की और वह अख्तर से चिढ़ गए। उन्होंने शोएब से कहा कि वह उन्हें तवज्जो नहीं दे रहे हैं और वह इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मेजबान ने कहा, आपने मेरे साथ बुरा बर्ताव किया और मैं आपको बता रहा हूं कि अब आप कार्यक्रम छोड़कर जा सकते हैं।' इसके बाद ब्रेक ले लिया गया। अख्तर ने कुछ देर बाद अन्य विशेषज्ञों से माफी मांगी और फिर घोषणा की कि वह पीटीवी स्पोर्ट्स से इस्तीफा दे रहे हैं।

## टेस्ट पदार्पण के बजाय परिवार को प्राथमिकता देंगे सीन एबट

**मेलबर्न।** सीन एबट को एशेज श्रृंखला के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है, लेकिन इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उस समय वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए अपनी पत्नी के साथ समय बिताना चाहते हैं और यदि इस कारण उन्हें टेस्ट खेलने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़े तो उन्हें खेद नहीं होगा। जेम्स पैटिनसन के अचानक संन्यास लेने के कारण एबट सहित अन्य गेंदबाजों के लिए टीम में जगह बनाने के दरवाजे खुल गए हैं क्योंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया पैट कमिन्स, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को रोटेट करने की रणनीति अपना सकता है।

एबट ने कहा कि वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए वह दिसंबर के आखिर में टीम के साथ नहीं रह पाएंगे। एबट ने आस्ट्रेलियाई मीडिया से कहा, मैं खुद पर किसी तरह का तमगा लगाकर एशेज श्रृंखला में खेलने के मौके को खतरे में नहीं डालना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे टीम में चयन के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## पाकिस्तानी गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की: विलियमसन

**शारजाह।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने पाकिस्तान के गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि डेथ ओवरों में उनका प्रदर्शन उच्च स्तर का था। पाकिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच में न्यूजीलैंड को आठ विकेट पर 134 रन ही बनाने दिए और फिर 18.4 ओवर में पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह उसकी लगातार दूसरी जीत है।

तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 22 रन देकर चार विकेट लिए जबकि स्पिनर इमाद वसीम और शादाब खान ने बीच के ओवरों में बल्लेबाजों पर अंकुश लगाकर अपना योगदान दिया। विलियमसन ने कहा, दुर्भाग्य से हम अपनी रणनीति के अनुसार नहीं खेल पाए और अगर हम विरोधी टीम पर गौर करें तो डेथ ओवरों में उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और हमें मौका नहीं दिया। उनकी गेंदबाजी उच्च स्तर की थी। हमें इस हार से कुछ सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, इस तरह के अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिलता है, लेकिन पाकिस्तान ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तथा मुश्किल विकेट पर अच्छी तरह से मैच का अंत किया।

# मार्टिन गुप्टिल के पैर के अंगूठे में चोट लगी, भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध

एजेंसी। शारजाह

**अनुभवी** सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल का भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर 12 मैच में खेलना संदिग्ध समझा जा रहा है क्योंकि टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान उनके पैर का अंगूठा चोटिल हो गया था। गुप्टिल के पैर के अंगूठे में हारिस रऊफ की गेंद लगी थी। पाकिस्तान ने मंगलवार की रात न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि मैच के बाद गुप्टिल सहज महसूस नहीं कर रहे थे जिन्होंने 20 गेंद में 17 रन बनाए थे।



स्टीड ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मैच के बाद गुप्टिल थोड़े असहज दिख रहे थे और अगले 24 से 48 घंटे निर्णायक होंगे। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि रात में उन्हें कितना आराम मिला। मैच समाप्त होने के बाद वह थोड़े परेशान दिख रहे थे और उनकी स्थिति कैसी रहती है, इसके लिए 24 से 48 घंटे लग सकते हैं। अगर भारत के खिलाफ मैच में गुप्टिल नहीं खेलते हैं तो यह न्यूजीलैंड की टीम के लिए करारा झटका होगा क्योंकि उनके तेज गेंदबाजी के अगुआ लॉकी फर्ग्यूसन पिंडली की मांसपेशियों की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड ने फर्ग्यूसन की जगह एडम मिल्ने को शामिल किया था। पाकिस्तान की टीम सुपर 12 के ग्रुप दो के शुरूआती दो मैच जीतने के बाद अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है और स्टीड का मानना है कि अगर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच टीम के लिए काफी अहम होगा। कोच ने कहा, आप देखोगे कि पाकिस्तान अब हमारे ग्रुप में शीर्ष वरीय के रूप में प्रबल दावेदार है और बाकी हम सब अगले स्थान के लिए लड़ रहे हैं जिससे भारत के खिलाफ मैच काफी अहम हो जाएगा।

**आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में**

# एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसके विराट कोहली

एजेंसी। दुबई

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली यहां चल रहे टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बावजूद बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि उनके साथी केएल राहुल को दो पायदान का नुकसान हुआ और वह आठवें नंबर पर लुढ़क गए हैं। भारत को हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को हुए सुपर 12 के मुकाबले में 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन कोहली (725 रेटिंग अंक) ने इसमें 49 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी, जबकि राहुल (684) ने तीन रन बनाए थे।

## गेंदबाजों की सूची में शीर्ष नौ में सभी स्पिनर हैं

गेंदबाजों की सूची में शीर्ष नौ में सभी स्पिनर शामिल हैं। बांग्लादेश के स्पिनर महेदी हसन लगातार कसी हुई गेंदबाजी करने से नौ पायदान का लाभ हासिल कर कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 12वें स्थान पर पहुंच गए। भारत के खिलाफ 10 विकेट की यादगार जीत में चमके पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अपने 31 रन में तीन विकेट चटकाने के प्रदर्शन से 11 पायदान का फायदा हासिल करने में कामयाब रहे, जिससे वह 12वें स्थान पर पहुंच गए। वह अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग से सिर्फ दो स्थान पीछे हैं। हारिस रऊफ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 रन देकर चार विकेट चटकाकर पाकिस्तान को लगातार दूसरी जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी और इस प्रदर्शन से उन्हें 34 पायदान का फायदा मिला, जिससे वह कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 17वें स्थान पर पहुंच गए। बांग्लादेश के स्टार शाकिब अल हसन ने आल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है।



पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। भारत के खिलाफ मैच में नाबाद 79 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को टीम की दूसरी जीत में 33 रन का योगदान देने का रिजवान को रैंकिंग में लाभ मिला। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ऐडन मार्कराम ने आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रमशः 40 और नाबाद 51 रन बनाए थे, जिससे वह अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। वह आठ पायदान की छलांग से तीसरे स्थान पर काबिज हो गए। अब वह इंग्लैंड के डेविड मलान (831) और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (820) से पीछे हैं। मार्कराम की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौ थी। अफगानिस्तान के रहमनुल्लाह गुरबाज नौ पायदान के फायदे से कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 12वें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 46 रन बनाए थे, जबकि बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम श्रीलंका के खिलाफ 52 गेंद में 62 रन बनाने के बाद 11 पायदान की छलांग से कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंच गए। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस अपनी टीम को सुपर 12 में पहुंचाने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल मुंबई के चार खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम में शामिल चार खिलाड़ियों को कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है और उनके स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है। विश्वसनीय सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर एजेंसी से कहा, सीनियर टीम के चार खिलाड़ियों का परीक्षण पॉजिटिव आया है। ये खिलाड़ी शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, प्रशांत सोलंकी और सरफराज खान हैं। यह भी पता चला है कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इन चारों के स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। सूत्रों ने कहा, हम (चारों नए खिलाड़ियों का) रैपिड आरटी-पीसीआर परीक्षण करवा रहे हैं तथा उनकी रिपोर्ट जल्द आ जाएगी, जिसके बाद ही वे टीम से जुड़ेंगे। हम टीम के अन्य सदस्यों का भी आरटी-पीसीआर परीक्षण करवा रहे हैं। मुंबई को चार नवंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए ग्रुप बी में रखा गया है और वह अपने लीग मैच गुवाहाटी में खेलेगा। उसका पहला मैच कर्नाटक से होगा।

## रोड्रिग्स और मंधाना ने डब्ल्यूबीबीएल में अर्धशतक जमाए

**होबार्ट।** जेमिमा रोड्रिग्स की तूफानी नाबाद पारी भारतीय टीम की उनकी साथी स्मृति मंधाना के अर्धशतक पर भारी पड़ गई, जिससे उनकी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में बुधवार को यहां सिडनी थंडर पर नौ रन से जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज 21 वर्षीय रोड्रिग्स ने 56 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 75 रन बनाए, जिससे मेलबर्न ने पांच विकेट पर 142 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। भारत की तरफ से पारी की शुरुआत करने वाली मंधाना ने सिडनी के लिए 44 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 64 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 133 रन ही बना पाई। इस मैच में दो अन्य भारतीयों टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्पिन आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने भी भाग लिया। इन दोनों ने एक एक विकेट लिया। हरमनप्रीत बल्लेबाजी में खास योगदान नहीं दे पाई। मेलबर्न की तरफ से खेल रही हरमनप्रीत ने केट पीटरसन की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले केवल तीन रन बनाए। उन्होंने नई गेंद संभाली और चार ओवर में 35 रन देकर मंधाना का महत्वपूर्ण विकेट लिया। दीप्ति ने चार ओवर में 23 रन देकर एक विकेट लिया और बाद में 10 गेंदों पर नाबाद 23 रन बनाए, लेकिन वह अपनी टीम सिडनी थंडर को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सकी।

## पेनल्टी शूटआउट में जीता चेल्सी, आर्सनल भी जीता

**लंदन।** चेल्सी ने सत्र में तीसरी बार पेनल्टी शूट आउट में जीत दर्ज करके लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आगे कदम बढ़ाए, जबकि आर्सनल ने आसानी से क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रीस जेम्स ने पेनल्टी पर गोल करके चेल्सी को साउथम्प्टन पर 4-3 से जीत दिलाई। इससे पहले नियमित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थी। चेल्सी की तरफ से काइ हावर्ट्ज ने गोल किया जकि चे एडम्स ने दूसरे हाफ के शुरू में साउथम्प्टन के लिए बराबरी का गोल दागा। चेल्सी ने इससे पहले एस्टन विला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर चौथे दौर में जगह बनाई थी। उसने यूएफा सुपर कप में भी विल्लारीयाल को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। प्रीमियर लीग की टीमों के बीच एक अन्य मुकाबले में आर्सनल ने लीड्स को 2-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से कैलम चैम्बर्स और एटी केटियाह ने गोल किए। तीसरे डिवीजन की टीम सुंदरलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में दूसरे डिवीजन की क्वीन्स पार्क रेंजर्स को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नियमित समय तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रही थी।

## राडुकानू यूएस ने ओपन के बाद पहली जीत दर्ज की

**क्लज नापोका ( रोमानिया )।** एम्मा राडुकानू ने ट्रांसिल्वेनिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्लोवेनिया की पोलोना हरकोग को 4-6, 7-5, 6-1 से हराया जो छह सप्ताह पहले यूएस ओपन का खिताब जीतने के बाद उनकी पहली जीत है। यही नहीं इस युवा खिलाड़ी की डब्ल्यूटीए टूर में भी यह पहली जीत है। ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट का संचालन डब्ल्यूटीए या एटीपी टूर नहीं करते हैं। इस जीत के बाद राडुकानू ने ट्विटर पर लिखा, डब्ल्यूटीए में अपनी पहली जीत दर्ज करके बहुत खुश हूं। ब्रिटेन की रहने वाली राडुकानू के पिता रोमानियाई हैं। वह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जीतने वाली पहली क्वालीफायर थी और इसके दो सप्ताह बाद वह अपने कोच एंड्रयू रिचर्डसन से अलग हो गई थी। इसके बाद वह केवल इंडियन वेल्स में खेली थी जहां उन्हें पहले दौर में हार झेलनी पड़ी थी। पहले दौर के एक अन्य मैच में रूस की वारवरा ग्रेचेवा ने जर्मनी की आंद्रिया पेटकोविच को 6-4, 2-6, 6-4 से पराजित किया।

## शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास, जेवरेव सीधे सेटों में जीते

**वियना।** स्टेफनोस सिटसिपास ने तीन सेट प्वाइंट बचाकर एरेस्टे बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 6-4 से हराया, जबकि ओलंपिक चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आगे बढ़ने में सफल रहे। जेवरेव दूसरे सेट में एक समय 2-5 से पीछे चल रहे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की ओर फिलिप क्राजिनोविच को 6-2, 7-5 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास पहले सेट के टाईब्रेकर में एक समय 6-3 से पीछे चल रहे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक बनाकर यह सेट अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में पहले मैच प्वाइंट पर ही जीत दर्ज की। यूनान के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला फ्रांसिस टिफो से होगा जिन्होंने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-4 से पराजित किया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त कास्पर रुड ने लॉयड हैरिस को 7-5, 7-6 (2) से और कैमरन नोरी ने मार्टन फुस्कोविक्स को 7-6 (4), 6-1 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने रिकार्डस बेरंकिस को 6-3, 6-2 से जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले आस्ट्रियाई डेनिस नोवाक ने इटली के क्वालीफायर जियानलुका मैगर को 7-6 (4), 7-6 (4) से पराजित किया।

## विल्लारीयाल ने कैडिज से 3-3 से ड्रा खेला

**मैड्रिड।** अर्नाट डैनजुमा के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से विल्लारीयाल ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में कैडिज के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला। डैनजुमा ने बॉक्स के अंदर से शॉट जमाकर गोल दागा और इस तरह से विल्लारीयाल को लगातार तीसरे मैच में हार से बचाया। विल्लारीयाल ने अब तक केवल दो जीत दर्ज की हैं और वह 12वें स्थान पर है। कैडिज की तरफ से एंथनी लोजानो ने हैट्रिक जमाई। कैडिज इस तरह से पिछले छह मैचों में कोई मैच नहीं जीत पाया है। कैडिज ने इस सत्र में केवल एक जीत दर्ज की है और उस पर दूसरे डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने इस्पेनयोल को 1-1 से ड्रा पर रोका जबकि अलावेस ने एल्ची को 1-0 से हराया।

## टोरिनो को हराकर मिलान तीन अंक की बढ़त से शीर्ष पर

**मिलान।** एसी मिलान को फिर से संघर्ष करना पड़ा लेकिन टोरिनो पर 1-0 की जीत से वह इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में तीन अंक की स्पष्ट बढ़त के साथ शीर्ष पर काबिज हो गया। ओलिवियर गिरोड ने खेल के 14वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया लेकिन यह मिलान को तीन अंक दिलाने के लिए पर्याप्त था। मिलान के अब 10 मैचों में 28 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर की टीम नैपोली (नौ मैचों में 25 अंक) से आगे है। नैपोली गुरुवार को बोलोग्ना से भिड़ेगा। एक अन्य मैच में सालेरनिटाना ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे वेनेजिया को 2-1 से हराया जबकि स्पेजिया व जेनोआ का मैच 1-1 से ड्रा छूटा।

## चोटिल सैफुद्दीन की जगह रूबेल बांग्लादेश की टीम में

**अबुधाबी।** तेज गेंदबाज रूबेल हुसैन को चोटिल मोहम्मद सैफुद्दीन की जगह पर टी-20 विश्वकप के बाकी बचे मैचों के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्वकप की तकनीकी समिति ने बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच से पूर्व इस बदलाव को मंजूरी दी। सैफुद्दीन पीठ दर्द के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, जिसके कारण हुसैन को उनकी जगह पर लिया गया। हुसैन ने 20 टी-20 सहित 159 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, कोविड-19 से जुड़ी पृथकवास व्यवस्था के कारण टीमों को अतिरिक्त खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने की अनुमति दी गई थी और रूबेल भी रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे।